संस्करण : नई दिल्ली, पानीपत (हरियाणा), चंडीगढ़, लखनऊ, भोपाल (मध्य प्रदेश), हल्द्वानी, नैनीताल, देहरादून (उत्तराखंड) से एक साथ प्रकाशित

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें...

# पब्लिक एशिया


खोजी पत्रकारिता का नया आयाम

@publicasia1989 @publicasiaofficial @publicasia

वर्ष : 35 | अंक : 94 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 | पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

RNI No-49329/89
website: www.publicasia.in
email:- publicasia1989@gmail.com



भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता का संकट पृष्ठ नं : 8



सोनम कपूर ने खोला अनिल कपूर की... पृष्ठ नं : 12

# 'एक तरफ देवालय बन रहे तो दूसरी तरफ...'

## पीएम बोले- ये मोदी की गारंटी है, जिससे हर देशवासी का बदल रहा जीवन



- पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं : प्रधानमंत्री
- पिछले 10 साल में भारत में दूध उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत वृद्धि हुई
- भारत के पशुपालकों के सामर्थ्य की पहचान बन चुका है अमूल

अहमदाबाद/, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकारें ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जरूरतों को टुकड़ों में देखती थीं। हम गांव के हर पहलू को प्राथमिकता देते हुए काम को आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री गुरुवार को अहमदाबाद में गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का जोर अन्नदाता किसानों को ऊजार्दाता बनाने के साथ ही उर्वरकदाता बनाने पर भी है। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस छोटे किसान का जीवन बेहतर करने, पशुपालन का दायरा बढ़ाने, पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर करने, गांव में पशुपालन के साथ ही मछलीपालन और मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है। महात्मा गांधी के कथन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। विकसित भारत के निर्माण के लिए भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्त होना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि हमने पहली बार पशुपालकों और मछली पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी है। किसानों को ऐसे आधुनिक बीज दिए हैं, जो जलवायु परिवर्तन का मुकाबला कर सकें। भाजपा सरकार राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसे अभियानों के माध्यम से दुधारू पशुओं की नस्ल सुधारने का भी काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम किसान कल्याण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सरकार ने देश भर में 60,000 से अधिक अमृत सरोवर बनाए हैं। इसी पहल से न सिर्फ किसानों को फायदा होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। हमारा लक्ष्य देश के छोटे किसानों तक भी आधुनिक तकनीक और उसकी जानकारी पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन को स्वर्ण जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुजरात के गांवों ने मिलकर 50 वर्ष पहले जो पौधा लगाया था वो आज विशाल वटवृक्ष बन गया है।

### प्रधानमंत्री ने महेसाणा के मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की

- कहा- कांग्रेस ने तो भगवान राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठा दिए थे
- महेसाणा के वालीनाथ महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए पीएम मोदी।



अहमदाबाद, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात दौरे पर हैं। अहमदाबाद में अमूल फेडरेशन के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने अमूल डेयरी की 50 साल की यात्रा पर बनी डॉक्यूमेंट्री देखी और डेयरी के ऑटोमेटिक प्लांट का उद्घाटन किया। इसके बाद महेसाणा के लिए रवाना हो गए।

**कांग्रेस ने धार्मिक स्थलों के विकास में रुकावटें डाली :** पीएम दोपहर करीब 1 बजे महेसाणा के वालीनाथ महादेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना के बाद मंदिर में शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की। अपने संबोधन में कहा, पिछले दो दशकों में विकास के साथ-साथ विरासत की भव्यता पर भी काम हुआ है। दुर्भाग्य से भारत में विरासत के क्षेत्र में विकास रुक गया था। इस कांग्रेस सरकार ने धार्मिक स्थलों पर सवाल उठाए। यह कांग्रेस ही है, जिसने सोमनाथ और पावागढ़ मंदिरों के विकास कार्यों में रुकावट पैदा की। अब जब अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो गया है तो भी उन्होंने नकारात्मक रवैया दिखाया। इन लोगों ने तो भगवान राम के अस्तित्व तक पर सवाल उठाए। कांग्रेस ने विकास और विरासत के बीच टकराव पैदा किया, लेकिन हम अपने देश की भव्य विरासत पर भी काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

## मौसम

### दिल्ली/एनसीआर

| अधिकतम ता. | न्यूनतम ता. |
|---|---|
| 17.0°C | 08.0°C |

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली में स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी' लॉन्च की



नई दिल्ली। स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने नए राजनीतिक दल राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी लॉन्च कर दी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी की घोषणा की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों ने एक साथ दलितों और पिछड़ों के लिए आवाज उठाने का प्रण लिया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने तीन दिन पहले समाजवादी पार्टी पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए पार्टी सदस्यता और एमएलसी पद से त्यागपत्र दे दिया था। उनके इस कदम को लोकसभा चुनावों से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीति के जानकारों के अनुसार, स्वामी के इस कदम से राजनीतिक तौर पर सबसे ज्यादा नुकसान समाजवादी पार्टी को ही होगा।

### विदेश मंत्री जयशंकर जापान, दक्षिण कोरिया की चार दिवसीय यात्रा करेंगे

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर चार मार्च से दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा की शुरूआत करेंगे तथा इस दौरान हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चुनौतियों समेत अहम द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर अपने वाताकारों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की भारत के दो प्रमुख साझेदारों कोरिया गणराज्य व जापान की यात्रा द्विपक्षीय आदान-प्रदान को और गति प्रदान करेगी तथा भविष्य के सहयोग के लिए एजेंडा तय करेगी। जयशंकर दो दिवसीय यात्रा पर पहले सियोल जाएंगे जहां वह कोरिया के अपने समकक्ष चो ताइ-युल के साथ 10वीं भारत-दक्षिण कोरिया संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) की सह-अध्यक्षता करेंगे।

### राजस्थान के नागौर में बड़ा सड़क हादसा

- ड्राइवर को आया हार्ट अटैक ; बेकाबू गाड़ी ने 5 लोगों को कुचला

नागौर, एजेंसी। राजस्थान के नागौर स्थित डेगाना के सदर बाजार में बड़ा सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक गाड़ी चालक को हार्ट आने से गाड़ी कई लोगों पर चढ़ गई। दरअसल, सड़क पर लोग शोभायात्रा निकाल रहे थे, तभी बोलेरो गाड़ी चला रहे व्यक्ति को हार्ट अटैक आ गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर लोगों पर चढ़ गई। इस हादसे में 5 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है। तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर रैफर किया गया है। वहीं, इलाज के दौरान चालक इशाक की मौत हो गई है।

### केजरीवाल को ईडी के 7वें समन पर भड़की आप

- जब खुद ही कोर्ट गई है (ईडी) तो क्यों नहीं कर रही इंतजार...



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सातवां समन भेज दिया है। इसके तहत मुख्यमंत्री को सोमवार को ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश होना है। केजरीवाल को सातवां समन मिलने के बाद से आम आदमी पार्टी भड़की हुई है। पार्टी ने इसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की जिसमें आतिशी शामिल रहीं। आतिशी ने प्रेस वार्ता में कहा, आज ईडी ने फिर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 26 फरवरी के लिए सातवां समन भेजा है। जब यह मामला कोर्ट में चल रहा है और ईडी खुद ही कोर्ट गई है तो वो इंतजार क्यों नहीं कर रही ? जांच एजेंसी बीच में भी समन क्यों भेज रही है ?

## हरियाणा की चंडीगढ़ बीजेपी-जेजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव

- पूर्व CM हुड्डा ने पेश किया, टाइमिंग को लेकर स्पीकर से भिड़े, MLA कुंडू कांग्रेस के साथ नहीं

हरियाणा, एजेंसी। हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र (2024) की तीसरे दिन की कार्यवाही को प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। लंच के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव मूव किया। स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 2 घंटे का समय तय किया। इस पर स्पीकर से विधायकों की बहस भी हुई। महम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडू ने कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव से किनारा कर लिया। कुंडू ने कहा, कांग्रेस अपनी फजीहत खुद करा रही है। मैं इस फजीहत का हिस्सा नहीं बनूंगा। मैं किसी के पक्ष में वोट नहीं दूंगा। अविश्वास प्रस्ताव के टाइम को लेकर स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता और पूर्व उट भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बीच बहस हुई। स्पीकर ने विपक्षी विधायकों से कहा कि अभी 51 मिनट हो चुके हैं। इस पर पूर्व उट ने कहा कि हमें बोलने के लिए 2 घंटे मिले हैं। स्पीकर ने कहा कि एक घंटा आपका है और एक घंटा सत्ता पक्ष का है। कुल मिलाकर दो घंटे दिए हैं। पूर्व उट ने कहा कि हमें गलतफहमी हो गई है, इसलिए हमें 2 घंटे दिए जाएं। स्पीकर ने उनके अनुरोध पर बोलने के लिए 3 घंटे का टाइम फिक्स किया गया।



## युवक की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली मार्च रोका

- पंधेर ने तस्वीर जारी कर कहा- पुलिस ने सीधी फायरिंग की, किसानों ने दिल्ली-जम्मू हाईवे जाम किया



अंबाला, एजेंसी। पंजाब के लुधियाना में जम्मू दिल्ली नेशनल हाईवे पर युवा किसान शुभकरण की फोटो लेकर नारेबाजी करते किसान। हरियाणा के सोनीपत में हाईवे पर बैठे किसान। खनौरी बॉर्डर पर बुधवार को युवक की मौत के बाद किसानों ने दिल्ली मार्च फिलहाल रोक दिया है। किसान मजदूर मोर्चा (ङटट) कोऑर्डिनेटर सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि 2 दिन हम रणनीति बनाएंगे। 23 फरवरी को अगला फैसला लिया जाएगा। आंदोलन के 10वें दिन शंभू और खनौरी बॉर्डर पर हालात सामान्य हैं। खनौरी बॉर्डर पर बुधवार यानी 21 फरवरी को किसानों और पुलिस बीच टकराव हुआ था। यहां युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई थी। आज किसानों ने शुभकरण की फोटो लेकर नारेबाजी की। सरवण पंधेर ने आज एक तस्वीर जारी की, जिसमें पुलिस फायरिंग करती नजर आ रही है। सरवण ने कहा कि ये तस्वीर दिखाती है कि सीधी फायरिंग की गई है। शुभकरण की मौत के बाद भारतीय किसान यूनियन (कादियां) ने जालंधर-लुधियाना की सीमा पर फिल्लौर में जम्मू-दिल्ली नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। हरियाणा में भारतीय किसान यूनियन (BKU चढ़ूनी) ने भी विभिन्न जिलों में रोड जाम कर दी है।

## जम्मू-कश्मीर के पूर्व गवर्नर मलिक के घर सीबीआई रेड

- कीरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में 300 करोड़ की रिश्वत का मामला, 30 ठिकानों पर छापे
- सत्यपाल मलिक पुलवामा हमले के समय जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल थे।

नई दिल्ली, एजेंसी। सीबीआई ने पूर्व गवर्नर सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा। साथ ही दिल्ली में 29 अन्य ठिकानों पर भी रेड की है। ये कार्रवाई कीरू हाइड्रोलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में करप्शन को लेकर की गई। सत्यपाल मलिक ने गवर्नर रहने के दौरान दावा किया था कि हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की 2 फाइलें क्लियर करने के लिए उन्हें 300 करोड़ की रिश्वत की पेशकश की गई थी।




इससे पहले कीरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट को लेकर 6 जुलाई 2022 में भी देशभर में 16 जगहों पर छापेमारी की गई थी। गुरुवार को रेड के बाद मलिक ने पर पोस्ट किया और कहा कि किसान का बेटा हूं, छापों से नहीं घबराऊंगा।

**मलिक ने 2021 में लगाया था भ्रष्टाचार का आरोप**

सत्यपाल मलिक ने 17 अक्टूबर 2021 को राजस्थान के झुंझुनू में एक कार्यक्रम में कहा था कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का राज्यपाल रहते करोड़ों की रिश्वत ऑफर हुई थी। उस दौरान उनके पास दो फाइलें आई थीं। इनमें एक बड़े उद्योगपति और दूसरी महबूबा मुफ्ती और भाजपा की गठबंधन सरकार में मंत्री रहे एक व्यक्ति की थी।

## भाजपा सरकार ने 'आर्थिक आतंकवाद' शुरू किया, हमारे खातों पर डाका डाला गया : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आर्थिक आतंकवाद शुरू करने का आरोप लगाया और दावा किया कि उसके खातों से 65 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डाका डालकर निकाल ली गई ताकि लोकसभा चुनाव से पहले उसे आर्थिक रूप से अपंग बनाया जा सके। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को तानाशाही राज में बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को आर्थिक रूप से अपंग बनाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ह्ययह कांग्रेस की आर्थिक रूप से हत्या करने का प्रयास नहीं



है, बल्कि लोकतंत्र की हत्या है। रमेश ने दावा किया कि इस कर आतंकवादी हमले के जरिये यह प्रयास हो रहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव मजबूती से नहीं लड़ सके।

## अगले 10 वर्षों में भारत की वृद्धि दर 6 से 8 प्रतिशत रहने का भरोसा: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को विश्वास जताया कि भारत अगले 10 वर्षों में लगातार छह से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से बढ़ना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू तथा वैश्विक बाजारों का लाभ उठाने के लिए वैश्विक कंपनियों को देश में आमंत्रित किया जा रहा है। रेल, संचार एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने रायसीना डायलॉग 2024 में कहा कि भारत दुनिया और नए विचारों के लिए खुला है। उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी दर से लगातार बढ़ रही है। अगले 10 वर्षों में भारत लगातार छह से आठ प्रतिशत




की वृद्धि दर से बढ़ता रहेगाह्न मैं बेहद विश्वास के साथ यह कह सकता हूं। वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार द्वारा लाई गई विभिन्न विकास पहलों को रेखांकित करते हुए कहा कि इसके लिए आधारशिलाएं पहले से ही मौजूद हैं और अब परिणाम दिखाई दे रहे हैं। मंत्री ने कहा कि अगले पांच साल भारत के 2047 तक एक विकसित देश बनने की नींव रखेंगे। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में अन्य प्राथमिकताओं के अलावा विनिर्माण के पूर्ण स्पेक्ट्रम, शिक्षा के माध्यम से उत्थान तथा स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के समावेश पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**सुनवाई** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली पर कहा- भाजपा ने देश को पाकिस्तान बना दिया

# ऐसा लगा सुप्रीम कोर्ट में भगवान कृष्ण हैं: केजरीवाल

### दिल्ली विधानसभा में फिलहाल बजट सत्र चल रहा है। यह सत्र 1 मार्च तक चलेगा।

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली को लेकर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 20 फरवरी को AAP-कांग्रेस के कैंडिडेट कुलदीप कुमार को चंडीगढ़ का मेयर घोषित किया था। इसे लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार (21 फरवरी) को विधानसभा में कहा- ऐसा लग रहा था जैसे सुप्रीम कोर्ट में भगवान कृष्ण मौजूद हैं और वे चीफ जस्टिस के जरिए फैसला सुना रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह भगवान कृष्ण ही थे जिन्होंने भाजपा का असली चेहरा सबके सामने लाया। उन्होंने दावा किया कि चंडीगढ़



मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला देश में बढ़ती तानाशाही के लिए एक कड़ा संदेश है। केजरीवाल ने कहा- चंडीगढ़ में जैसी धांधली हुई है, वैसी ही पाकिस्तान में भी हुई थी। भाजपा ने हमारे देश को पाकिस्तान बना दिया है। इसके अलावा उन्होंने भगवद्गीता का जिक्र करते हुए कहा- राम, कृष्ण, शिव-पार्वती सभी भगवानों के भक्त हमारे देश के साथ हैं। भाजपा का अधर्म जल्द ही खत्म होगा और देश में धर्म कायम होगा। उधर, दिल्ली भाजपा चीफ वीरेंद्र सचदेवा ने कहा- केजरीवाल को अब शराब नीति केस में जेल जाने का डर सताने लगा है। केजरीवाल ने जब भगवत गीता का जिक्र किया तो हम सब चौंक गए। गीता में कृष्ण समझाते हैं कि लोग जैसा करते हैं, उन्हें वो ही भोगना पड़ता है। मैं चाहता था कि वे इसका भी जिक्र करते। कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था- लोकतंत्र को बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला महत्वपूर्ण है। I.N.D.I.A की यह पहली जीत है।

### क्या है पूरा मामला?



दरअसल, चंडीगढ़ में 30 जनवरी को मेयर का चुनाव हुआ था। इसमें पहली बार I.N.D.I.A. के तहत AAP और कांग्रेस ने मिलकर चुनाव लड़ा था। जिसमें एक सांसद और 35 पार्षदों ने वोटिंग की। वोटिंग के बाद चुनाव अधिकारी अनिल मसीह ने रिजल्ट की घोषणा की। इसमें भाजपा के कैंडिडेट मनोज सोनकर को 16 वोट मिले थे। जिनमें 14 बीजेपी के पार्षद, एक चंडीगढ़ से बीजेपी की सांसद किरण खेर और एक वोट अकाली दल का शामिल था। वहीं आम आदमी पार्टी के 13 पार्षद और कांग्रेस के 7 पार्षदों ने वोटिंग की थी। मगर गठबंधन के उम्मीदवार कुलदीप को सिर्फ 12 ही वोट मिले। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह ने गठबंधन कैंडिडेट के 8 वोट इनवैलिड करार दे दिए थे। इस पर अअढ और कांग्रेस ने आरोप लगाया की मसीह ने इन वोटों पर निशान लगाकर इनवैलिड किया है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को नोटिस दिया। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में डाले गए वोटों की दोबारा गिनती की जाए। अनिल मसीह ने जिन 8 बैलट्स पर निशान लगाए थे, उन सभी को वैध माना जाए। सभी बैलट्स की गितनी के आधार पर जीतने वाले कैंडिडेट का फैसला हो। इसके बाद अअढ-कांग्रेस के कैंडिडेट कुलदीप कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने मेयर घोषित किया था।

पब्लिक एशिया
नई दिल्ली, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024

अंत भला तो सब भला... गठबंधन होगा ह्य सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा, कोई विवाद नहीं है, जल्दी ही इसका ऐलान होगा। वहीं, समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा में जाने वाले नेताओं पर उन्होंने कहा कि वह सभी पार्टी में वापस आएंगे। अगर नहीं आए तो उनके खिलाफ वाले सपा में आएंगे।-**समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव**





प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से विकास की गति तिगुनी हो गई है। विकसित भारत का सपना 2047 से पहले ही बहुत जल्दी साकार होगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पित है। उप मुख्यमंत्री राजकीय सावित्री बाई फुले छात्रावास, गांधीनगर, जयपुर में मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी वितरण समारोह में बोल रही थीं।

**- उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी**



कांग्रेस सरकार के समय कोयले की खरीदी में हुए घालमेल की जांच होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे राजनीतिक दलों के नेता प्रधानमंत्री की नीति से प्रभावित होकर हमारी पार्टी के साथ भागीदार बनना चाहते हैं तो हम उनका स्वागत करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 15 वर्षों में देश में एक उत्साह का माहौल बनाया है।

**-ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर**



कोंडागांव में क्लस्टर स्तरीय बैठक की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा ली जाने वाली बैठक में तीनों लोकसभा क्षेत्र से लगभग 300 से ज्यादा नेता शामिल होंगे। अमित शाह 22 फरवरी को सुबह 11 बजे कोंडागांव पहुंचेंगे और यह बैठक करीब 03 घंटे तक चलेगी। जिसके बाद गृहमंत्री अमित शाह जांजगीर में भी आयोजित क्लस्टर बैठक में शामिल होने के लिए रवाना होंगे।

**-जगदलपुर के विधायक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव**

# नए युग, नये कालचक्र व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण के खोखले दावे और 'सुप्रीम हंटर'

**गोया भाजपा की ह्यकुटिल कथित चाणक्य नीति ह्य और उस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों व निर्देशों से यह साफ हो गया कि जिस नए युग की बात की जा रही है, जिसे कालचक्र का परिवर्तन बताया जा रहा है और जिस राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की बातें की जा रही है वह दरअसल लोकतंत्र की 'हत्याऔर मजाक' का काला दौर है। मात्र सत्ता पर काबिज होने के लिये जिसतरह के छल प्रपंच रचे जा रहे हैं वह स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला दौर है।**



बिग न्यूज

**-निर्मल रानी-**
(स्वतंत्र लेखक)

इ भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या के लाख प्रयासों के बावजूद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर ही दिया है। सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो प्रवचन दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे-ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं। आदि आदि जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त प्रवचन देकर राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायलय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके चाणक्यों को आइना दिखा रहा था।

गौरतलब है कि भाजपा की चुनाव टालने की तमाम कोशिशों के बावजूद गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ था। चंडीगढ़ नगर निगम में पार्षदों की कुल 35 सीटें हैं। एक वोट स्थानीय लोकसभा सदस्य का भी गिना जाता है। इस तरह बीजेपी के 14 पार्षद, एक भाजपा सांसद (किरण खेर) और शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद को मिलाकर कुल 16 वोट ही होते हैं। जबकि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं। अर्थात इंडिया गठबंधन के पास कुल 20 मतों के संख्या बल के आधार पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया गठबंधन के बीजेपी से पहले मुकाबले की तरह देख रही थी तथा इंडिया गठबंधन की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थी। परन्तु इन संभावनाओं के विपरीत आये चुनाव परिणामों से पूरा देश हैरान रह गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आये वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किये गये या कुछ लिखा गया। और बाद में पीठासीन अधिकारी ने निशान लगाये गये उन्हीं आठ मतों को आमान्य करार दे दिया। और 14 पार्षद वाली भाजपा के मेयर को विजयी घोषित कर दिया। जिन आठ वोटों को अमान्य करार दिया गया उसका कारण भी नहीं बताया गया। बीजेपी चंडीगढ़ मेयर चुनाव को इतना अहम समझ रही थी कि पार्टी के एक महासचिव चुनाव से कई दिनों पूर्व से ही इन चुनावों की रणनीति के लिए चंडीगढ़ में ठहरे हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस धांधलीपूर्ण जीत के बाद कहा था कि बीजेपी की चंडीगढ़ यूनिट को मेयर चुनाव जीतने के लिए बधाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ में रिकॉर्ड विकास हुआ है।

बहरहाल नए युग की शुरूआत, कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे देशवासियों को आये दिन दिए जा रहे लॉली पॉपके बीच कांग्रेस व आप नेताओं द्वारा ह्यप्रिसाइडिंग ऑफि सर पर देशद्रोह करने के आरोप लगाये गये व उसे गिरफ़्तार करने व मुकदमा चलाने की मांग की गयी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उसके बाद इस प्रकरण में आई माननीय चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड की टिप्पणी नए युग की शुरूआत करने व कालचक्र बदलने का दावा करने वालों के लिये सबक लेने वाली हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा,यह लोकतंत्र का मजाक है. जो हुआ, हम उससे हैरान हैं. हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव करवाने वाले पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को भी उनकी संदिग्ध कारगुजारियों के लिये कड़ी फटकार लगाई। वीडियो देखने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने पीठासीन अधिकारी के बारे में कहा, ये साफ है कि मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ हुई है. क्या इस तरह से चुनाव करवाए जाते हैं ? इस आदमी (पीठासीन अधिकारी ) पर मुकदमा चलना चाहिए। ये कैमरे की ओर क्यों देख रहे हैं और फिर किसी भगोड़े की तरह भाग क्यों रहे हैं ?पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए ? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। अदालत ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र की हत्याऔर मजाक बताया था। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है.उसी समय सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में धांधली मामले में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम को भी नोटिस जारी किया था।

इसी बीच गत 19 फरवरी को जिस समय प्रधानमंत्री नए युग की शुरूआत व कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे दावे जनता के समक्ष कर रहे थे उसी समय माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक बार फिर चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर अहम आदेश दिया गया। अदालत ने चुनाव के पीठासीन अधिकारी रहे अनिल मसीह से कई सख़्त सवाल पूछे। इधर भाजपा ने हॉर्स ट्रेडिंग अंजाम देते हुए इस विवादित मेयर चुनाव के बाद आप के कुछ पार्षदों को अपने पाले में ले कर पुनः मेयर चुनाव की मांग की गयी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए पिछले मतपत्रों की ही गिनती दुबारा किये जाने के निर्देश दिये।

# टिकट की खिड़की तलाशते दावेदार

» -देवदत्त दुबे-

लोकतंत्र

**दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में पूरी पार्टी ही कमलनाथ मैं उलझ गई और भले ही कमलनाथ वर्चुअल रूप से प्रदेश कांग्रेस की बैठक में जुड़े हो लेकिन छिंदवाड़ा जिले के सात कांग्रेसी विधायक बैठक में नहीं आने से अभी भी पूरी तरह से पिक्चर स्पष्ट नहीं हो पा रही और जब तक कांग्रेस पार्टी में प्रत्याशियों को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाएगा वैसे भी पार्टी में इस बार टिकट के लिए मारामारी नहीं है बल्कि कहीं-कहीं तो टिकट का ऑफर दिया जा रहा है। कुल मिलाकर 2024 का लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों पर काम पार्टी के चुनाव चिन्ह पर ज्यादा लड़ा जाएगा**

संभावनाएं जताई जा रही है की मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो जाएगी और इसके पहले उम्मीदवार लगभग तय कर लिए जाएंगे ऐसे में प्रमुख दलों से टिकट के दावेदार इधर-उधर भटक रहे हैं लेकिन उनको वह खिड़की समझ में नहीं आ रही जहां से लोकसभा का कंफर्म टिकट मिलेगा। दरअसल राजनीति में अब इतनी घुमावदार हो गई है की आसानी से समझ में नहीं आती पहले एक पैटर्न हुआ करता था चाहे टिकट वितरण का हो या चाहे पार्टी में नेताओं को जवाबदारी देने का हो लेकिन अब कोई पैटर्न नहीं है जिस तरह से विधानसभा चुनाव की टिकट वितरण हुए मंत्रिमंडल और मुख्यमंत्री का चयन हुआ और हाल ही में राज्यसभा के प्रत्याशी घोषित हुए उससे अब लोकसभा के टिकट की कहानी और भी उलझी हुई नजर आने लगी है किसी को कुछ भी समझ में नहीं आ रहा कि आखिर किस आधार पर किस मापदंड पर टिकट बांटे जाएंगे इसके बावजूद दावेदार अपना बायोडाटा लिए पार्टी दफ्तर में और नेताओं के निवास पर चक्कर काट रहे हैं। बहरहाल दिल्ली में चले दो दिन भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जिस तरह से नेताओं को आपसी मतभेद बुलाकर कमल को चुनाव जीतने के लिए 100 दिन कड़ी मेहनत करने के लिए कहा गया है उससे यह भी ध्वनि निकल रही है की प्रत्याशी अप्रत्याशित ही नजर आएंगे यह भी इशारों में कहा गया है की नए चेहरों को मैदान में उतर जाएगा यही कारण है की प्रदेश में लगभग एक दर्जन सांसद अपने टिकट को लेकर संशय में है वही दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है लेकिन टिकट को लेकर निश्चित कोई नहीं है। वहीं दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस में पूरी पार्टी ही कमलनाथ मैं उलझ गई और भले ही कमलनाथ वर्चुअल रूप से प्रदेश कांग्रेस की बैठक में जुड़े हो लेकिन छिंदवाड़ा जिले के सात कांग्रेसी विधायक बैठक में नहीं आने से अभी भी पूरी तरह से पिक्चर स्पष्ट नहीं हो पा रही और जब तक कांग्रेस पार्टी में प्रत्याशियों को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाएगा वैसे भी पार्टी में इस बार टिकट के लिए मारामारी नहीं है बल्कि कहीं-कहीं तो टिकट का ऑफर दिया जा रहा है। कुल मिलाकर 2024 का लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों पर काम पार्टी के चुनाव चिन्ह पर ज्यादा लड़ा जाएगा एक तरफ भाजपा जहां बदले हुए पैटर्न की राजनीति कर रही है शायद इसी कारण टिकट के दावेदारों को रास्ता नहीं सूझ रहा कि आखिर कहां से टिकट हासिल करें वहीं कांग्रेस में टिकट से ज्यादा जीत की संभावना को तलाशा जा रहा है जिसे कमलनाथ एपिसोड में और भी उलझा दिया है जाहिर है दोनों दलों की जिस तरह की राजनीतिक परिस्थितियों है उसमें कौन सी सीट से कौन लड़ेगा यह टिकट घोषित होने के बाद ही पता चल पाएगा।

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ

**राजस्थान में कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेता व कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मालवीय राजस्थान के बांगड़ क्षेत्र में बड़े कद के राजनेता है और कई बार मंत्री, विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख रह चुके हैं। इससे पूर्व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गये थे। कई अन्य नेता भी कतार में हैं। कांग्रेस के ऐसे बड़े जनाधार वाले नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस बात पर भी चिंतन मनन करना चाहिए। राजनीति के जानकारो का कहना है कि मौजूदा समय में कांग्रेस के बड़े जन आधार वाले नेता हाशिये पर डाल दिए गए हैं। ऐसे कागजी नेताओं को जिन्होने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा उन्हे अग्रीम मोर्चे पर लगा दिया गया है। बिना जनाधार वाले नेता ही जुगाड़ कर राज्यसभा में पहुंच जाते हैं। उसी का नतीजा है कि कांग्रेस के जन आधार वाले नेता दूसरे दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशने लगे हैं। कांग्रेस आलाकमान को जनाधार वाले नेताओं को आगे लाना होगा तभी पार्टी अपना खोया जनाधार फिर से हासिल कर पाएगी।**



**-रमेश सर्राफ धमोरा-**
(स्वतंत्र लेखक)

घोषणा

म ध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं।

भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए।

कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे।

हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो।

कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटिया बिठाने में जुट गया है।

आज कमलनाथ की स्थिति न घर की न घाट की वाली बन गई है। भाजपा आलाकमान भी नहीं चाहता है कि महज एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए कमलनाथ को पार्टी में लाकर प्रदेश में एक नया गुट खड़ा करें। इसीलिए अंतिम समय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ कि भाजपा एंट्री को रोक कर उन्हें ऐसा झटका दिया है जिससे वह है शायद ही कभी उबर पाए।

# केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिए

» **-कल्याणी शंकर-**


चुनाव

भ विष्य में चुनावों में धन के प्रभाव को रोकने के लिए, हमें दान, खर्च सीमा, सार्वजनिक धन और प्रकटीकरण के लिए नियमों की आवश्यकता है। सरकार चुनाव सुधार के विकल्प तलाश रही है। हमारे पास कई रिपोर्टें हैं जो हमें बेहतर निर्णय लेने में मदद कर सकती हैं, इसलिए हमें उन्हें फिर से देखने की जरूरत है। हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे। भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं। ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था। तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी। पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया। इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि चुनावी बांड नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, ह्यमतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है। ह्य सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक को इन बांडों को जारी करने से रोकने और भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया है। यह फैसला पांच जजों के समूह ने दिया। न्यायाधीशों ने जांच की कि क्या चुनावी बांड योजना ने संवैधानिक नियमों को तोड़ा है, मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने से रोका है, दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए गुप्त दान की अनुमति दी है, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डाला है ? पहले, राजनीतिक दलों को 20,000 रुपये से अधिक का योगदान देने वाले दानदाताओं की पहचान का खुलासा करना आवश्यक था। हालांकि, चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दानदाताओं की पहचान उजागर किये बिना प्राप्त धन की रिपोर्ट करने की अनुमति देते हैं। इन बॉन्ड्स की रेंज 1,000 से 10 करोड़ रुपये तक होती है। लोगों को जानना चाहिए कि राजनीतिक फंडिंग पारदर्शी है या नहीं। मुख्य आलोचनाओं में से एक यह है कि इन बांडों को खरीदते समय यह पता लगाना कठिन है कि पैसा कहां से आता है, जिससे धन के स्रोत की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। 2017 से 2022 तक के एडीआर आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान निगमों द्वारा दान की गई कुल राशि 3,299.85 करोड़ रुपये थी। इस रकम का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को 406.45 करोड़ रुपये, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 109.5 करोड़ रुपये और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को 49.7 करोड़ रुपये मिले। एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजनीतिक योगदान के बारे में जानकारी छिपाना अनुचित है। करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है।

पब्लिक एशिया : पत्र पंजीकरण संख्या : 49329/1989, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश वत्स ने पब्लिक एशिया E-33, सेक्टर-7 नोएडा, गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित कराया व 302, ||| फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली 96 से प्रकाशित किया है। संपादकीय कार्यालय : 302 ||| फ्लोर नेशनल आर्केट बिल्डिंग एल.एस.सी. गाजीपुर दिल्ली-96। मुख्य कार्यालय पब्लिक एशिया हाउस 686 जी, न्याय खंड-2, इन्द्रापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.), Mob. 9891945513, Web-www.publicasia.in, E-mail ID: publicasia1989@gmail.com

# मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 91वीं ट्रेन द्वारकाधीश रवाना, सीएम केजरीवाल ने तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर सौंपे टिकट

- अपने आप को मैं दिल्ली का बेटा मानता हूं, इसलिए सबका ख्याल रखना और अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने की जिम्मेदारी मेरी है- अरविंद केजरीवाल
- कुछ लोग गरीबी के कारण नहीं जा पाते हैं, दिल्ली सरकार की यह योजना लोगों को तीर्थयात्रा पर जाने का एक मौका देती है- अरविंद केजरीवाल
- आज सभी लोग द्वारिकाधीश की यात्रा पर जा रहे हैं, जिसमें 70 से 80 फीसदी महिलाएं हैं- अरविंद केजरीवाल
- कुछ दिन पहले मुझे सपरिवार अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, वहां श्री रामलला का दर्शन कर बहुत अच्छा लगा- अरविंद केजरीवाल
- तीर्थ यात्रा के दौरान किसी का एक भी पैसा ख़र्च नहीं होगा, सरकार ने आपके खाने-पीने का इंतज़ाम किया गया है- अरविंद केजरीवाल
- बुजुर्ग माताओं ने जब मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देने के लिए उनके सिर पर हाथ रखा तो उनकी आंखों में आंसू थे- सौरभ भारद्वाज
- मुख्यमंत्री जिस तरह अपने माता-पिता का ख़ास ध्यान रखते हैं, वैसे ही दिल्ली के बुजुर्गों में भी अपने माता-पिता देखते हैं- सौरभ भारद्वाज
- जब मुख्यमंत्री को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता मिला, तब उन्होंने अपने माता-पिता के साथ ही दर्शन करने की बात कही- सौरभ भारद्वाज
- द्वारकाधीश रवाना होने से पहले तीर्थयात्रियों ने त्यागराज स्टेडियम में आयोजित भजन संध्या का लिया आनंद







**नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुधवार को 91वीं ट्रेन 780 तीर्थयात्रियों को लेकर द्वारकाधीश के लिए रवाना हुई। इससे पहले त्यागराज स्टेडियम में तीर्थयात्रियों के लिए भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहां पहुंच कर सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनसे मुलाकात की और यात्रा टिकट सौंपा। इस दौरान सीएम ने कहा कि दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा परिवार हैं और मैं अपने आपको दिल्ली का बेटा मानता हूं। इसलिए सबका ख्याल रखना और अपने बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने की जिम्मेदारी मेरी है। उन्होंने कहा, हर बुजुर्ग तीर्थयात्रा पर जाना चाहता है, लेकिन कुछ लोग गरीबी के कारण नहीं जा पाते हैं। दिल्ली सरकार की यह योजना लोगों को तीर्थयात्रा पर जाने का एक मौका देती है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले मुझे भी सपरिवार अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और वहां श्री रामलला का दर्शन कर बहुत अच्छा लगा।

द्वारकाधीश के लिए ट्रेन रवाना होने से पहले तीर्थयात्रियों के लिए त्यागराज स्टेडियम में भजन संध्या का आयोजन किया गया। सीएम अरविंद केजरीवाल और कला एवं संस्कृति मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ सभी तीर्थयात्रियों से मुलकात की। इस दौरान सबसे वरिष्ठ तीर्थयात्री निर्मला ने सीएम अरविंद केजरीवाल का स्वागत किया और सीएम ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने वरिष्ठ तीर्थयात्री संतोष रानी को यात्रा टिकट का प्रतिरूप भेंट कर सभी के सुखद व सफल यात्रा की कामना की। इसके उपरांत भजन प्रस्तुत किया गया, जिसका सभी तीर्थयात्रियों ने आनंद लिया।

इस अवसर पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अभी 10-15 दिन पहले मुझे सपरिवार अयोध्या जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और श्री रामलला का दर्शन कर बहुत अच्छा लगा। मैं अयोध्या से सभी दिल्लीवासियों और देशवासियों के लिए आशीर्वाद लेकर आया। मुझे वहां दर्शन करके काफी अच्छा लगा। मेरे साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान अपनी धर्मपत्नी और माताजी भी रामलला के दर्शन करने गए थे। एक मेरे वो परिवार है, जिसमें मेरे माता पिता, पत्नी और मेरे बच्चे हैं और दूसरा दिल्ली के दो करोड़ लोग मेरा बड़ा परिवार हैं। इन दो करोड़ लोगों ने मुझे जो प्यार दिया है, इसका ऋण में सात जन्म में भी नहीं चुका सकता हूं। मैं एक बहुत छोटा और मामूली सा आदमी हुआ करता था। आपने इस छोटे से आदमी को पूरी दिल्ली की जिम्मेदारी दे दी और दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। आपको मैं अपने परिवार से भी ज्यादा मानता हूं।

सीएम ने कहा कि श्रवण कुमार ने अपने माता पिता को तीर्थयात्रा कराई थी। ये कहानी हम सब लोग जानते हैं। जैसे मैं अपने माता-पिता को अभी अयोध्या जी के दर्शन कराकर लाया हूं, और भी उन्हें कई जगह दर्शन के लिए लेकर जा चुका हूं। वैसे ही मैं अपने आपको आपका बेटा मानता हूं और आपका बेटा होने के नाते मेरी जिम्मेदारी है कि मैं आपका खयाल रखू, आपको खुश रखूं, आपको किसी तरह की तकलीफ नहीं होने दूं और आपको तीर्थयात्रा कराके लाऊं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आपमे से कुछ लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने पहले भी तीर्थयात्रा की होगी, लेकिन इनमें से बहुत लोग ऐसे होंगे जिसने पास संसाधन की कमी है, कुछ लोगों पर पारिवारिक जिम्मेदारियां हैं। अलग-अलग कारण से लोगों को तीर्थयात्रा पर जाने का मौका नहीं मिला। बहुत सारे लोग पहली बार तीर्थ तात्रा के लिए जा रहे हैं। इस तीर्थयात्रा में 70 से 80 फीसदी महिलाएं होती हैं। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि पुरुष काम धंधे के चक्कर में इधर-उधर घूम आते हैं लेकिन महिलाएं पूरा दिन अपने परिवार की देखभाल में लगी रहती हैं। वो अपने पति, मां-बाप, सास-ससुर और बच्चों की सेवा में ही रह जाती हैं। उन्हें घर से बाहर निकलने का कभी मौका ही नहीं मिलता है। इस योजना के जरिए उन्हें एक मौका मिला है, जब वो तीर्थयात्रा पर जा सकती हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज सब लोग द्वारकाधीश की यात्रा पर जा रहे हैं। हम लोगों को 12 से 13 जगहों पर तीर्थ यात्रा करने का विकल्प देते हैं। इसमें द्वारकाधीश, रामेश्वरम, पुरी, सिरडी बाबा, हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा, वृंदावन और अयोध्या जी जैसे कई तीर्थस्थान हैं। हमारे पास सबसे ज्यादा डिमांड द्वारकाधीश, पुरी और रामेश्वरम जी जाने की होती है और इसमें लंबी-लंबी वेटिंग लिस्ट है। आप लोग बहुत किस्मत वाले हैं कि आज आपको द्वारकाधीश जाने का मौका मिल रहा है।

सीएम ने कहा कि हम आपका सारा ध्यान ध्यान रखते हैं। यात्रा के दौरान सभी को सुबह की चाय के लेकर दोपहर का खाना, शाम की चाय से लेकर रात का खाना और दूध सब कुछ दिया जाएगा। जो लोग हमारे साथ पहले यात्रा करके आ चुके हैं, वो बताते हैं कि इन्होंने तो कभी हमारा पेट खाली ही नहीं रहने दिया। एक के बाद एक खाने के लिए चीजे देते रहे। आपकी सारी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। सभी यात्रियों को उनके घर से लेने और वापस छोड़ने और घूमने के लिए बस का इंतजाम किया गया है। रास्ते में जरूरत के सारे सामान के साथ सभी को एक किट दी गई है। आपको अपने पैसे खर्च करने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। आप अपने साथ केवल सात दिन के कपड़े ले जाना है। फिर भी अगर किसी चीज में कोई कमी रह जाए तो उसके लिए मैं पहले से ही माफी मांग लेता हूं। हम आगे से वो कमी भी नहीं रहने देंगे। रास्ते में आपका ख्याल रखने के लिए एक डॉक्टर को भी आपको साथ भेजा जाएगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इस पूरी यात्रा में दो दिन आने और दो दिन जाने में लगेंगें, लेकिन आपको समय का पता ही नहीं चलेगा। लोग रास्ते भर भजन कीर्तन करते हुए जाते हैं। पूरी ट्रेन आपकी ही है, आप कहीं भी किसी के साथ बैठ सकते हो। ये यात्रा आपके जीवन की सबसे यादगार यात्रा रहेगी, जो आपको जीवनभर याद रहने वाली है। इतने दिनों के अंदर ये सारे लोग आपस में दोस्त बन जाएंगे, जो आपके जीवनभर बहुत काम आएंगे और बहुत याद आएंगे। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि प्रभु आपकी यात्रा को सुखद बनाए और आप लोग अच्छे से दर्शन करके आएं।

### सीएम केजरीवाल अपने माता-पिता की तरह ही दिल्ली के सभी बुजुर्गों का भी ख्याल रखने की कोशिश करते हैं - सौरभ भारद्वाज...

इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज तीर्थयात्रा पर जाने वाले इन बुजुर्गों की आखों में खुशी दिख रही है। आज जब बुजुर्ग माताओं ने मुख्यमंत्री के सिर पर हाथ फेरा तो उन माताओं के आंखों में आंसू थे। ये आंसू सिर्फ अपने बेटे के लिए आ सकते हैं। जिस तरह से इस यात्रा में हर छोटी से छोटी बारीकियों का ध्यान रखा गया है उससे पता चलता है कि सीएम अरविंद केजरीवाल यह कोशिश करते हैं कि जैसे वो अपने मां-बाप के लिए करें, वैसे ही वो आप सभी के लिए करने की कोशिश करते हैं। मुख्यमंत्री के घर पर भी उनके माता पिता का कमरा उनके एकदम बगल में है। एक उम्र में बाद बुजुर्ग ऊंचा सुनते हैं। सीएम के माता पिता के कमरे में जब टीवी पर सत्संग चलता है तो उसकी आवाज बाहर पूरी बैठक में गूंजती है। यह बहुत बड़ी बात है। जब सीएम पहले एक आईआरएस अधिकारी थे, और गाजियाबाद में रहते थे, तब भी उनके माता पिता साथ रहते थे। जब वो पहली बार मुख्यमंत्री बने तो पटियाला हाउस के सामने वाले फ्लैट में वो साथ रहते थे। आज सिविल लाइंस में भी सीएम अपने माता पिता के साथ ही रहते हैं।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम श्रवण कुमार की बात करते हैं जो अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर ले गए। लेकिन इस बारे में बहुत कम लोगों को ही जानकारी होगी कि जब अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का न्यौता आया तो पता चला कि सुरक्षा कारणों से केवल मुख्यमंत्री को ही जाने की परमिशन है। तब सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अयोध्या दर्शन की इच्छा मुझसे ज्यादा मेरे माता-पिता को है, उनको पूरी आस है कि जब बेटा अयोध्या जाएगा तो हमें साथ लेकर जाएगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज नहीं, मैं आपको साथ लेकर अगले हफ्ते दर्शन के लिए लेकर जाउंगा। और वो अपने परिवार के साथ राम लला के दर्शन करके आए। यही छोटी-छोटी बाते एक आदमी के चरित्र के बारे बताती है और वो अपने मां-बाप के बारे में क्या सोचता है। जो आदमी अपने माता पिता के बारे में श्रवण कुमार की तरह सोचता है, वो हर बुजुर्ग के अंदर अपने मां-बाप को देखता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर तीर्थयात्री की छोटी-छोटी जरूरतों का ध्यान रखते हैं। उन्होंने इस बात का ध्यान रखा कि कई सारे लोगों को डायबटीज होती है, तो सबके लिए खाने के अलावा बीच-बीच में चाय नाश्ते का भी इंतजाम कराया जाए। जिस तरह से अपने मां बाप का ध्यान रखते हैं वैसा ही ध्यान वो दिल्ली के हर बुजुर्ग का रखते हैं। उन्होंने कहा कि मैं और हमारे सभी साथी विधायक बहुत खुश नसीब हैं कि सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ काम करके हम इन छोटी-छोटी चीजों को सीख रहे हैं। हम लोग दिन-रात कोशिश कर रहे हैं कि आप लोगों को किसी तरह की कोई तकलीफ न हो, और इस सुखद यात्रा के लिए हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं।

## आतिशी का बयान सिर्फ हताशा है जो पिटे हुए गठबंधन को पॉलिस करने की नाकाम कोशिश है : वीरेन्द्र सचदेवा

**नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली के मंत्री सुश्री आतिशी के बयान को आम आदमी पार्टी का हताशा बताया और कहा कि एक पिटे हुए गठबंधन से भाजपा का कोई भी समर्थक नहीं घबरायेगा। उन्होंने कहा कि आतिशी ही नहीं बल्कि पूरे आम आदमी पार्टी को इस बात की जानकारी है कि इस शराब घोटाले के मास्टरमाइंड अरविंद केजरीवाल ही हैं और उन्हें एक दिन गिरफ्तार होना ही है।

सचदेवा ने कहा कि शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल की भूमिका अहम है और जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार और उनके मंत्रियों ने दिल्ली को लूटने का काम किया है और यह दिल्ली की जनता समझ चुकी है। इसलिए दिल्लीवासी आने वाले लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटें भाजपा की झोली में डालकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला कर चुकी है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी को इस बात का अनुमान हो चुका है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी निश्चित है इसलिए पहले ही जांच एजेंसियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर आतिशी एक झूठी सहानुभूति हासिल करने की नाकाम कोशिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही इस होड़ में लगे हुए हैं कि दिल्ली में कौन कितनी सीटें हार रहा है। आज दोनों दलों के नेता और कार्यकर्ता ही एक दूसरे के साथ नहीं है और दोनों ही जन विश्वास खो चुके हैं इसलिए इस गठबंधन का दिल्ली की जनता पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है।

दिल्ली भाजपा की मंत्री सुश्री बाँसुरी स्वराज ने कहा है की मंत्री सौरभ भारद्वाज की भाजपा के सर्वदलीय बैठक में ना आने पर प्रतिक्रिया भी एक हताश मंत्री की प्रतिक्रिया है।

सुश्री बाँसुरी स्वराज ने कहा है की मंत्री सौरभ भारद्वाज जल मंत्री एवं जल बोर्ड उपाध्यक्ष अपने दोनों कार्यकालों में हुऐ बिल घोटालों पर जवाब देने को तैयार हों तो हम बैठक में आने को तैयार हैं।

## किसानों, जवानों को नजरअंदाज कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है सरकार : राहुल

**पब्लिक एशिया ब्यूरो**



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर किसानों और जवानों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी शासन में लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है और जनता की आवाज दबाकर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

गांधी ने गुरुवार को कहा कि दिक्कत यह है कि जब लोग हक़ के लिए सड़क पर उतर कर आंदोलन करते हैं तो सरकार गोली चलाकर उनकी आवाज को दफन कर देती है। किसान अपने हक की बात कर रहे हैं तो उन्हें गोली मारी जा रही है। सोशल मीडिया पर लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है।

सरकार पर लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, "किसान एमएसपी मांगें तो उन्हें गोली मारो-ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। जवान नियुक्ति मांगें तो उनकी बातें तक सुनने से इनकार कर दो -ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। पूर्व गवर्नर सच बोलें तो उनके घर सीबीआई भेज दो - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी।"

गांधी ने कहा, "सबसे प्रमुख विपक्षी दल का बैंक अकाउंट फ्रीज़ कर दो- ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। धारा 144, इंटरनेट बैन, नुकीली तारें, आंसू गैस के गोले - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। मीडिया हो या सोशल मीडिया, सच की हर आवाज़ को दबा देना - ये है मदर ऑफ डेमोक्रेसी। मोदी जी, जनता जानती है कि आपने लोकतंत्र की हत्या की है और जनता जवाब देगी।"

## तिमारपुर संत नगर कर्दमपुरी एवं सीलमपुर की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

**पूर्वी दिल्ली।** सांसद खेल महोत्सव के तहत रोशनारा बाग स्थित क्रिकेट मैदान परआयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें दिन आज तिमारपुर की टीम ने मुस्तफाबाद को हराकर संत नगर की टीम ने मुखर्जी नगर को कर्दमपुरी की टीम ने कादीपुर को हराकर अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मैच जीत लिए चौथा क्वार्टर फाइनल सुभाष मोहल्ला और सीलमपुर की टीम के बीच हुआ जिसमें सीलमपुर की टीम विजई रहीऔर सेमीफाइनल में पहुंच गई इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी खेल के मैदान पर पहुंचे और जीतने वाली टीमों को बधाई और शुभकामनाएं दी इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पूनम चौहान निगम पार्षद रेखा अमरनाथ मुकेश बंसल मंडल अध्यक्ष उमेश माथुर केशव त्यागी कृष्णपाल सिंह समिति के पदाधिकारी संजीव चौधरी राजू बंसल वीरेंद्र खंडेलवाल संजीव उपाध्याय भाजपा नेता श्यामलाल जाटव एक बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद खिलाड़ियों एवं स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि जैसे-जैसे फाइनल मैच नजदीक आ रहा है क्रिकेट के मंथन से कई क्षमतावान खिलाड़ी निकल कर बाहर आ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस मुहिम से समुद्र मंथन की तरह निकले रत्न के रूप में सबके सामने अपनी प्रतिभा को साबित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि नहीं में से कुछ खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय टीमों के हिस्से हो सकते हैं जिनको अवसर देने का काम खेल महोत्सव की आयोजन टीम निरंतर कर रही है और आगे भी सहयोग करेगी जो भी फाइनल मैच जीतेगी उसे टीम को 100000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा सेमीफाइनल में पहुंची टीम को 51 000 तथा क्वार्टर फाइनल जीतने वाली टीम को 21000 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय महापुरुषों के सम्मान को लगातार ठेस पहुँचा रही हैं दिल्ली की महापौर : दिल्ली भाजपा प्रवक्ता

**नीरज अवस्थी पब्लिक एशिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने दिल्ली की महापौर डा. शैली ओबरॉय द्वारा अपने कार्यकाल में राष्ट्रीय महापुरूषों के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कड़ी निंदा की है।

कपूर ने कहा है की आज स्वामी श्रद्धानंद जी की जन्म जयंती है और तय कार्यक्रम अनुसार महापौर को प्रात: 10.30 बजे टाउन हाल प्रांगण में लगी स्वामी श्रद्धानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करना था पर उन्होने अंतिम समय कार्यक्रम रद्द कर दिया और केवल क्षेत्रीय उपायुक्त श्री मोहित बंसल एवं 5 निगम कर्मियों ने माल्यार्पण किया। महापौर 23 दिसम्बर को स्वामी जी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में भी नही आईं थी।

इससे पूर्व 10 सितम्बर 2023 को महापौर स्पोर्ट्स क्लब में पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जी.बी. पंत की प्रतिमा का माल्यार्पण करने नही पहुंची थी।

इसी तरह 11 जनवरी 2024 को महापौर फतेहपुरी चौक पर स्वामी विवेकानंद तो 23 जनवरी को परेड़ ग्रऊंड स्थित नेता सुभाष चन्द्र बोस तो 18 फरवरी को पूर्व महापौर श्री शांति देसाई को पुष्पांजलि देने नही आईं थी।




**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**टेंडर नोटिस सं. 95/2023-2024** **दिनांक 21.02.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09242554 | आउटर स्प्रिंग | 2802 नग | 14.03.24 |
| 02 | 07231161C | इंजेक्शन मोल्डेड साइलेंट ब्लॉक फॉर सेण्टर पिवट | 1814 नग | 18.03.24 |
| 03 | 14240913 | रबर बेस्ड एडहेसिव | 18932 लीटर | 18.03.24 |
| 04 | 09245001 | लाइट वेट लो हाइट 25 टन एक्सल लोड बोगी | 10 सेट | 21.03.24 |
| 05 | 77239070RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर जोगलड फिश प्लेट | 66170 पेयर | 02.04.24 |
| 06 | 77239062RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर कम्पोजिट ग्रूवेड रबर सोल प्लेट्स | 17373100 नग | 02.04.24 |
| 07 | 77239067RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर नट्स एंड बोल्ट्स ऑफ साइज 25 एम एम X 130 एम एम | 50 MT | 10.05.24 |
| 08 | 77239065RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर बोल्ट्स एंड नट्स साइज 25 एम एम X 140 एम एम | 170 MT | 15-05-24 |

**निविदा शर्तें**-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

562/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, सहारनपुर**

पत्रांक 67 /निविदा/2023-24 दिनांक 22-02-24

**-: पुनः ई-निविदा सूचना :-**

नगर आयुक्त नगर निगम सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा 15वां वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत 11 कार्यों हेतु निविदाये वर्ष 2023-24 में नगर निगम सहारनपुर में पंजीकृत एवं उत्तर प्रदेश के किसी भी राजकीय विभाग में जो नगर निगम सहारनपुर में पंजीकरण सीमान्तर्गत अर्ह ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण की सीमान्तर्गत दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह: 3:00 बजे बेचसाइट www.etender.up.nic.in पर डबल बिड सिस्टम से (टेक्निकल /फाईनेन्शल) ऑन लाईन के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है, टैण्डर मूल्य लेखाधिकारी, नगर निगम, सहारनपुर के पक्ष में डी0डी0 देय होगा को, निविदा के साथ डालना होगा एवं जमानत राशि एफ0डी0आर0/ डी0डी0 / एन0एस0सी0 के रूप में, जो अधिशासी अभियन्ता के पक्ष में बन्धक कराकर पेन नम्बर, जी0एस0टी0 हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, T-6 व यू0पी0इलैक्ट्रोनिक्स कारपोरेशन लि0 तथा निविदा प्रपत्र में उल्लेखित शर्तों में मांगे गये अन्य समस्त प्रपत्र निविदादाता को ऑनलाइन टैक्निकल बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र अपलोड न करने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी, जिस हेतु कोई क्लेम मान्य नही होगा एवं अपलोड किये गये प्रपत्रों में से मात्र डी0डी0, एफ0डी0आर0, टी-6 व अन्य दो 10-10 रू0 के स्टांप की मूल प्रति दिनांक 29.02.2024 को कार्यालय मे साय: 5:00 बजे तक नगर निगम सहारनपुर के निर्माण विभाग के कार्यालय कक्ष में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल सकते है। ऑन लाईन टैक्निकल निविदा दिनांक 01.03.2024 को समिति एंव उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष etender.up.nic.in द्वारा खोली जायेगी। विस्तृत शर्त, विवरण, एवं निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in एवं www.saharanpur.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-Bid Referance | 67 Date 22-02-24 |
| Publish Date and time for RFP | दिनांक 23.02.2024 से |
| Last Date time for submission of E-Bids | दिनांक 29.02.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक |
| Date and time of Technical opening bids | दिनांक 01.03.2024 को प्रात: 11:00 |
| Place of opening of E-bids | Executive Engineer Nagar nigam Saharanpur |
| E-Bids security of E-Bids | 10% security of tender value |
| E-tender Document Processing fee | As per tender list column no 6 |

नोट:- बिना अग्रिम जमा धनराशि / टेण्डर मूल्य के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
सहारनपुर नगर निगम

## मुख्य समाचार

### मुरादाबाद मंडल 108/102 एंबुलेंस पायलटो के रिफ्रेशर ट्रेनिंग का शुभारंभ



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर बुद्धि विहार मुरादाबाद में मुरादाबाद मंडल में संचालित 108 व 102 एंबुलेंस के पायलट रिफ्रेश ट्रेनिंग कार्यक्रम शुरू हुआ। जिसमें मुरादाबाद मंडल के सभी जिलों से आए पायलटो ने भाग लिया संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस के ऑपरेशन हेड शोभित त्यागी ने एंबुलेंस पायलटो को सुरक्षित ड्राइविंग तथा ट्रैफिक नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लखनऊ से आए ट्रेनर रामऔतार व अभिषेक ने एंबुलेंस पायलटो को घटनास्थल पर समय से पहुंचने वह रिस्पांस टाइम व अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी मंडल प्रबंधक संजीव कपिला ने एम्बुलेंस पायलट्स को एबुलेंस साफ सफाई रखने एवम एम्बुलेंस की दैनिक जांच करने की जानकारी दी जिससे की इस आकस्मिक सेवा का लाभ जन मानस को सुचारू रूप से दिया जा सके। इस मौके पर 108 /102 मंडल प्रबंधक संजीव कपिला एवं जिला प्रबंधक नरेंद्र सिंह ,जिला प्रभारी कौशल किशोर आदि मौजूद रहे।



### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

#### मुरादाबाद की फैक्ट्री में काम करता था, रामपुर का रहने वाला था युवक

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। उसका शव रेल पटरियों पर पड़ा मिला। युवक यहां अपनी नानी के घर रहता था। जनपद रामपुर में टांडा निवासी केशव सैनी आयु 22 वर्ष पुत्र नेमचंद सैनी मुरादाबाद में पंडित नगला के पास बलदेवपुरी बसंत विहार में तीन माह से अपनी नानी के घर रहता था। यहां एक फॉर्म में भी काम करता था। परिजनों का कहना है, कि बुधवार को दोपहर में वह फार्म से निकला था। इसके बाद घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने तलाश की तो देर रात उसकी लाश पंडित नगला में रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली। युवक ट्रेन की चपेट में कैसा आया। इसे लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। कुछ लोगों का कहना है, कि युवक काफी देर से पटरी पर बैठा था। तभी वहां आई ट्रेन की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंची। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खानपुर थाना प्रभारी रामवीर सिंह किए गए सम्मानित

#### राष्ट्रीय मानव सेवा संगठन ने दिया स्मृति चिन्ह



मनोज सिंहल पब्लिक एशिया

**स्याना/बुलंदशहर »** राष्ट्रीय मानव सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा मलिक के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों ने खानपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह को सम्मानित किया। पुलिस निरीक्षक रामवीर सिंह द्वारा निरंतर किए जा रहे सराहनीय कार्यों के दृष्टिगत राष्ट्रीय मानव सेवा संगठन ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए मोमेंटो देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। संगठन अध्यक्ष ने जनहित में क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर खानपुर थाना प्रभारी से चर्चा भी की। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव प्रमोद त्यागी, मीडिया प्रभारी सागर सिंह, स्याना नगराध्यक्ष शानू कुरैशी, अमरपुर ग्रामाध्यक्ष अफसर अब्बासी, शहजाद, रोहित, दुष्यंत चौधरी, शेंकी आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हापुड़।** राज्य परियोजना कार्यालय एवं मध्यान भोजन प्राधिकरण के आदेश पर जिला स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती धर्मशाला सबली में किया गया। जनपद से विभिन्न ब्लॉकों की 30 रसोइयों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में जिला विद्यालय निरीक्षक पीके उपाध्याय, चिकित्सा विभाग से डॉक्टर प्रीति सिंह, आर्य कन्या इंटर कॉलेज से प्रवक्ता शीला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की प्रतिनिधि प्रियांक श्रीवास्तव, जीआईसी नूरपुर की प्रधानाचार्य बबीता जागरवाल तथा कंपोजिट विद्यालय सबली के पांच बच्चो द्वारा विभिन्न मार्कों पर भोजन की गुणवत्ता का आकलन कर अंक प्रदान किये। जिसमें शालू कस्तूरबा गांधी विद्यालय नगर हापुड़ प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर कमला कंपोजिट विद्यालय सरावा ब्लॉक हापुड़ तथा तृतीय स्थान पर नन्ही प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर बस्का ब्लॉक धौलाना ने प्राप्त किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। कंपोजिट विद्यालय सबली, प्राथमिक विद्यालय मंसूरपुर तथा कंपोजिट विद्यालय जोगीपुरा के बच्चो ने रंगारंग देशभक्ति और योग प्रस्तुति से अतिथियों और उपस्थित समूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने बच्चो का प्रस्तुति देखकर विभाग तथा शिक्षकों और बच्चों की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चो का कार्यक्रम देखकर मुझे अपने पुराने दिनों की याद आ गई। सभी रसोइयों को संबोधित करते हुए उन्होंने आग्रह किया कि सभी जगह का मीनू समान है, किंतु रसोईया अपने अनुभव से बच्चों की मांग अनुसार भोजन मे वैरायटी लाए। जिन रसोइयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया है। वह सभी विजेता है। पूरी लगन और मेहनत से बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितू तोमर ने सभी से जनपद में मध्यान भोजन में गुणवत्ता और पौष्टिकता पर ध्यान देने की अपील की तथा रसोइयो का उस्ताह वर्धन किया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्टेट में किसान दिवस का आयोजन सम्पन्न

## किसानों की समस्याओं का अधिकारीगण न्यायोचित एवं समयबद्धता से निस्तारण करें-डीएम

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्युत संबंधी फसल मुआवजा, गन्ना भुगतान, बैंक, किसान सम्मान निधि आदि की समस्याओं को प्रमुखता से रखा गया। जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों की न्यायोचित समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने सहित किसानों की विभिन्न दिक्कतों के त्वरित निराकरण के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की जो भी समस्याएं हैं।

उनकी सकारात्मक सोच के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये और जो भी कार्यवाही की जाये उससे संबंधित को भी अवगत कराया जाये तथा उसकी प्रतिलिपि जिला कृषि अधिकारी को भी भेजे। जिलाधिकारी ने कहा कि संवादहीनता नही होनी चाहिए परस्पर आपसी संवाद बनाये रखें और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का न्यायोचित समाधान करें, ताकि किसान दिवस की सार्थकता बनी रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसानों का किसी भी तरह का उत्पीड़न न हों तथा विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये कि बिजली चोरी के मामलों में गहनता एवं निष्पक्षता के साथ जांच करें। किसान दिवस में बिलारी शुगर मिल द्वारा गन्ना का भुगतान में विलम्ब करने पर जिलाधिकारी ने संबंधित गन्ना मिल प्रबन्धकों को समय से भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गन्ना भुगतान में मिलें लापरवाही न बरतें, गन्ने का भुगतान जितना जल्दी हो सके कर दें। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि किसान दिवस में आने वाली समस्याओं को नोट कर उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करना सुनिश्चित करें तथा किसानों को भी निरन्तर अवगत कराते रहें। उन्होंने कहा कि कृषक बंधु लिखित में शिकायत फोन नम्बर सहित दें, ताकि शिकायत के निस्तारण तथा आपको भी शिकायत के संबंध में जानकारी उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी शिकायतें आयीं है उनका निस्तारण करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। सभी कृषक अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें और मिलते भी रहें ताकि फीडबैक भी मिलता रहें। उन्होंने कहा कि कोई समस्या है तो उसे बतायें जो निदान संभव होगा किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिस्थितियों के अनुसार लगातार सुधार हो रहा है और होता रहेगा।

किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कंसल सहित जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, ए0आर0 को-आपरेटिव, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ग्रामीण, गन्ना, मण्डी, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग के एवं शुगर मिल के प्रबन्धक एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहें।

### बोर्ड परीक्षा में आए बेटियों का तिलक कर पुष्प वर्षा करके किया स्वागत





विशाल कुमार पब्लिक एशिया

**बिलारी।** विद्या भारती से संबंध जनों शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश ग्राम भारती पिलखुआ हापुर द्वारा संचालित ग्रामीण शिक्षा अंतर्गत उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा 2024 के प्रथम दिवस हाई स्कूल संस्थागत हिंदी प्रश्न पत्र देने आए प्रातः काल 8:00 बजे विद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रवेश करते समय बहनों को बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती मीनू यादव की देखरेख में प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में तिलक कर पुष्प वर्षा करते हुए प्रवेश लिया गया प्रवेश लिया गया इस अवसर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट राशिद अली केंद्र व्यवस्थापक पंडित विनोद कुमार मिश्रा अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद रिजवान पर्यवेक्षक श्रीमती सुगंधा भारती शिशु भारती प्रमुख कुमारी भावना यादव एवं शिवानी सैनी उपस्थित रहे इससे पूर्व विद्यालय मुख्य द्वार चुनाव रेखांकन स्वागतम एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में वाहन पार्किंग हेतु भी चुनाव रेखांकन किया गया पीने का शुद्ध पानी रखा गया।

### बदले व्यवहार से हैरान » प्रमोद कृष्णम के सुरक्षा गार्ड ने की फोटो जर्नलिस्ट से अभद्रता, वीडियो वायरल

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**मुरादाबाद।** बहुत मशहूर शयर है। खुदा जब हुस्न देता है। नजाकत आ ही जाती हैं। ऐसी ही नजाकत का नजारा बीती रात महानगर में देखने को मिला। मामला इन दिनों चर्चा में चल रहे कल्कि पीठ के आचार्य प्रमोद कृष्णम से जुड़ा होने के कारण वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब दौड़ने लगी। वीडियो देखने वालों के साथ मीडिया कर्मी भी हैरान है। कि पत्रकारों को कवरेज के लिए बुलाने और उनकी खातिरदारी करने वाले प्रमोद कृष्णम इतनी जल्दी कैसे बदल गए। उनका सुरक्षा कर्मी पत्रकार को धकियाता रहा और वह माइक पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहते हैं, कि आप आानंद लीजिये, ऐसा तो होता रहता है।

**पत्रकार जगत में रोष :** दरअसल, देर रात हुए कार्यक्रम में दैनिक समाचार पत्र के फोटोग्राफर के साथ सुरक्षा गार्ड ने धक्का-मुक्की की और फोटो पत्रकार को हड़काने के लिए सुरक्षागार्ड मंच से नीचे तक उतर आया। हुआ यूं कि फोटोग्राफर मंच से प्रमोद कृष्मम की फोटो खींचना चाहता था। वह मंच पर चढ़ा तो सुरक्षा कर्मी ने रोक लिया और अभद्रता करते हुए, धक्का दे दिया। जिसका विरोध पत्रकार ने किया तो सुरक्षा कर्मी ने पत्रकार के साथ धक्का-मुक्की की। इस दौरान आयोजन से जुड़े कुछ लोग बीच में आ गए। लेकिन सुरक्षा गार्ड बदतमीजी करता रहा। सुरक्षा गार्ड और फोटो ग्राफर के बीच धक्का-मुक्की का किसी ने मोबाइल से वीडियो बना लिया जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है। कि जब सुरक्षा गार्ड फोटोग्राफर के साथ हाथापाई व अभद्रता कर रहा तो उस समय मंच से प्रमोद कृष्णम लोगों से कहते है, कि आप लोग अपना आनंद लिजिए, यह सब तो होता ही रहता है। गौरतलब है कि आचार्य प्रमोद कृष्णम कल्किधाम में मंदिर का शिलान्यास कराने से चर्चा में आए हैं। मंदिर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। और सीएम योगी अदित्यनाथ भी कार्यक्रम में शामिल रहे थे। भाजपा से उनकी नजदीकियों के कारण ही कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया है। फोटो जर्नलिस्ट के साथ अभद्रता से पत्रकार जगत में रोष

### जिलाधिकारी ने प्रा. विद्यालय नानपुर ब्लाक कुन्दरकी का किया औचक निरीक्षण





पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुरादाबाद ।** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय नानपुर ब्लाक कुन्दरकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक व एक शिक्षामित्र अनुपस्थित पाये गये। निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक द्वारा प्रधानाध्यापक का ए0आर0पी0 सुपरविजन में जाना एवं एक शिक्षामित्र का ट्रेनिंग पर जाना बताया गया। जिलाधिकारी ने बी0एस0ए0 को अनुपस्थित कार्मिकों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये। विद्यालय में पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने स्वयं विद्यालय में छात्रों को दिये जा रहे एम0डी0एम0 को ग्रहण कर भोजन गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पर्याप्त कक्ष होने पर भी एक कक्ष में दो क्लास चलती हुई पायी गयी। पोषण वाटिका में काफी बड़ी-बड़ी झाड़िया थी, पोषण वाटिका के रख-रखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

विद्यालय में तीन आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित थे, जिसमें एक बन्द मिला व दो आंगनवाड़ी केन्द्रों में केवल 12 बच्चे उपस्थित पाये गये। आंगनवाड़ी के बच्चों हेतु भोजन की व्यवस्था ठीक नहीं पायी, बताया गया कि पैसा न आने की वजह से बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों का संचालन ठीक प्रकार से न होने पर संबंधित सी0डी0पी0ओ0 को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।



### मुरादाबाद जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत पीपली तहसील बिलारी में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुरादाबाद।** बिलारी में निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में निर्धारित टाइम लाइन फॉलो कर तेजी के साथ गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, कर्मचारी आवास, ऑफिस आदि निर्माणाधीन बिल्डिंगों के निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर सी0के0 कंसट्रक्शन को मजदूरों की संख्या बढ़ाकर तेजी के साथ निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिलारी एवं सी0के0 कन्सट्रक्शन प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# योगी जी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री : सीतारमण

#### आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री ने की सीएम योगी की मुक्त कंठ से सराहना

### हर जिला ही सीएम योगी के लिए हेडक्वार्टर : वित्त मंत्री





पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गोरखपुर।** आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। सीएम योगी के लिए उन्होंने डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।

आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने सीएम योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी जी साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले चीफ मिनिस्टर योगी जी हैं। वह इंजन की तरफ प्रदेश में घूमकर काम रहते हैं। हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर श्रीमती सीतारमण ने कहा, 'फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था।

**मोदी सरकार में सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी :** वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व सरकार बार बार यह साबित कर रही है कि जिसका शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी होगा। सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी ही मोदी जी की गारंटी है। अपनी बात को और स्पष्ट करने के लिए उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश की चार प्रमुख परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने बताया कि गोरखपुर के खाद कारखाना और एम्स का शिलान्यास जुलाई 2016 में किया गया और दिसम्बर 2021 में इन सभी का लोकार्पण भी हुआ। गोरखपुर में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के रीजनल सेंटर का 2018 में शिलान्यास हुआ तो दिसंबर 2021 में उद्घाटन भी। 1978 से लंबित सरयू नहर परियोजना का उद्घाटन दिसंबर 2021 में पीएम मोदी ने किया। यह परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के 9 जनपदों के 6200 गांवों में रहने वाले 29 लाख किसानों को सिंचाई की सुविधा दे रही है। इस परियोजना के शुरू हो जाने से 14 लाख हैक्टेयर भूमि का सिंचन आसान हुआ है।

**बढ़ा सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह :** वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.77 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अप्रैल 2023 से 10 जनवरी 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है।

# महिलाओं के दर्ज मुकदमे को निःशुल्क लड़ेंगे वकील

पब्लिक एशिया ब्यूरो




**मुरादाबाद ।** प्रथम, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया है कि आम जनमानस को विस्तृत रुप से निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान कराने के उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में जनपद मुरादाबाद में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम के अर्न्तगत चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक-एक पद पर तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के दो पद पर नियुक्तियों के अनुक्रम में साक्षात्कार की तिथियां चीफ लीगल एड डिफेन्स तथा डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक-एक पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 27.02.2024 को तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के दो पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 28.02.2024 एवं 29.02.2024 को रिपोर्टिंग समय सायं 3 बजे व साक्षात्कार प्रारम्भ सायं 4:30 बजे से जनपद न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में नियत किया गया है। उक्त पदों हेतु दिनांक 15.02.2024 तक प्राप्त हुए आवेदन पत्रों के अभ्यर्थियों के साक्षात्कार के संबंध में अभ्यर्थियों को पृथक से भी सूचना प्रेषित की गयी है। ऐसे आवेदक जिन्होंने उक्त पदों हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किए हैं, वे साक्षात्कार हेतु नियत तिथियां चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल तथा डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के एक-एक पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 27.02.2024 को तथा असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के दो पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 28.02.2024 एवं 29.02. 2024 को रिपोर्टिंग समय 3 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपने मूल प्रपत्रों व पहचान पत्र सहित उपस्थित होने का कष्ट करें। निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित न होने पर अवसर पुनःदेय नहीं होगा। साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।

## मुख्य समाचार

## श्री 108 विद्यासागर जी महाराज को अर्पित की श्रद्धांजलि

### आचार्य वसुनंदी जी महाराज के सानिध्य में हुई शोकसभा



पब्लिक एशिया संवाददाता

**सरधना।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के समाधिपूर्वक देवलोक गमन पर पांडुशिला स्थित विद्यासागर निलय पर आयोजित शोकसभा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज के सानिध्य में की गई विनायांजली सभा में समग्र जैन समाज एवं सभी समाजिक, राजनीतिक संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ हजारों भक्तों ने हिस्सा लिया। इस विनायांजलि सभा में जैन समाज के विभिन्न घटकों एवं मंदिरों के अध्यक्ष ने अपने अपने विचार रखे एवं गुरूजी के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सभा का संचालन नमन जैन व मंगलाचरण दीपक जैन ने किया। इस अवसर पर विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन, बार एसोसिएशन से कुलदीप त्यागी, मलखान सैनी, डॉ. मूलचंद गुप्ता, वीरेंद्र चौधरी, पुरुषोत्तम बंसल, डॉ. ओम कुमार पुंडीर, बांके पंवार, शाहवेज अंसारी, सुखबीर पनेसर, पंकज जैन, धनपाल जैन, कुणाल जैन, प्रदीप जैन, अतिशय जैन, विनोद जैन, राजीव जैन, आलोक जैन, ऋषभ जैन, सौरभ जैन, सागर जैन, अरिहंत जैन एवं आदि महिलाओं एवं पुरुष हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने एक्सपोजर विजिट का लिया आंनद




पब्लिक एशिया संवाददाता

**परीक्षितगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में संचालित समेकित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के एक्सपोजर विजिट भमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें परीक्षितगढ़ प्राथमिक विद्यालय नंबर-2 के दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत बच्चों को हस्तिनापुर का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक वसीम अहमद ने बताया कि बच्चों का शारीरिक विकास घूमने और खेलकूद से होता है इसलिए माता-पिता को अपने बच्चों को ऐसे कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए तभी बच्चे उत्तम शिक्षा के साथ-साथ स्वस्थ रहेंगे। आज का कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहा बच्चों ने हंसी खुशी से घूम घूम फिर कर खेलकूद किया। इस मौके पर एक्सपर्ट शिवकेश तिवारी, प्रमोद कुमार, मनोज वशिष्ठ, आवास सिंह, रुचि शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, शबाना परवीन एवं वसीम अहमद, बबीता आदि मौजूद रहे।

## शासन की योजनाओं का लाभार्थियों तक पहुंचाए लाभ

### जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

**स्याना/बुलंदशहर »** जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह ने कैम्प कार्यालय पर माननीय मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों की सेवाओं/योजनाओं/परियोजनाओं की प्रगति विस्तृत रूप से समीक्षा की। डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर विभागों की योजनाओं कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाई जाए। किसी भी दशा में डैश बोर्ड पर विभाग की खराब स्थिति प्रदर्शित न हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभागों में संचालित योजनाओं, कार्यक्रम का लाभ आमजन तक समयबद्ध, गुणवत्तापरक एवं पारदर्शी ढंग से मिलने के संबंध में डैशबोर्ड के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग करने की जा रही है। विभागों की योजनाओं/परियोजनाओं में अधिकारियों के योगदान व प्रदर्शन के आधार पर रेंकिंग दी जाती है। इसलिए सभी सम्बंधित विभाग शासन की लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक सुगमता से पहुंचाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु पुलिस विभाग के साथ हुई समीक्षा बैठक

**हापुड़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 09.03.2024 (शनिवार) को सफल बनाने हेतु जिला जज, हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी / क्षेत्राधिकारी, गढ़मुक्तेश्वर व थानाध्यक्षों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक का संचालन अपर जिला जज / नोडल अधिकारी, हापुड़ डॉक्टर रीमा बंसल की देखरेख में अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ छाया शर्मा के द्वारा किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा पुलिस विभाग से उपस्थित नोडल अधिकारी / क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर आशुतोष शिवम को राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त न्यायालयों द्वारा ज्यादा से ज्यादा वादों के निस्तारण किये जाने हेतु जारी नोटिस की तामीला शत-प्रतिशत कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं बैठक में उपस्थित समस्त थानाध्यक्षों को संबंधित थाने के पैरोकार को दिन-प्रतिदिन समन की शत-प्रतिशत तामिला कराने के उपरान्त न्यायालय में उसकी आख्या उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# सांसद व विधायक द्वारा सांसद निधि से निर्मित 6 सड़कों का किया लोकार्पण



पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हापुड़।** मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजेंद्र अग्रवाल तथा हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढती ने गराम हुमांयुपुर, ततारपुर, श्यामपुर तथा खड़खड़ी में लगभग 43 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सांसद निधि से निर्मित 6 सड़कों का लोकार्पण किया। सांसद राजेंद्र अग्रवाल तथा विधायक विजयपाल आढ़ती ने ग्राम हुमांयुपुर में लगभग 13 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित दो सड़क, ग्राम ततारपुर में गुरुकुल के निकट लगभग 9 लाख 10 हजार रुपए की लागत से निर्मित एक सड़क, ग्राम श्यामपुर में लगभग 9 लाख 81 हजार रुपए की लागत से निर्मित एक सड़क तथा ग्राम खड़खड़ी मे लगभग 11 लाख रुपए की लागत से निर्मित दो सड़कों का लोकार्पण किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र व देश की जनता द्वारा हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के नेतृत्व में जताए गए विश्वास के कारण प्रत्येक क्षेत्र मे विकास की गंगा बह निकली है। उन्होंन कहा कि सबका साथ सबका विकास, राष्टीय सुरक्षा सहित राष्टहित के मुद्दों का ध्यान रखते हुए पीएम मोदी ने संपूर्ण विश्व में भारत का सम्मान बढ़ाते हुए समस्त देशवासियों का अपने परिवार की तरह ध्यान रखा है। विधायक विजयपाल आढ़ती ने कहा कि सासंद राजेद्र अग्रवाल के तथा उनके स्वयं के प्रयासों से पूरे क्षेत्र में काफी विकास कार्य हुए है। चिकित्सा, शिक्षा तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं के मालमो में हापुड़ लगातार प्रगति की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव अग्रवाल, भाजपा अनुसूचित मोर्चे के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव रुड़कीवाल, बाबूगढ़ मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र चौधरी, हापुड़ देहात मंडल अध्यक्ष दिनेश त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा मुनेश त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश चंद शर्मा, ग्राम प्रधान हुमांयुपुर धीरज सिरोही, प्रेमपाल शास्त्री, कुशलदेव शास्त्री, संदीप चौधरी, बब्बल चौधरी, कुनाल चौधरी, बबली चौधरी, जतिन साहनी, भाजयुमो जिला मंत्री तरुण चौहान, भाजयुमों मंडल अध्यक्ष शिवम शर्मा, सुभाष त्यागी, रोहित प्रधान आदि उपस्थित रहे थे।

## रूफटॉप सोलर संयंत्रों के लिये नोडल अधिकारी करे नियुक्ति-जिलाधिकारी

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने बताया है की सौर ऊर्जा नीति 2022 के तहत सरकारी/अर्द्ध सरकारी भवनों तथा सभी प्रकार के शिक्षण संस्थानो पर रेस्को मोड पर ग्रिड संयोजित रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्टों की स्थापना की जानी है। जिसके तहत इन संस्थानो पर 25 किलोवाट एवं उससे ऊपर की क्षमता के रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना रेस्को मोड में कराई जाएगी। उन्होंने बताया है कि इस नीति के अंतर्गत 5 वर्षों में 22000 मेगावाट सौर विद्युत उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसमें गैर आवासीय भवनों पर 1500 मेगावाट ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफटॉप संयंत्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य है अत» इस योजना के क्रियान्वयन के लिये सभी सम्बंधित विभाग अपने यहाँ एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए सूचना एक सप्ताह के अन्दर परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा, हापुड मोबाइल नं0 9415609063 (पता-कमरा नं0 307, विकास भवन, बुलन्दशहर) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## गरीब लोगो के समर्पित होगा अस्पताल : मनोज अग्रवाल



रटौल में बनने वाले अस्पताल में भूमि पूजन करते अतिथि।

धर्मपाल गिरी पब्लिक एशिया

**रटौल।** कस्बे में बनने वाले अस्पताल का भूमि पूजन के बाद कार्य शुरू कराया गया जहा मनोज अग्रवाल ने कहा की यह अस्पताल उनके पिता की स्मृति में बनाया जा रहा जोकि जरूरतमंदों के लिए सर्मपित होगा। वहीं उन्होंने कहा की अस्पताल से क्षैत्र के लोगो को भी। बड़ा फायदा होगा।

रटौल निवासी मनोज अग्रवाल अपने पिता लाला महेन्द्र अग्रवाल की याद में अपनी मात्रभूमि रटौल में एक अस्पताल का निर्माण करा रहे है गुरुवार को अस्पताल की भूमि पर पूजा कर कार्य शुरू कराया गया जहा पण्डित कुश प्रशाद शास्त्री में पूजा अर्चना के बाद भूमि पूजा कर नीव का निर्माण शुरू कराया इस मौकें पर बोलतें हुए पूर्व जिला पचायत चौधरी मुब्बसिर व समाजसेवी हाजी मुन्तजिर ने कहा की यह हमारे और क्षैत्र के लोगो के लिए सोभाग्य की बात है अस्पताल बनने से जहा कस्बे के लोगो को फायदा होगा वही क्षैत्र के लोगो को भी फायदा होगा उन्होंने कहा की आज अचानक किसी बीमार को लेकर दिल्ली, मेरठ आदि स्थानों पर भागना पड़ता है लेकिन अस्पताल बनने से किसी को दूर जाने की जरुरत नही पड़ेगी उन्होंने कहा की रटौल के निवासी होने के नाते हम हमेशा मनोज अग्रवाल द्वारा कराये जा रहे कार्यो में सहयोग करेंगे इस मौकें पर मनोज अग्रवाल ने कहा की उनकी मात्रभूमि रटौल में उनका बचपन की यादे जुड़ी है उनके पिता के सपने सजे है वह अपने कस्बे और क्षैत्र के लोगो के लिए अगर कुछ कर रहे है तो यह उनके लिए सौभाग्य की बात है उन्होंने कहा की कस्बा रटौल के लिए वह अस्पताल ही नही अभी ऐसा भी करनें की सोच रहे जिससे कस्बे के युवाओं के लिए रोजगार पैदा है और उनके भाई दूर दराज न जाकर अपने कस्बे मे ही रोजगार पा सके मनोज अग्रवाल द्वारा बनवाये जा रहे अस्पताल की कस्बे के लोग जमकर सरहाना कर रहे है अस्पताल भूमि पूजन के दौरान मास्टर देवेंद्र अरोरा,लौकी अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल सहित सैकडों कस्बे के लोग मौजूद रहे।

## आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश हेतु ट्रायल 5,6 तथा 7 मार्च को

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हापुड़।** उपक्रीड़ा अधिकारी मधु अवस्थी ने बताया है कि विभिन्न खेलों के आवासीय क्रीडा छात्रावासों में प्रवेश हेतु चयनित किये जाने वाले बालक/बालिकाओं के लिए जिला स्तरीय चयन किया जाना है जिसके तहत दिनाक 5 और 7 मार्च को जिमनास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन जबकि 5 मार्च को फुटबॉल, 6 मार्च को क्रिकेट, बॉक्सिंग और जूडो का तथा 6 और 7 मार्च को कबड्डी, बास्केटबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, हैंडबॉल मे के लिये ट्रायल अपरान्ह 3»00 बजे से ब्रेनवेव इंटरनेशनल स्कूल आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया है की प्रवेश हेतु जिम्नास्टिक एवं तैराकी खेल में सम्बन्धित वर्ष में अभ्यर्थी की आयु 01 अप्रैल को 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम होनी चाहियें। आयु के सम्बन्ध में अभ्यार्थियो को विद्यालय द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होना चाहिये साथ ही किसी कारणवश चयन/ट्रायल्स के समय जन्मतिथि सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित न हो तो स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा प्रदत्त जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं अभ्यर्थी के माता पिता द्वारा जन्मतिथि के सम्बन्ध मे नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। चयन के उपरान्त छात्रावास में प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित टी0सी0 लाना अनिवार्य होगा। उन्होने बताया है की जिला स्तरीय ट्रायल्स में भाग लेने हेतु समस्त बालक/बालिकाओं को खेल साथी पोर्टल पर लागिन कर आनलाइन आवेदन करना होगा साथ ही फार्म पर सम्बन्धित क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अथवा क्रीड़ाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा। उन्होनें खिलाडियों के लिये हैल्पलाईन नम्बर 8218423913 जारी किया है। जिस पर खिलाडी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## पंच कल्याणक सम्पन्न,निकाली भव्य रथयात्रा

धर्मपाल गिरी पब्लिक एशिया

**बडौत।** आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सुशिष्य मुनि श्री 108 अनुपम सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 समत्व सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में, श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर कैनाल रोड बड़ोत के चार दिवसीय पंचकल्याणक रजत वर्ष समारोह के अंतिम दिन शांतिनाथ भगवान की भव्य रथयात्रा निकाली गयी। रथ के खवासी का सौभाग्य अनिल जैन राजदूत को, सारथी का सौभाग्य सुभाष जैन एडवोकेट को, कुबेर का सौभाग्य अनिल जैन लोहड्डे वालों को तथा अमित जैन लोहड्डे वालों को प्राप्त हुआ।चवर ढुराने का सौभाग्य अंकित जैन एडवोकेट को और सुभाष चंद नवनीत जैन को प्राप्त हुआ।सभी अतिथियो का स्वागत स्वागत अध्यक्ष नवीन जैन बब्बल द्वारा किया गया। रथयात्रा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कैनाल रोड से प्रारंभ होकर गांधी रोड, अतिथि भवन, नेहरू मूर्ति, महावीर मार्ग, अजीतनाथ मंदिर होते हुए वापिस शांतिनाथ मंदिर पहुंची।रथयात्रा मे भारत के प्रसिद्ध बैंड



धर्मधुन बजाते हुए चल रहे थे। वहीं झांकियां ,ढोल, नपीरी और भजन मंडली रथयात्रा की शोभा को बढ़ा रहे थे ।रथयात्रा के साथ जैन श्रद्धालु भारी संख्या में शांतिनाथ भगवान का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे।अनेक संस्थाओ द्वारा रास्ते मे प्रसाद वितरण भी किया गया।अंत मे शांतिनाथ दिगंबर जैन मन्दिर पर रथयात्रा पहुँचने पर इंद्रगनो ने शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का गर्म प्रासुक जल से अभिषेक किया।इस प्रकार कार्यक्रम का समापन हुआ।

संचालन पंडित श्रेयांस जैन और ने किया।सभा मे अध्यक्ष सुरेंद्र जैन,मंत्री अनिल जैन,उपाध्यक्ष राजकुमार जैन, अनिल राजदूत,दीपक जैन, विवेक जैन,सचिन जैन,धन कुमार जैन, धनेंद्र जैन, प्रवीण जैन, मनोज जैन,सुभाष जैन, अशोक जैन, हंस कुमार जैन, प्रदीप जैन, मुकेश जैन,उदित जैन,सचिन जैन, दीपक जैन,शुभम जैन, अक्षय जैन,राहुल जैन, सुनील जैन, दिनेश जैन, राजेंद्र जैन आदि उपस्थित थे। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि कार्यक्रम के बाद मुनि संघ ने सरूरपुर की ओर मंगल विहार किया।

## छात्र-छात्राएं संयमित होकर पठन पाठन कर शहर व देश का नाम करे रोशन- राजेंद्र अग्रवाल

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**हापुड़।** एस.एस.वी कॉलेज, में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रदेश में अध्ययनरत युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु संचालित स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित अतिथिगणों द्वारा मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेंद 'अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा इसी महाविद्यालय से की थी और वे आज भी महाविद्यालय मे आने पर अभिभूत महसूस करते है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को तकनीक के यही उपयोग से अपनी शिक्षा में नए आयाम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया व छात्र-छात्राओं को अपने संयमित होकर अपने पठन-पाठन पर ध्यान देकर शहर व देश का नाम ऊंचा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के विशिष्ट सदर विद्यालय विजयपाल आढ़ती ने छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार निःशुल्क दिए जा रहे स्मार्टफोन व अन्य उपलब्धियों



तथा कहा कि सभी छात्र-छात्राएं पढ़ाई में इसका लाभ उठाए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री अमित अग्रवाल (छावनी वाले) ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 3500 स्मार्टफोन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को वितरण हेतु उपलब्ध कराए है जो कि पठन-पाठन में मिल का पत्थर साबित होंगे तथा छात्र-छात्राएं नई टेक्नोलाजी से लैस होकर पूरे विश्व से जुड़ जाएंगे। महाविद्यालय प्रबंध समिति के उप-मंत्री राजेंग्र अग्रवाल (रोशे) स्मार्टफोन का लाभ पा रहे सभी छात्र-छात्राओं को टैक्नोलॉजी का सदुपयोग करने की सलाह दी। प्राचार्य डॉ. नवीन चंद्र सिंह ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा प्रबंध समिति के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के प्रधान अशोक कुमार गुप्जा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को भगवान राम के जीवन चरित्र के ऊपर चलकर सफलता ग्रहण करने का मंत्र दिया। प्रोफेसर संगीता अग्रवाल व प्रोफेसर आर.के. शर्मा द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण व छात्र-छात्राए उपस्थित रहे थे।

# लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत आयोजित हुई कार्यशाला

### जिला महामंत्री संजय गुर्जर रहे मौजूद

मनोज सिंहल, पब्लिक एशिया

**स्याना/बुलंदशहर »** भारतीय जनता पार्टी द्वारा लाभार्थियों से संपर्क अभियान हेतु स्याना में कार्यशाला का आयोजन हुआ। भाजपाई पवन त्यागी के अहाते में आयोजित हुई कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री संजय गुर्जर ने भाग लिया तथा भाजपाइयों को आवश्यक दिशा निर्देशन दिया। कार्यशाला का संचालन वरिष्ठ भाजपाई संजय श्रोत्रिय ने किया। भाजपा स्याना नगर मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी ने कहा कि सभी भाजपाई पार्टी द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से व्यक्तिगत संपर्क करेंगे तथा भाजपा सरकार को फिर प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु



प्रेरित किया जाएगा। मुख्य अतिथि जिला महामंत्री संजय गुर्जर ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत शत प्रतिशत लाभार्थियों से संपर्क किया जाना है। शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्य कर अभियान को सफल बनाया जाएगा। वरिष्ठ भाजपाई विक्रांत त्यागी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार का नारा निश्चित रूप से मूर्त रूप लेता दिखाई देगा। भाजपा जनता से किए अपने वादों पर खरा उतर रही है। वैभव रस्तोगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश व जनता के उत्थान, विकास, सम्मान व सुरक्षा की दी जा रही गारंटी पूरा होने की पूर्ण गारंटी जनता को दिखाई दे रही है। राकेश वर्मा ने कहा कि पूरे विश्व में भारत को प्रभावशाली स्थिति में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की पूरे विश्व में चर्चा हो रही है। शक्ति संपन्न देश भी भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध कायम करने के लिए मजबूर हुए हैं। नीरज त्यागी सभासद ने कहा कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के सर्वधर्म-सर्वजाति के नागरिकों के लिए लिए कार्य कर रही है, जिससे विरोधी दलों की किसी बरगलाने वाली बातों पर जनता ध्यान नहीं दे रही है। विकास गुप्ता ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा विरोधी दलों का सूपड़ा साफ हो जाएगा तथा देश की जनता भाजपा के पक्ष में अपने विश्वास का पूर्ण प्रदर्शन करेगी। कार्यशाला में सुमित कुमार, सभासद सरिता आर्या, डॉ मेहंदी हसन सहित बड़ी तादाद में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## देश मे इमरजेंसी जैसे हालात : हसन अहमद



कादिर अब्बासी पब्लिक एशिया

**जहांगीराबाद।** दिल्ली मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के पूर्व विधायक व हज कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन हसन अहमद ने नगर के आकाश क्लीनिक पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि देश में इमरजेंसी जैसे हालात है ईडी के नाम पर विपक्ष को डराया जा रहा है उन्होंने बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती से भी अपील करते हुए कहा कि वह बाहर निकले और लोगों की समस्या के लिये लोगों के बीच में जाएं इस तरह से डर से घर बैठना ठीक नहीं है। कांग्रेस नेता हसन अहमद ने कहा कि देश में होने वाले लोकसभा चुनाव इंडिया गठबंधन मजबूती से लड़ेगा और जीतेगा कांग्रेस सिर्फ ऐसी पार्टी है जो सभी धर्म को लेकर सभी जातियों को लेकर साथ चल रही है और सड़कों पर उतरकर नया यात्रा कर रही है लेकिन भाजपा विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है कांग्रेस नेता हसन अहमद ने कहा कि 24 फरवरी को राहुल गांधी की न्याय यात्रा जनपद बुलन्दशहर के अनुपशहर विधानसभा में प्रवेश करेगी कांग्रेस नेता हसन अहमद ने कहा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तारीफ करते हुए कहा कि वह चट्टान की तरह डटे हुए हैं ओर नीतीश को पलटी मार बताते हुए कहा कि ऐसे इंसान का राजनीति में रहना ठीक नहीं है जो समय-समय पर जनता को धोखा देकर पलटी मरता हो, जनता आगामी चुनाव में नीतीश को सबक सिखाएगी दिल्ली में आप व यूपी में सपा से सीट सेरिंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी हाई कमान सीट बंटवारे को लेकर मंथन कर रहा है।

## मुख्य समाचार

## टैंट की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

### लाखों रुपए कीमत का सामान चलकर हुआ ख़ाक

अरविंद गोयल पब्लिक एशिया

**बेहट।** टैंट की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना में लाखों रूपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली बेहट इलाके के गांव फतेहपुर कलां अड्डे पर गांव अब्दुल्लापुर निवासी मोहन चौहान व जॉनी चौहान की टैंट व कैटरिंग की दुकान है। दुकान स्वामी मोहन चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की रात वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था। गुरुवार की तड़के किसी ने सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लग रही है। वे पानी का टैंकर लेकर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग में मैट, परदे, सीलिंग सहित बर्तन भी जलकर नष्ट हो गए। पीड़ित के मुताबिक घटना में करीब साढ़े तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।




## सूबे के मुखिया की शुभकामनाओं के साथ ही शुरू हुई बोर्ड परीक्षा

विपिन शर्मा, पब्लिक एशिया

**गागलहेडी।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की शुभकामनाओं के साथ ही प्रारंभ हुई उत्तरप्रदेश माध्मिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन की प्रथम पाली में दसवीं कक्षा के हिन्दी के प्रश्नपत्र को देखकर परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। गागलहेडी क्षेत्र के स्कूलो में लगे सेंटर जिनमें सियाराम इंटर कॉलेज,देहरादून रोड एचबीएच इंटर कॉलेज,राजकीय इंटर कॉलेज कैलाशपुर,राजकीय इंटर तिवाया व चौरादेव में करीब 96 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने तीसरी आंख की निगरानी में अपनी दसवीं की परीक्षा दी, जबकि किन्हीं कारणों से 4 प्रतिशत के करीब परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षा छोड़ी है। थानाध्यक्ष संदीप अधाना ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन की तरफ से थाना क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा के लिये पांच केंद्र बनाए गये है। जिनमें प्रथम पाली में हुई दसवीं कक्षा की परीक्षा नकलविहीन सकुशल संम्पन्न हो गई है। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रारंभ होगी।

### यूपी में बोर्ड परीक्षा का हुआ आगाज

## निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा कराने को प्रशासन अलर्ट



अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

**बेहट।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं का गुरुवार को आगाज हो गया। पहले पेपर को लेकर छात्र - छात्राएं उत्साहित नज़र आए। वही परीक्षा के दौरान शिक्षा विभाग और प्रशासन भी अलर्ट दिखाई दिए। एसडीएम बेहट ने क्षेत्र के सभी बोर्ड सेंटर्स का निरीक्षण किया और किसी भी तरह की लापरवाही और नकल रोकने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को यूपी बोर्ड को परीक्षाएं आरंभ हो गई। पहली और दूसरी पाली में बोर्ड परीक्षार्थियो में खासा उत्साह देखने को मिला। दसवीं और बारहवीं का पहला पेपर हिंदी का था। पेपर के बाद बच्चो के चेहरे खिले दिखाई दिए। नकलविहीन परीक्षा को लेकर पेपर के दौरान सभी सेंटरो में बच्चो की तलाशी लेकर एंट्री दी गई। उधर, उपजिलाधिकारी बेहट दीपक कुमार ने भी जनता इंटर कालेज बेहट, पब्लिक इंटर कालेज साढ़ोली कदीम, यमुना खादर इंटर कालेज कांबोह माज़रा सहित विभिन्न इंटर कालेज में पहुंचकर जहां परीक्षार्थियो का हौंसला बढ़ाया वहीं नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## आसान प्रश्न पत्र पाकर खिले छात्रों के चेहरे



तहरीर अब्बास पब्लिक एशिया

**चिलकाना।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल प्रथम पाली में हुई हिंदी विषय की परीक्षा में आसान प्रश्न पत्र देख छात्रों के चेहरे खिल उठे। परीक्षा के पहले दिन कई छात्र अनुपस्थित रहे। बीरवार को एस.डी. इंटर कॉलेज पठेड के केंद्र व्यवस्थापक शशि राणा ने बताया है कि हाई स्कूल हिंदी बोर्ड परीक्षा में कुल 582 छात्र पंजीकृत थे जिसमें 509 छात्र उपस्थित व 73 छात्र अनुपस्थित रहे। जे.जे.इंटर कॉलेज सुल्तानपुर चिलकाना केंद्र व्यवस्थापक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि केंद्र पर कुल 497 परीक्षार्थी हिंदी विषय की परीक्षा के लिए पंजीकृत थे जिनमें से 451 छात्र उपस्थित व 46 छात्र उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में हुई इंटरमीडिएट की परीक्षा के साहित्यिक हिंदी विषय में कुल 241 छात्र पंजिकृत थे। जिसमें से 225 उपस्थित व 16 अनुपस्थित रहे। वहीं सामान्य हिंदी में कुल 243 छात्रो में से 225 उपस्थित व 18 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज गुमटी के केंद्र व्यवस्थापक सन्नी तेगवाल ने बताया कि हाई स्कूल प्रथम पाली हिंदी परीक्षा में कुल 363 छात्रों में से 330 उपस्थित व 33 छात्र अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट परीक्षा में 390 छात्रों में से 353 छात्र उपस्थित व 37 छात्र अनुपस्थित रहे।

## शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

### नानौता में पहली पाली में 20 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा




अंकुर जैन, पब्लिक एशिया

**सहारनपुर।** यूपी बोर्ड की कक्षा 10 और 12 की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू हो गई हैं। प्रथम दिन दसवीं के 20 छात्र छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। दोनो ही पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। इस बार परीक्षा में सुरक्षा व्यवस्था पहले की अपेक्षा और भी अधिक सख्त दिखाई दी।

नगर नानौता के किसान सेवक इंटर कॉलेज में दोनो पालियों की परीक्षाओं में छात्र छात्राओं को कतार में लगाकर चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया। प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया प्रथम पाली में कक्षा 10 का हिंदी का एग्जाम था, जिसमें कुल 698 विद्यार्थियों में से 20 अनुपस्थित रहे और 678 ने परीक्षा दी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 8.30 से शुरू होकर 11.45 तक चली। जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे शुरू हुई और शाम 5.15 तक चली। दूसरी पाली में कक्षा 12 का हिंदी का एग्जाम था और कक्षा 10 का वाणिज्य का एग्जाम हुआ।

परीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों के बाद ज्यादा सख्ती दिखाई दी। नकल को रोकने के लिए समस्त कॉलेज प्रबंधकों द्वारा सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। सभी परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न हुई।

## धूमधाम से निकाली गई रविदास जयंती शोभायात्रा

तहरीर अब्बास, पब्लिक एशिया।

**चिलकाना।** क्षेत्र के ग्राम मरोड़गढ़ व सुचेला देवा में रविदास जयंती शोभायात्रा बड़ी धूमधाम के साथ निकली गईं । चिलकाना क्षेत्र के ग्राम मरोड़गढ़ उर्फ कातला मे रविदास जयंती शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई । सुबह के समय गांव के रविदास मंदिर मे अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने विशेष पूजा अर्चना व हवन किया। उसके पश्चात समाज के लोगों ने डीजे व ढोल के साथ रविदास मंदिर से बड़ी धूमधाम के साथ रविदास जयंती शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा अनुसूचित बस्ती से होते हुए रविदास मंदिर पर जाकर संपन्न हुई । शोभायात्रा में धार्मिक झांकी व धार्मिक धुन पर बजते डीजे पर नृत्य करते समाज के लोग सभी को अपनी और आकर्षित कर रहे थे । रथ पर रविदास जी की मूर्ति लेकर बैठने का सौभाग्य सोनू पुत्र मामराज को मिला । रविदास जयंती शोभायात्रा संपन्न होने के पश्चात रविदास मंदिर में प्रसाद स्वरूप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शोभायात्रा में कृष्ण प्रधान, रामपाल डीलर, मानसिंह एडवोकेट, कबूल सिंह, सोम कुमार, बंसीलाल, दिलीप कुमार, बलजीत कुमार, दीपक चन्द, रामपाल, मोहित कुमार, देवेंद्र कुमार, चरण सिंह, संजय कुमार, महेंद्र कुमार, सोमा, राजपाल आदि गांव के बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति समाज के लोग उपस्थित रहे। उधर क्षेत्र के ग्राम सुचेला देवा में भी अनुसूचित जाति समाज के लोगों ने रविदास जयंती बड़ी धूमधाम के साथ निकली ।रविदास जयंती शोभायात्रा गांव के रविदास मंदिर से आरंभ होकर गांव की अनुसूचित जाति बस्ती से होते हुए रविदास मंदिर पर आकार विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुई ।



## अवैध तमंचे के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




अरविंद गोयल, पब्लिक एशिया

**बेहट।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने आर्म्स एक्ट की संगीन धाराओं में चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

बेहट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक योगेश शर्मा ने बताया कि उप निरीक्षक हरिओम सिंह व हैंड कांस्टेबल गौरव राणा के साथ मिलकर लोदीपुर मार्ग पर चैकिंग कर रहे थे। चैकिंग के दौरान उन्होंने एक युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते देखा तो उसे रोक कर तलाशी ली तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा मय कारतूस के बरामद हुआ। तमंचा बरामद होने पर कड़ाई से पूछताछ की तो उसने अपना नाम अहकाम पुत्र जुमशेद निवासी ग्राम लोदीपुर थाना बेहट बताया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह पढ़ा लिखा नहीं है तथा नशे का आदी है।

## कादरपुर में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती




पब्लिक एशिया ब्यूरो

**बेहट।** तहसील बेहट के गांव कादरपुर मे संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनायीं गयी इस दौरान मनमोहक झाँकिया आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभायात्रा से पूर्व वक्ताओ ने सभी से संत रविदास के पदचिन्हो पर चलने की अपील की।

गुरुवार को गांव कादरपुर मे संत शिरोमणि रविदास की जयंती बड़ी धूमधाम हर्षोउल्लास के साथ मनायीं गयी। मुख्य अतिथि अकरम मलिक ने फीता काटकर जयंती का शुभारम्भ किया।

इस दौरान वक्ताओ ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सब मिलकर उनके बताये मार्ग पर चलना चलें। सभी को समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के लिए आगे आना होगा। शोभायात्रा में सुंदर-सुंदर झांकियां आकृषण का केंद्र बनी हुई थी। पूरा गांव धार्मिक धूनों के कारण भक्तिमय हो रहा था।

इस अवसर पर डॉक्टर अफसरून, पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रधुमन सिंह, जितेंद्र कुमार, बालचंद कुमार, बबलू सिंह, शुभम कुमार, अंकित कुमार, मुल्की राज, राजेंद्र, चमन, विजयपाल, आशीष कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पुलिस ने चोरी की वारदात का किया पर्दाफाश, दो किए गिरफ्तार



**हापुड़** जनपद नगर थाना क्षेत्र देहात पुलिस ने अल्प समय में चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के ग्राम ददायरा में बंद पड़े मकान में घुसकर चोरो ने हजारों रुपए की नगदी, आभूषण, घड़ी, मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। पीड़ित ने पुलिस से अनुरोध किया था कि जल्द से जल्द वारदात का पर्दाफाश किया जाए। जिसके क्रम में अल्प समय ने पुलिस को मुखबिर से चोर के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। जिस सूचना की सहायता से उन्होंने चोरो को कड़ी मशक्कत कर धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ग्राम ददायरा थाना हापुड़ देहात निवसी दीपक और अंकित है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 24220 रुपए, स्मार्ट वॉच, एक एचएमटी घड़ी, सफेद व पीली धातु के आभूषण व एक मोबाइल बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी शातिर किस्म के चोर है। पता चला है कि यह चोर पहले भी कई चारी की बारदात को अंजाम दे चुके थे।

## न्यायालय द्वारा अवैध मादक पदार्थ बेचने के अपराधी को सुनाई गई 6 माह सजा

**हापुड़।** जनपद में पुलिस ने अवैध रूप से मादक पदार्थों को रखने व बेचने के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया था। जिसको न्यायालय द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थों को रखने व बेचने के आरोप में 6 माह की सजा सुनाई गई। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थो को बेचते पाया गया था। जिसके संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा एनडीपीएस एक्ट थाना बहादुरगढ़ पर पंजीकृत किया गया था। आपको बता दें कि पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी हितेश पुत्र लक्ष्मण उर्फ लाला निवासी चॉदनेर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ का है।

## जिला बदर अभियुक्त को जनपद सीमा से नानौता पुलिस ने किया निष्कासित

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस द्वारा जिला बदर अभियुक्त को नोटिस तामिल करते हुए जनपद सहारनपुर की सीमा से निष्कासित किया गया। थाना पुलिस द्वारा विधिपूर्वक नोटिस तामिल एवं मुनादी कराते हुए अभियुक्त को हिदायत देते हुए जनपद की सीमा से बाहर छोड़ा गया। एसएसपी सहारनपुर डॉ0 विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद भर में पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष नानौता अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जिला बदर अभियुक्त नानौता के मोहल्ला अफगानान निवासी अफजाल पुत्र तौफीक को जनपद की सीमा से बाहर छोड़ा गया। थाना पुलिस द्वारा बताया गया है कि अभियुक्त को गुंडा अधिनियम में प्रभावी निवारक कार्रवाई कर एसडीएम रामपुर मनिहारान के अधिशानुसार जिला बदर घोषित किए जाने के आदेश के अनुपालन में यह कार्रवाई की गई है। अभियुक्त के घर पर मौजूद मिलने पर जिला बदर का नोटिस तामील करते हुए मुनादी कराई गई एवं विधिपूर्वक नोटिस तामिल कराया गया। अभियुक्त को पुलिस द्वारा हिदायत देते हुए जनपद सहारनपुर की सीमा से बाहर छोड़ गया।

## सात साल में यूपी की जीडीपी व प्रति व्यक्ति आय दोगुनी : सीएम योगी

### पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत : मुख्यमंत्री

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत तेजी के साथ आगे बढ़ती नई अर्थव्यवस्था है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हम देश पर 200 वर्ष शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश के साथ ही उत्तर प्रदेश ने भी अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है। पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है।

सीएम योगी गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ गोरखपुर में आयकर विभाग के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा इंफ्रास्ट्र• र मौजूद है। यहां का सीडी रेशियो 45 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। अगले वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। प्रदेश में इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या भी बढ़ी है। वर्ष 2014 में जहां एक लाख 45 हजार लोग इनकम टैक्स रिटर्न भरते थे, आज वह संख्या 12 लाख पर पहुंच चुकी है। बैंकों की तरफ से भी उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सर्वाधिक रुचि दिखाई गई है।





**विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में नागरिक दायित्वों का निर्वहन महत्वपूर्ण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार टैक्सपेयर्स के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर रही है। टैक्सपेयर्स से मिला पैसा ही देश के विकास के काम आता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिक कर्तव्यों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। हर व्यक्ति अपनी भूमिका को अच्छे से समझ कर उसका निर्वाह करेगा तो विकसित भारत का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयकर दाताओं को कर जमा करने के लिए स्वतः स्फूर्त तैयार करना नागरिक दायित्व भी है। यदि पैसा नहीं होता तो बेहतरीन इंफ्रास्ट्र• र कैसे दिया जा सकता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय समावेशन के क्रांतिकारी अभियान यथा अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, मुद्रा ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, बीसी सखी जैसी योजनाओं का लाभ व्यापक पैमाने पर लोगों को मिला है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भारत सरकार और वित्त मंत्रालय का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है।

**यूपी दंगा मुक्त, कानून व्यवस्था बेहतरीन :** सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) ने नई ऊंचाई को छुआ है। पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद जब उन्होंने इन्वेस्टर्स समिट करने को कहा तब उन्हें बताया गया कि प्रदेश को 20 हजार करोड़ रुपये का ही निवेश मिल सकता है। इस पर सवाल करने पर कहा गया कि उत्तर प्रदेश से लोगों का भरोसा टूट चुका है इसलिए यहां लोग निवेश नहीं करना चाहते।आज उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है, यहां गुंडागर्दी नहीं है, कानून व्यवस्था बेहतरीन है। उसका परिणाम भी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की उपलब्धियों में देखा जा सकता है।

**यूपी में आस्था भी और आजीविका भी :** सीएम योगी ने कहा कि आज अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का एक माह पूरा हो रहा है। एक माह में वहां 62 से 65 लाख श्रद्धालु पधार चुके हैं। अयोध्या के विकास के समय जिन व्यापारियों को कुछ संशय था, उन्हें पुनर्वासित करने का वचन निभाया गया।

## नानौता पुलिस ने साइबर ठगी के 25 हजार रु. कराए पीड़ित को वापिस




पब्लिक एशिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** नानौता पुलिस ने साइबर ठगी के 25 हजार रुपए बरामद कराए जाने में सफलता हासिल की है। पुलिस के इस कार्य से पीड़ित और उसके परिवार सदस्यों के चेहरे पर खुशी छा गई और उन्होंने सहारनपुर पुलिस का धन्यवाद अदा किया।

नानौता थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि दिनांक 07.09.2023 को ग्राम खुडाना निवासी मित्र पाल पुत्र संतु ने तहरीर देकर बताया था कि उसके साथ 50 हजार रुपए की ठगी हुई है। साइबर ठगी की शिकायत मिलते ही नानौता पुलिस व साइबर सेल हरकत में आ गई तथा उप निरीक्षक शीशपाल सिंह, राहुल देशवाल, कम्प्यूटर आपरेटर कपिल देव, विनित मलिक व कांस्टेबल आकाश आदि की एक टीम खुलासे के लिए गठित की। काफी प्रयास के बाद पुलिस आज दिनांक 22 फरवरी 2024 को 25 हजार रुपए बरामद करने में कामयाब हो गई। साइबर ठग से 25 हजार रुपए बरामद होने के बाद पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को बुलाकर 25 हजार रुपए उसे सौंप दिए। रूपए मिलने के बाद जहां पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस का आभार जताया, वहीं पुलिस की इस कार्रवाई की पूरे क्षेत्र

## संबंध विच्छेद

मैं अपने पुत्र सौरभ मित्तल व पुत्रवधू राशि मित्तल को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूं। अब इनके किसी कृत्य, लेनदेन का मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना देना नहीं होगा।

*विनोद मित्तल पुत्र दौलतराम*
*रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।*

मुख्य समाचार

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन

गांव फिरोजपुर नमक के बाद लघु सचिवालय तक मतदाताओं को जागरूक किया विद्यार्थियों ने



जुबैर खान पब्लिक एशिया

**नूंह »** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा के निर्देशानुसार वीरवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जेबीटी कालेज फिरोजपुर नमक में विद्यार्थियों की ओर से मतदाता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरुकता रैली को एफएलएन कॉआर्डिनेटर कुसुम मलिक ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ गेटी के प्रिंसीपल संजय कुमार भी उपस्थित थे। कुसुम मलिक ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं में जागरुकता लाने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली गांव फिरोजपुर नमक में घूमते हुए लघु सचिवालय तक पहुंची। इस रैली के दौरान विद्यार्थियों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारे लगाए। सभी विद्यार्थी हाथों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्लोगन की पट्टी ले रखी थी। उन्होंने ग्रामीणों को वोट का महत्व, मतदान की प्रक्रिया, लोकतंत्र की मजबूती में मतदान की भूमिका तथा चुनाव में अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए जागरूक किया।

## मिशन बुनियाद लेवल टू के लिए नूंह जिले से 772 विद्यार्थी हुए क्वालीफाई : डीईओ

लेवल टू की परीक्षा 29 फ़रवरी को होगी : परमजीत चहल

पब्लिक संवाददाता संवाददाता

**नूंह »** जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने जानकारी सांझा करते हुए बताया की आज मिशन बुनियाद लेवल वन का परिणाम जारी किया गया है जिसमे से नूंह जिले से लेवल टू के लिए 772 बच्चों ने परीक्षा को उत्तीर्ण किया। उन्होंने बताया की हरियाणा सरकार और विकल्प फाउंडेशन द्वारा चलाया जा रहे मिशन बुनियाद कार्यक्रम जिसकी शुरुआत वर्ष 2022 की गई थी। पूरे हरियाणा में शिक्षा विभाग द्वारा 103 केंद्रों का गठन किया गया जिसमे कुल 206 कक्षारूम बनाएं गए हैं, जिसमें आनलाइन कक्षाएं संचालित की जाती है। इस योजना के तहत 9वीं और 10वीं कक्षा के पांच हजार से अधिक विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मिशन बुनियाद कक्षाओं मे सभी विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा के साथ अलग अलग प्रतियोगिता मूलक परीक्षाओं के तैयारियां भी कराई जाती हैं। गत वर्ष मिशन बुनियाद बैच 2024-26 के लिए 2 फरवरी को लेवल 1 की प्रवेश परीक्षा 119 खंडों के कुल 216 परीक्षा केंद्रों में अनुष्ठित की गई थी, जिसमे 63 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधीकारी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा 21 फ़रवरी को मिशन बुनियाद लेवल-1 का रिजल्ट जारी किया गया हैं, जिसका परिणाम इस लिंक से देख सकते है https://admission.vikalpa.org.in/student-registrations जिसमे पूरे हरियाणा से 23011 विद्यार्थियों का चयन हुआ हैं। जिसमे कुल 12785 छात्रा और 10226 छात्रों को चुना गया। इस वर्ष भी इस परीक्षा में लड़कियों को बाजी मारते हुए देखा गया और रिजल्ट मे आधे से ज्यादा संख्यों से लड़किया आगे हैं। वहीं जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य ने बताया की नूंह जिले से 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने इस प्रवेश परीक्षा में भाग लिया, जिनमे से 772 विद्यार्थियों का चयन हुआ। नूंह खंड से 213 , तावडू खंड से 274, फिरोजपुर झिरका खंड से 115, पुन्हाना खंड से 83 और नगीना खंड से 87 लेवल 1 मे चयनित विद्यार्थी है, ये सभी विद्यार्थी अब 29 फ़रवरी को मिशन बुनियाद लेवल -2 प्रवेश परीक्षा मे भाग लेंगे जो जिला स्तर पर अयोजित की जाएगी। लेवल -2 मे 23 हजार 11 मे से कुल पांच हजार छात्रा को चुना जाएगा जो लेवल-3 के पवेश परीक्षा मे भाग लेंगे। और उनमे से ही कुल तीन हजार छात्रा को इस कार्यक्रम से जुड़ने का मौका मिलेगा। लेवल-2 प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र आगामी एक दो दिनों मे जारी कर दिया जाएगा। लेवल टू का कुल 200 अंक के पेपर होगा जिसमे 4 अंकों के 50 प्रश्न पूछा जायेंगे।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की मौजूदगी में भारतीय कमेरावर्ग पार्टी का कांग्रेस में विलय

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया





**चंडीगढ़, »** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ उदयभान और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की मौजूदगी में भारतीय कमेरावर्ग पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और कोसली से पूर्व प्रत्याशी रहे प्रोफ़ेसर महेश कुमार के नेतृत्व में आज पार्टी की राष्ट्रीय कमेटी, प्रदेश कमेटी तथा जिला व हलका पदाधिकारियों ने कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए अपनी पार्टी का विलय किया और प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लड़ाई को मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर दीपेंद्र हुड्डा ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने सभी को पार्टी में उचित मान-सम्मान देने का भरोसा देते हुए कहा कि कमेरावर्ग पार्टी के कांग्रेस पार्टी में विलय से हरियाणा में पार्टी को और अधिक मजबूती मिलेगी। सभी साथी जमीनी संघर्ष से जुड़े रहे हैं और इन्होंने प्रदेश में प्रजातंत्र को बचाने के लिये कांग्रेस पार्टी को समर्थन दिया है। कमेरा वर्ग पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. मेहश कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग को दबाने में लगी है। 10 साल पहले जो हरियाणा कांग्रेस की हुड्डा सरकार में तेजी से आगे बढ़ रहा था उसे दोबारा से प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिये कमेरावर्ग पार्टी का कांग्रेस पार्टी में विलय का फैसला किया गया है। हर एक कार्यकर्ता अनुशासित सिपाही की तरह कांग्रेस पार्टी के लिये काम करेगा और प्रदेश की जनविरोधी और तानाशाह सरकार को सत्ता से हटाने का काम करेगा। हरियाणा में अब हुड्डा जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने सभी को पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि जब-जब गरीब, वंचित, दलित व पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पार्टी से विमुख हुआ है तब-तब कांग्रेस हारी है और सबसे ज्यादा अत्याचार इन वर्गों पर हुआ है। लेकिन, जब ये वर्ग कांग्रेस के साथ आया तब न सिर्फ कांग्रेस सरकार बनी, बल्कि इन वर्गों का भरपूर विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस परिवार तेजी से मजबूत हो रहा है और प्रदेश की गठबंधन सरकार अब चंद महीनों की मेहमान बची है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में काँग्रेस के पक्ष में बदलाव की लहर है। पिछले करीब 1.5 वर्ष के दौरान में •छ्क्क छ्छ्क्क ढ्ढह्स्ष्ठ,्र क्क जैसे दलों को छोड़कर 36 से ज्यादा पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, वरिष्ठ नेता, पार्टी पदाधिकारी, हज़ारों कार्यकर्ता, नेता प्रतिपक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान की अध्यक्षता में कांग्रेस जॉइन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी सरकार है जिसके राज में हरियाणा विकास की पटरी से उतर गया और बेरोजगारी में नंबर 1 बन गया। आज देश में प्रजातंत्र का गला घोंटा जा रहा है, जिसकी पूरी तस्वीर चंडीगढ़ मेयर चुनाव में देश ने देखी है। बीजेपी सरकार अब देश के संविधान को बदलने की साजिश रच रही है लेकिन हम देश के संविधान का एक शब्द भी बदलने नहीं देंगे। कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ देश के प्रजातंत्र, संवैधानिक अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार जिस तरह अनियंत्रित निजीकरण करके देश की संपत्ति को चंद उद्योगपतियों के हवाले कर रही है उसका सबसे ज्यादा नुकसान गरीब, वंचित और कमेरे वर्ग का होगा। आज देश पर बेतहाशा कर्जा बढ़ गया है और देश आर्थिक तौर पर खोखला हो गया है।

कांग्रेस पार्टी ने वर्षों तक जिन संस्थाओं को खड़ा किया उनको बेचकर बीजेपी सरकार खर्चा चला रही है। लेकिन जब ये पैसा भी खत्म हो जाएगा तो भयंकर आर्थिक संकट पैदा हो जाएगा भारतीय कमेरावर्ग पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक प्रोफ़ेसर महेश कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले राष्ट्रीय व प्रदेश पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से प्रीतम कुमार जांगिड़ (पूर्व प्रत्याशी रेवाड़ी) तथा राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष, पुष्पा जांगिड नेशनल कोऑर्डिनेटर, नीरज जाटव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं इंचार्ज यूथ प्रकोष्ठ,चौ.जगमाल सिंह राष्ट्रीय महासचिव,आर.एस. गौतम राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, चौ. रहीश खान राष्ट्रीय सचिव,नवीन यादव (पूर्व प्रत्याशी कोसली)एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य,लालसिंह कैत (पूर्व प्रत्याशी जगाधरी) एवं प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष, सुनील कटारिया (पूर्व प्रत्याशी पटौदी)एवं प्रदेश उपाध्यक्ष, सतीश मेहरा प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ, बाला देवी प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, रणबीर सिंह कंकरवाल प्रदेश अध्यक्ष बीसी प्रकोष्ठ, अत्ताउल्लाह ख़ान फारूक प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ऑरियन कुमार प्रदेश अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ, पुष्कर नम्बरदार नाहड प्रदेश महासचिव, राधेशयाम (पूर्व चेयरमैन ब्लॉक समिति) प्रदेश महासचिव शामिल रहे।

इसी प्रकार प्रदेश कमेटी एवं लोकसभा इंचार्ज तथा जिला पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश जांगिड़ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कटारिया, प्रदेश महासचिव रमेश डावला, प्रदेश महासचिव शशिकांत मेहरा, प्रदेश महासचिव पुष्कर नंबरदार, प्रदेश महासचिव राधेश्याम रिवाल, प्रदेश सचिव विजय बाल्मिकी, प्रदेश सचिव वीरेंद्र सिंह दहिया, प्रदेश सचिव दीपचंद, प्रदेश सचिव सुखबीर सिकंदरपुर, प्रदेश सचिव पवन जांगिड़, रोहतक लोकसभा इंचार्ज महेन्द्र जांगिड़, राजकुमार अंबाला लोकसभा इंचार्ज, बलजीत सिंह डाडलु कुरुक्षेत्र लोकसभा इंचार्ज, हेमंत नरवाल करनाल लोकसभा इंचार्ज, अमित एडवोकेट सोनीपत लोकसभा इंचार्ज, राजेन्द्र सरोहा सिरसा लोकसभा इंचार्ज, राजेन्द्र मोठ हिसार लोकसभा इंचार्ज, रोशल फौजी महेन्द्रगढ़ भिवानी लोकसभा इंचार्ज, नरेश जांगिड़ गुड़गांव लोकसभा इंचार्ज, शाहिद बीबीपुर गुड़गांव लोकसभा इंचार्ज, लक्ष्मण बड़गुर्जर फरीदाबाद लोकसभा इंचार्ज, रंजीत सिंह सोशल मीडिया इंचार्ज शामिल हैं। इसके अलावा जिलों के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से रोहतक जिलाध्यक्ष कृष्ण पांचाल, झज्जर जिलाध्यक्ष दीवान रंगा, रेवाड़ी जिलाध्यक्ष शिव दहिया, मेवात जिलाध्यक्ष जुनैद बिसरु, गुरुग्राम जिलाध्यक्ष चन जांगिड़, फरीदाबाद जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, पलवल जिलाध्यक्ष योगेश दुर्धाला, महेन्द्रगढ़ जिलाध्यक्ष अशोक जांगिड़, दादरी जिलाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, भिवानी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, हिसार जिलाध्यक्ष हरीश चंद्र, फतेहाबाद जिलाध्यक्ष सोनू भुक्कल, सिरसा जिलाध्यक्ष रमेश रंगा, जींद जिलाध्यक्ष सुमित कौशिक, कैथल जिलाध्यक्ष दिनेश भाटिया, कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष राजकुमार सरोहा, अम्बाला जिलाध्यक्ष दिनेश रछेड़ी, पंचकूला जिलाध्यक्ष शशि कुमार, यमुनानगर जिलाध्यक्ष जीतराम, करनाल जिलाध्यक्ष बलदेव मेहरा, पानीपत जिलाध्यक्ष कुलदीप नरवाल, सोनीपत जिलाध्यक्ष रणसिंह रंगा ने पार्टी का दामन थामा।

## बीएमयू में मुहिम कैंसर के खिलाफ विषय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर

पब्लिक संवाददाता संवाददाता



**रोहतक »** विश्वविद्यालय की करियर काउंसिलंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा कैंसर जागरुकता अभियान ''एक मुहिम कैंसर के खिलाफ'' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर आयुर्वेद संकाय, फिजियोथरेपी, नर्सिंग, , राष्ट्रीय सेवा योजना (ह्रस्स्) एवं विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ''डॉ. सुरेन्द्र डबास'' वाइस चेयरमैन BLK-MAX अस्पताल द्वारा कैंसर उत्पत्ति के कारणों, नियमित जांच, लक्षण, कार्ट-टी सेल थैरेपी, रोबेटिक सर्जरी, निदान, उपचार चिकित्सा का चयन, विशेषज्ञों से सलाह का महत्व, कैंसर के बारे में मिथक, कैसे रेडिंशन कैंसर सेंल को प्रभावित करती है, कैंसर टीकाकरण जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई और छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वह कैसे कैंसर पीडित मरीजों को इससे सम्बन्धित विषयों के लिए जागरूक कर सकते हैं। इस अवसर पर बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की प्रो चांसलर डॉ. अंजना राव अपने संबोधन में कहा कि भविष्य में सामाजिक कल्याण तथा जागरुकता के लिए ऐसे स्वास्थ्य सम्बन्धी गोष्ठी का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि छात्र-छात्राओं को नए-नए अविष्कारों तथा स्वास्थ्य जगत की नई उपलब्धियों तथा इलाज के नए तरीकों के ज्ञान प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम के अंत में कैरियर काउंसिलंग एवं प्लेसमेंट सेल के चेयर मैंन, प्रो. मनोज अंतिल ने कार्यक्रम में उपस्थित कुलसचिव, डॉ. मनोज वर्मा, डीन अकेडिमक अफेयर, प्रो. नवीन कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. ललित कुमार, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो. रवि राणा, डॉ. अजय डबास, श्रीमान कपिल मलिक तथा श्रीमान विक्रम जीत, डॉ. प्रवीण भट्ट, डॉ. विकास भारद्वाज एवं देवेंद्र का धन्यवाद किया तथा छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर कैरियर काउंसलिंग तथा प्लेसमेंट सेल के सदस्यों, डॉ. मोनिका चाहर, डॉ. अष्टलक्ष्मी, डॉ. अरुप गिरी तथा डॉ..अभिषेक की कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।

## गरीब व मजदूर में ही भगवान का वास है और मैं इन्हीं लोगों की सेवा करके अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता हूं : विजय जैन

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया



**पानीपत »** ग्रामीण हलके के भाजपा के वरिष्ठ नेता व निवर्तमान पार्षद विजय जैन ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत जाटल रोड स्थित फौजी कॉलोनी गांव सोंदापुर में प्रमिला लटवाल द्वारा आयोजित एक जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में बोलते हुए विजय जैन ने कहा है कि मेरा मकसद पानीपत ग्रामीण हल्के की राजनीति की दिशा और दशा बदलने का है। उन्होंने कहा कि मैं ग्रामीण हलके की जनता की सेवा तन मन धन से करता रहूंगा। उन्होंने कहा है कि हल्के की बाहरी कॉलोनी में जो गरीब वह असहाय गरीब व मजदूर लोग बसे हैं मैं उनके दुख दर्द में हमेशा खड़ा मिलूंगा और उनकी सहायता करता रहूंगा।

जैन ने कहा है कि गरीब व मजदूर में ही भगवान का वास है और मैं इन्हीं लोगों की सेवा करके अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहता हूँ। उन्होंने कहा है कि आगामी लोकसभा व विधान सभा के चुनावों में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के सरकारें बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश में जन कल्याणकारी योजनाएं जो की बाहरी कॉलोनी में चल रही है वह यथावत जारी रखेंगे। वहीं पानीपत ग्रामीण विकास मोर्चा के अध्यक्ष सतपाल राणा ने कहा है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय जैन में समाज सेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा है। उन्होंने कहा कि जैन के मन में गरीब मजदूर व सारे लोगों के लिए मन में एक तड़प रखते है। ऐसे साफ सुथरी छवि वाले व्यक्ति का पानीपत ग्रामीण विधानसभा से चुनाव लड़ना हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। राणा ने कहा है कि विजय जैन का परिवार पिछले 30 वर्षों से समाज सेवा से जुड़ा है इस परिवार की समाज सेवा कोई राजनीतिक फायदे के लिए नहीं है। यह परिवार पानीपत शहर में कहीं धार्मिक और सामाजिक संगठनों और गौशालाओं से जुड़ा हुआ है इन्हीं के अहम योगदान से यह संस्थाएं चलती है। इस अवसर पर सुनीता देवी, एलएसबीटी स्कूल के महाप्रबंधक वीरेंद्र सैनी, रविंद्र सैनी, मास्टर नरेंद्र शर्मा, राजवीर कश्यप, सुमित्रा देवी, पूनम रानी, राजवीर सिंह, रमेश मौर्य, एडवोकेट मनोज सरोहा, पंडित शिवकुमार शर्मा, आदि सैकड़ो लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## वोट की चोट से करेंगे सरकार को धाराशाई...

सुकरमपाल, पब्लिक एशिया





**रोहतक »** ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा द्वारा संचालित क्रमिक अनशन के ग्यारहवें दिन जिला फरीदाबाद के पांच साथी क्रमिक अनशन पर बैठे क्रमिक अनशन पर जिला फरीदाबाद के पेंनशनर्ज सुरजीत सिंह बंगा,ओ पी वर्मा,एस पी भाटिया, भजनलाल व बलजीत सिंह तेवतिया क्रमिक अनशन पर बैठे। सभी अनशन पर बैठने वाले साथियों को कर्नल रणधीर सिंह मलिक (प्रेसिडेंट हरियाणा एक्स सर्विस लीग ) व मेजर जनरल रामफूल सहाय ने फूलमाला पहनाकर अनशन पर बैठाया और अपने सम्बोधन में कहा कि ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा की मांगे बिल्कुल सही है और हम इनका समर्थन करते हैं।धनराज ( प्रेसीडेंट आल इंडिया किसान मजदूर संघ) ने भी अनशन स्थल पहुंच कर अपना समर्थन दिया ज्वाइंट एक्शन कमेटी के सदस्य देवराज नांदल , मेंहर सिंह नैन , बाबूलाल यादव, जलकरण बल्हारा, वीरेंद्र शर्मा व भल्ले राम बूरा ने बताया कि रिटायर्ड कर्मियों की मांगों में मुख्य रूप से 65, 70, व 75 वर्ष आयु उपरांत क्रमशः 5|,10| व 15| की बेसिक पेंशन वृद्धि सभी बिमारियों के लिए कैशलस मेडिकल सुविधा लागू की जाए व चिकित्सा भत्ता 1000/- की बजाय 3000 /- रू प्रति मासिक किया जाए,कम्युटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर पहले की तरह 12 वर्ष की जाए फैमिली पेंनशरज को भी एलटीसी की सुविधा दी जाए। करोना काल का 18 महीने का बकाया डीए एरियर शीघ्र जारी किया जाए।इस क्रमिक अनशन के अवसर पर सभी साथियों ने आरोप लगाया कि

सरकार की हठधर्मिता के चलते सभी वर्ग आंदोलनरत हैं। इस कारण सेवानिवृत्त कर्मचारीयों में जबरदस्त रोष व्याप्त है।ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के सदस्य मेहर सिंह नैन व देवराज नांदल ने कहा कि मौजूदा सरकार से कोई भी वर्ग खुश नहीं हैं जिससे कर्मचारी , किसान पहलवान व पेंनशर सब आन्दोलनरत है क्योंकि हरियाणा सरकार अपना कोई भी फैसला लेने में सक्षम नहीं है ओर हमेशा केन्द्र की कठपुतली का काम करती है। सभी पेंशनर्स नेताओं ने आगाह किया व चेतावनी दी कि समय रहते सरकार पैंशनर्ज की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करे अन्यथा वोट की चोट से सरकार को सबक सिखाएंगे।सभी वक्ताओं ने सरकार से अपील कि कि पेंनशनर्ज की मांगों को पूरा करें। सरकार इस आन्दोलन को हल्के में लेने की ग़लती ना करें अन्यथा मौजूदा सरकार का हाल भी हिमाचल प्रदेश वाला ही होगा क्योंकि हरियाणा के 3.25 लाख पेंशनर चुनाव का रूख मोड़ने में सक्षम है। मेहर सिंह नैन,प्रेम सिंह सैनी व वीरेंद्र शर्मा , जिला प्रधान फरीदाबाद सुरजीत सिंह बंगा ने बताया कि दिनों दिन पेंनशरज को बहुत सारे संगठनो का समर्थन मिल रहा है ओर समर्थन बढ़ता ही जा रहा है। राधेश्याम सैनी ने सभी पेंशनर्स का गीत गाकर उत्साह बढ़ाया। कल 23 फरवरी 2024 को मुख्यमंत्री के गृह जिले करनाल के पेंनशर साथी क्रमिक अनशन पर बैठेंगे।आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल यादव ने की व मंच संचालन वरिष्ठ कर्मचारी नेता मेंहर सिंह नैन ने किया।आज के वक्ताओं मे सुरजीत सिंह बंगा फरीदाबाद अशोक कुमार,लछ्मन दास रामफल , व वरिष्ठ कर्मचारी नेता देवराज नांदल , बाबूलाल यादव , भल्ले राम बूरा , जलकरण बल्हारा , प्रेम सिंह सैनी , तूही राम शर्मा , रामचन्द्र शर्मा, ईश्वर सिंह सैनी, सहदेव सिंह, राजेन्द्र फोगाट, जयकिशन दलाल, राजबीर भदाणी, धनपति हुड्डा, ऋषि देव रोहिल्ला, प्रेम सिंह सैनी, सहदेव सिंह, धर्म कौर , रोशनी हुड्डा, सुमित्रा देवी,निर्मल बल्हारा, मूर्ति देवी देवीसिंह देसवाल, दयानंद सैनी, इत्यादि ने संबोधित किया।इसके अतिरिक्त आज के क्रमिक अनशन में छोटू राम ,अशोक कुमार, राजेंद्र शर्मा, महेन्द्र शर्मा, लालाराम, रण सिंह, जयपाल ,रमेश, राकेश, सतवीर, राधेश्याम सैनी इत्यादि नेता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन को मिली पहली बड़ी कामयाबी, कुलदीप कुमार बने चंडीगढ़ के महापौर, आप ने शहर में मनाया गया जश्न

सचिन सिधवानी, पब्लिक एशिया




**पानीपत »** गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ के मेयर पद के चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को हारा हुआ घोषित किया गया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजेता घोषित किया। कोर्ट ने कहा कि अदालत ये सुनिश्चित करने के लिए बाध्य है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया इस तरह के हथकंडों से नष्ट नहीं हो। कोर्ट ने कहा कि ये अदालत न्याय के लिए बाध्य है,पूरी चुनाव प्रक्रिया को रद्द करना सही नहीं है, लेकिन पीठासीन अधिकारी गलत कार्य के दोषी है। अदालत ने कहा कि मेयर चुनाव में अमान्य किए गए आठ बैलट पेपर मान्य माने जाएंगे। इसके साथ ही रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया गया।

इसी कड़ी में बुधवार को आम आदमी पार्टी ने पानीपत में इंडिया गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार की जीत पर जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों के साथ सनौली रोड स्थित पार्टी कार्यालय में धूमधाम से जीत की खुशी में लड्डू बांटे गए। सभी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी।

वहीं आप जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से लोकतंत्र की जीत हुई है। 'इंडिया' गठबंधन की भी जीत की शुरुआत हुई है। दिल्ली और पंजाब के बाद चंडीगढ़ में भी आम आदमी पार्टी का राज होगा। इससे साबित होता है कि बीजेपी को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर हरा सकते हैं। चंडीगढ़ मेयर चुनावों में जीत से जनता में ये विश्वास बढ़ा है कि बीजेपी को इंडिया गठबंधन हरा सकता है। पूरे देश ने देखा था कि कैसे बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था।

राकेश ने कहा कि अब दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ के बाद 2024 में हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनावों के मंथन शुरू कर दिया है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार आम आदमी पार्टी चुनावों में उतरेगी। विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर अकेले दम पर लड़ेगी। जनता में आम आदमी पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है। आम आदमी पार्टी आगे भी बीजेपी की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को बेनकाब करती रहेगी। प्रदेश में आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है। इस अवसर पर प्रदेश संयुक्त सचिव सुखबीर मालिक, व्यापर प्रकोष्ठ जिला सयोंजक प्रितपाल खेड़ा, नीलम प्रनामी, जोनी चावला, राजकुमार मुंडे, जोनी सग्गू,योगेश कौशिक, बबौराम गोयल, पूजा अरोड़ा, मीनू, मुकेश शर्मा आदि सैकड़ो की संख्या में आप कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्य समाचार

### विद्युत टीम ने बकाएदारों के खिलाफ चलाया अभियान



**कैराना।** विद्युत विभाग की टीम ने नगर में बकाएदारों के खिलाफ अभियान चलाते हुए 17 लाख रुपये बकाया वसूल किए। इसके अलावा 85 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। गुरुवार को अधीक्षण अभियंता रामकुमार व अधिशासी अभियंता रविंद्र प्रकाश के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द, तितरवाड़ा चुंगी, रेतावाला आदि में बड़े बकाएदारों खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पांच हजार रुपये के अधिक के 85 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए तथा 17 लाख रुपये बकाया भी वसूल किया गया। एसडीओ ओपी बेदी ने कहा कि बकाएदारों से वसूली के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा। यदि बकाया जमा नहीं किया गया, तो उनके कनेक्शन काटे जाएंगे।

### परीक्षाएं रद्द कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन



**कैराना।** निरंतर तत्पर सामाजिक संगठन ने विभिन्न परीक्षाओं को रद्द कराने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन पत्र सौंपा है। गुरुवार को निरंतर तत्पर सामाजिक संगठन के अध्यक्ष शमून उस्मानी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी व पुलिस आरक्षी भर्ती की परीक्षाएं लीक हुई, जिसके चलते कुछ युवाओं को अपने भविष्य को चिंता खड़ी हो गई है। उन्होंने उपरोक्त परीक्षाओं को रद्द कराने तथा शीघ्र पुनः परीक्षाएं कराए जाने की मांग की है। इस दौरान कुर्रत मेहंदी, फरमान सिद्दीकी व उमैर खान आदि मौजूद रहे।

### बिडोली झीमरान में कश्यप समाज की मीटिंग

खालिद अली पब्लिक एशिया

**झिंझाना।** बिडोली झीमरान में ग्राम प्रधान कपिल के आवास पर कश्यप समाज की एक मीटिंग हुई। जिसमें गांव के अलावा रजाक नगर , अलीनगर के भी लोग शामिल हुए। जिसमें लोकसभा चुनाव में भाजपा से कश्यप समाज के प्रत्याशी की मांग की गई। इस मौके पर मौजूद महिला और पुरुषों ने नारेबाजी कर चुनावी टिकट की मांग की। एक प्रेस नोट के मुताबिक बिडोली झीमरान गांव में ग्राम प्रधान कपिल के आवास पर कश्यप समाज की एक मीटिंग हुई। कपिल ने बताया कि इस मीटिंग में गांव रजाक नगर, गांव अलीनगर के भी लोग शामिल हुए। और सरकार से कश्यप समाज के व्यक्ति को चुनावी टिकट देने की मांग की गई। इसके लिए ग्रामीणों ने रमेश गौड़ कश्यप का नाम सामने रखा। इस मौके पर रामशरण कश्यप पूर्व प्रधान महबूब व फूल सिंह जय भगवान नाथूराम सैनी दीपचंद जय नारायण आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

**मीरापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह व एसपी देहात आदित्य बंसल व सीओ जानसठ राम आशीष यादव के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान में इंस्पेक्टर मीरापुर रवेन्दर सिंह यादव के निर्देश पर एसआई गजेन्दर सिंह व कॉस्टेबल अलीमुद्दीन ने वारंटी एक अभियुक्त बृजमोहन पुत्र काले निवासी ग्राम वलीपुरा थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर को दबिश के दौरान घर से गिरफ्तार कर भेजा जेल द्य इंस्पेक्टर रवेन्दर सिंह ने बताया की बृजमोहन वारंटी अभियुक्त को दबिश के दौरान उसके घर से गिरफ्तार कर भेजा जेल।

### पुरकाजी में विधानसभा मंडल कामकाजी की बैठक का आयोजन



रमेश गोयल पब्लिक एशिया



**पुरकाजी।** गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में विधानसभा पुरकाजी मंडल की कामकाजी पर चर्चा को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मंडल अध्यक्ष प्रभारी एवं सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी मंडल कार्यकारणी के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**कांधला।** गांव भारसी में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के दौरान कई युवाओं ने बढचढकर रक्तदान किया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे। गुरूवार को खण्ड विकास क्षेत्र के गांव भारसी में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का पंवार क्लीनिक के द्वारा आयोजित किया गया। आयोजक डॉक्टर विपिन पंवार ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय समय पर होना चाहिए। रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर नगर के समाजसेवियों सहित अन्य लोगों ने भी रक्तदान किया। सायं तक चले रक्तदान शिविर में 50 यूनिट रक्तदान हुआ। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढचढकर भाग लिया। इस दौरान विजय हिन्दुस्तानी, शाबीर अली, डॉक्टर अमित कुमार, सोनू, पप्पू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नीव खुदाई के दौरान गिरा गरीब का आशियाना

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया



**मीरापुर।** कस्बे की खतौली रोड पर एक प्लाट मे चल रही नीव खुदाई के दौरान एक महिला का मकान व दुकान गिर गई जिसमें सामान व वाहन दबने से महिला का लाखो रुपयों का नुकसान हो गया है,गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नही हुई मीरापुर खतौली मार्ग पर कोल्ड स्टोर के निकट एक विधवा महिला मुस्तुफाई पत्नी सरताज अपने दो छोटे बच्चो के साथ रहती है तथा घर के बाहर ही टीन शेड के अंदर किराना की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करती है। महिला के अनुसार कि बुधवार की देर शाम उसके घर के पीछे खाली पड़े प्लाट में एक व्यक्ति जेसीबी मशीन से नीव की खुदाई करा रहा था। जेसीबी चालक ने नीव खोदते समय महिला के मकान की दीवार के नीचे की मिट्टी भी हटा दी जिस कारण महिला के मकान की दीवार भर भराकर गिर गई और उसका पूरा घर व दुकान दोनो गिर गये और घर व दुकान का सारा सामान व घर मे खड़ी पडोसी शाकिर की एक नई स्पेण्डर बाईक व स्कूटी भी मकान के मलबे में दब गयी,गनीमत यह रही कि जिस समय मकान व दुकान का मलबा गिरा उस समय महिला अपने बच्चों के साथ पड़ोसी के यहाँ गई हुई थी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुच गई और जेसीबी से मलबा हटवाकर नीचे दबा सामान निकलवाया। महिला के अनुसार मकान के मलबे में दबकर उसका करीब दो लाख रूपये का सामान नष्ट हो गया है। पीड़िता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।मामले पर इंस्पेक्टर रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच समझौते की बात चल रही है।कोई तहरीर नही मिली है।

**बिना अनुमति के चल रही थी जेसीबी...**

जिस जेसीबी मशीन से ये हादसा हुआ है मोहल्ले वासियों के अनुसार उक्त जेसीबी मशीन बिना अनुमति के ही अवैध रूप से यहाँ चल रही थी।

# किन्नरों को 21सौ से ज्यादा शगुन नहीं देंगे ग्रामीण

खालिद अली पब्लिक एशिया

**▶ काला माजरा और डेरा सिंगापुर गुरुद्वारा की प्रबंध कमेटी के बीच हुआ फैसला**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव काला माजरा और निकटवर्ती डेरा सिंगापुर गुरुद्वारा प्रबंध समिति के बीच एक फैसला हुआ। जिसमें किसी भी विवाह शादी आदि मौकों पर किन्नरों की मनमानी का विरोध करते हुए 2100 बतौर शगुन देने का फैसला हुआ।

प्राप्त लिखित फैसले के अनुसार एक काला माजरा गांव के ग्रामीणों व वही के निकटवर्ती डेरा सिंगापुर गुरुद्वारा प्रबंध समिति के बीच किन्नरों द्वारा विवाह - शादी, बच्चों के जन्म तथा अन्य अवसरों शगुन को लेकर मनवाने एवं गाली गलौज करके 5100, 1100 से 21 एवं 31 हजार रुपए तक वसूलते हैं। किसी साधारण परिवार के लिए यह बहुत ज्यादा होता है। परन्तु ना देने पर नग्न प्रदर्शन एवं बेइज्जत करते हैं। उनके द्वारा इस तरह किए जाने वाले व्यवहार पर विचार विमर्श हुआ। उनकी इस मनमानी को रोकने के लिए ग्राम पंचायत काला माजरा और डेरा सिंगापुर गुरुद्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अब एक मत 2100 की धनराशि बतौर शगुन दी जाएगी। इस मौके पर जोगिंदर सिंह, कप्तान सिंह, दर्शन सिंह, हरनाम सिंह, जयमल सिंह हरनेक सिंह, अमरीक सिंह, सोहन सिंह, रामशरण, मिंत्रपाल, सोमपाल, संजय, सुदेश, महिपाल आदि ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में किन्नरों की इलाका इंचार्ज रीना किन्नर का कहना है कि हम कभी किसी से बदतमीजी और बदसलूकी नहीं करते और उसकी क्षमता के अनुसार ही शगुन लेते हैं। और कई बार सामने वाले की आर्थिक स्थिति शून्य के समान होती है तो हम उससे कुछ भी नही लेते, बल्कि कुछ ना कुछ उसकी आर्थिक सहयोग कर देते हैं।

# भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान का हुआ आयोजन

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया



**मीरापुर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा श्री पंचमुखी शिव मंदिर संभलहेड़ा के प्रांगण मे लाभार्थी संपर्क अभियान की कार्यशाला आयोजित की गयी,जिसमे मुख्य अथिति वरिष्ठ भाजपा नेता जोगेन्दर गुर्जर जी,मण्डल प्रभारी संजीव संगम जी,मण्डल प्रवासी प्रदूमन शर्मा जी,पूर्व चेयरमेन नवीन सैनी जी,पूर्व प्रमुख अनार सिंह,मीरापुर मण्डल अध्यक्ष सचिन ठाकुर जी,मण्डल सयोजक सतेन्द्र चौधरी जी उपस्थित रहें,सभी वक्ताओ ने भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्त्ताओ से मोदी और योगी सरकार द्वारा लाभ प्राप्त लाभार्थीयों से मिलकर सरकार की योजनाओ को विस्तार पूर्वक समझाकर उनसे उनके विचार प्राप्त करना और आने वाले चुनाव मे मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिये अधिक से अधिक संख्या मे भाजपा के पक्ष मे मतदान करने के लिये प्रेरित करने के लिए कहा,कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष इन्दर सिंह कश्यप ने की और संचालन मण्डल महामंत्री रविशर्मा ने किया,इस अवसर पर ठाकुर जयपाल सिंह, अखिलेश सिंह,संजीव तंवर,विनय सैनी, कौशल गोयल,मंजर जैदी,केशौराम कृष्णपाल सैनी,सुनील शर्मा, रामपाल,रुक्मणी पाल,कलीराम सैनी,बबलू शर्मा,मा.इंद्रपाल,रोहित सैनी, धनी पाल सैनी,संदीप कुमार, पवन चौधरी,गुड्डू चौधरी,निखिल कुमार, दुष्यंत धीमान,नरेश कुमार, संजीव शर्मा,खूब सिंह,शोबी सद्दीकी, सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मात्र 10 दिन पहले ही बने स्लैब के टूटने से खुली गुणवत्ता की पोल

**राशन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली उतारने के दौरान टूट गया पुलिया का स्लैब**

खालिद अली पब्लिक एशिया



**झिंझाना।** मात्र 10 दिन पहले ही बिडौली स्टैंड के पास बनाई गई नाले की पुलिया का स्लैब, आज गेहूं और चावल से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली उतरने के दौरान टूट गया। मौके पर तुरंत ही भीड़ जमा हो गई। पुलिया में डाले गये स्लैबों की गुणवत्ता को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चा करते नजर आए।

आज गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे सरकारी गेहूं चावल के बोरों से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली मोहल्ला तलाई में राशन डीलर का राशन लेकर जा रही थी। बिडोली स्टैंड के पास सार्वजनिक शौचालय के सामने से जैसे ही यह ट्रैक्टर ट्रॉली नाले की पुलिया पार कर रही थी तो वैसे ही इस नाले का एक स्लैब टूट गया और ट्रॉली एक दिशा में झुक गयी। यह घटना होते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। और सभी मौजूद लोगों के बीच पलिया में लगे सीमेंट और लोहे की गुणवत्ता को लेकर चर्चा हो रही थी। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप का कहना है कि यह स्लैब अभी 8-10 दिन पहले ही डाले थे, जो अभी तक कच्चे थे। फिर भी ठेकेदार को कह दिया गया है दोबारा बना कर देगा।

### दो बाईकों की आमने सामने की भिड़ंत में तीन घायल,एक गंभीर

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया



**मीरापुर।** मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर दो बाईकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाईकों पर सवार तीन युवक गंभीररूप से घायल हो गए जिनमें एक की हालत चिंताजनक है। गुरुवार की दोपहर में रसूलपुर गढ़ी निवासी शादाब अपनी बाइक से मीरापुर बस स्टैंड से थाने की ओर आ रहा था इसी दौरान मीरापुर के मौहल्ला नवाबपट्टी निवासी अमन पुत्र फईमु अपने साथी अज्जू पुत्र बजरुदीन के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था जैसे ही दोनों की बाइक दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर शर्मा धर्म कांटे के समीप पहुँची तो अचानक बीच में आये एक रेहड़े को बचाने के प्रयास में दोनों बाईकों की आमने सामने की भिड़ंत हो गयी,भिड़न्त होते ही दोनों बाइको सवार शादाब ,अमन व अज्जू सड़क पर दूर जाकर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर भीड़ जमा हो गयी,आसपास के लोगों ने दौड़कर तीनों घायल युवकों को सड़क से उठाया और उपचार के लिए भिजवाया।जहाँ से चिकित्सकों ने शादाब को गंभीर हालत के चलते मुजफ्फरनगर के लिए रेफर कर दिया।

# श्री रविदास मंदिर में संत रविदास जी की मूर्ति स्थापित

रमेश गोयल पब्लिक एशिया



**पुरकाजी।** भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने रज्जुपुर रोड दक्षिण चमारान मोहल्ले में संत रविदास मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ मुख्यातिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति नें फीता काटकर किया इस दौरान दलित समाज के लोगो ने मुख्यातिथि मोहन प्रजापति का गर्मजोशी से पगड़ी व माला पहनाकर स्वागत किया गया है।

गुरुवार को नवनिर्माण रविदास मंदिर में संत शिरोमणि बाबा रविदास जी जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष पर मोहन प्रजापति ने समाज के लोगो को संत रविदास के मूर्ति स्थापना पर शुभकामनाएं दी और कहा है कि संत रविदास दलितों के नही पूरे विश्व के आराध्य है उन्होंने संसार के लिये एक ईमानदारी का बड़ा सन्देश दिया और वह संसार के लिये मार्गदर्शक है हमे उनके बताए सदमार्ग पर चलना चाहिए वही उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा मूर्ति स्थापना पर रोक लगाई जा रही थी लेकिन भारतीय अति पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा ने महान संत रविदास की मूर्ति की स्थापना करवाने का काम किया और मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा को बिना किसी वाद विवाद व बिना किसी विघ्न के संम्पन करवाने का काम किया क्योंकि सन्त रविदास सिर्फ दलितों के ही नही सर्व समाज के मान्य है।

इस अवसर पर निर्देश कुमार, समाज सेवी डॉ राजवीर सिंह प्रजापति, जिला अध्यक्ष दिनेश पाल, लोकेश कुमार, अजय सैनी ,जितेंद्र, भारत, नेपाल, पवन कटारिया, मलखान, जोगिंदर, काला मेम्बर, शौकीन, मदन, ऋषिपाल,बबलू, आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# महिला चिकित्सक के उपचार बिगडी महिला की हालत

पब्लिक एशिया ब्यूरो



**कांधला।** नगर के एक व्यक्ति ने सीएमओ को शिकायती पत्र देते हुए शामली की एक महिला चिकित्सक के गलत उपचार से महिला की हालत बिगड़ने और हजारों की रकम ऐठने का आरोप लगाते हुए कार्रवाही की मांग की है।

कस्बे के मौहल्ला शेखजादगान निवासी अब्दुल कयूम ने सीएमओ शामली को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी पत्नी मोहसिना गर्भवती थी। जांच के लिये शामली एक महिला चिकित्सक के प्राईवेट अस्पताल में दिखाया था। आरोप है कि महिला चिकित्सक के गलत उपचार से गृभ में ही बच्चें की मौत हो गई। बच्चे को मृतक बताकर महिला चिकित्सक ने महिला गृभपात करा दिया। जिससे महिला की हालत बिगड गई।

महिला को बहुत ज्यादा इन्फेक्शन फैल गया। महिला चिकित्सक ने इलाज के नाम पर पीड़ित पक्ष से 80 हजार की रकम को ठग लिया। जबकि हालत गंभीर होने पर महिला का अन्य अस्पताल में उपचार कराया गया। पीड़ित ने महिला डॉक्टर अपनी पैसों की मांग की तो उसने मौके से भगा दिया। पीड़ित व्यक्ति ने सीएमओं से मामले की जांच कर दोषी महिला चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाही की मांग की है।

### मोटर रिपेयरिंग की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों की कीमत का तार चोरी

शाहनवाज़ सोनू पब्लिक एशिया

**मीरापुर।** मीरापुर कस्बें में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर थाने से मात्र तीन सौ मीटर की दूरी पर स्थित एक मोटर रिपेयरिंग की दुकान का शटर उखाड़कर चोरों ने करीब 2 लाख रुपये की कीमत का तांबे का तार चोरी कर लिया।चोरी की सूचना से पुलिस में हड़कम्प मच गया सम्भालेहड़ा( महमूदपुर) निवासी जगपाल पुत्र नाहर सिंह की मीरापुर में दिल्ली पौड़ी राज मार्ग पर शर्मा धर्म कांटे के समीप ज्योति इलेक्ट्रिकल के नाम से मोटर रिपेयरिंग की दुकान है बीती रात अज्ञात चोरों ने जगपाल की दुकान का शटर उखाड़ कर वहां रखे करीब 2 लाख रुपये की कीमत के तांबे के तारों के बंडल चोरी कर लिए सवेरे होने पर जब जगपाल अपनी दुकान पर पहुंचा तो शटर उखड़ा देख उसके होश उड़ गए चोरी की सूचना मिलते ही आसपास के दर्जनों व्यापारी मौके पर जमा हो गए तथा पुलिस को घटना की सूचना दी इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

# मोदी का पुतला नही रोड जाम करने का हुआ आह्वान जिला अध्यक्ष चढूनी नकुल अहलावत

सादिक अनवर पब्लिक एशिया



**खतौली।** किसान परेशान है पर सरकार नही सुन रही बात अधिकारियो के समझाने के बाद हुआ रोड जाम का कार्यकर्म भी स्थगित चढ़ूनी के नेताओ ने घर पर ही दिया ज्ञापन।

मुजफ्फरनगर खतौली आज दिनांक 22 फरवरी 2024 को भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के आदेश अनुसार प्रधानमंत्री का पुतला फूंकने का कार्य स्थगित कर रोड जाम करने का आदेश हुआ शासन प्रशासन के आग्रह पर बच्चों की बोर्ड की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर नकुल अहलावत के आवास पर ही ज्ञापन दिया गया ज्ञापन में सी ओ खतौली यतेंद्र नगर कोतवाल उमेश रोरिया खतौली तहसीलदार खतौली एस आई खतौली व खतौली थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे वहीं जिला अध्यक्ष नकुल अहलावत के साथ वरिष्ठ ग्राम वासी खतौली नगर अध्यक्ष रिजवान ठेकेदार व संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्य समाचार

# पल्स पोलियो तथा पोषण जागृति पखवाड़ा का किया गया आयोजन

### उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार पल्स पोलियो अभियान के दृष्टिगत हुआ आयोजन




सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक »** उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग रोहतक शहरी कार्यालय में पल्स पोलियो तथा पोषण जागृति पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत आगामी 3 से 5 मार्च तक पल्स पोलियो का आयोजन जिला के 1004 आंगनवाडी केन्द्रों में किया जाएगा। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी के नेतृत्व में जागृति पखवाड़ा का आयोजन किया गया तथा महिला आश्रम में पौधारोपण एवं रैली का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिला परियोजना अधिकारियों व सुपरवाईजर को 3 मार्च को आंगनवाड़ी केन्द्र खोलने के निर्देश दिये गए है तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में आने वाले शहर व गांव के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाने के निर्देश दिये गये। परियोजना अधिकारी व सुपरवाईजर की पोषण ट्रैकर हेतु बैठक ली गई तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। इस बैठक में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी डिम्पल, योगेन्द्रा सांगवान, गायत्री देवी, निर्मला व सभी सुपरवाईजर, जिला पोषण समन्वयक निहारिका गोमट तथा पीएमएमवीवाई की जिला समन्वयक मंजू आदि उपस्थित रही।

# बेसहारा गोवंश पुनर्वास अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित



पब्लिक एशिया संवाददाता

**रोहतक »** बेसहारा गोवंश पुनर्वास अभियान के तहत जिला जिला स्तर पर टास्क फोर्स की बैठक नोडल अधिकारी एवं जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी व विभिन्न गौशाला संचालकों ने भाग लिया। सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 29 फरवरी 2024 तक बेसहारा गोवंश के पुनर्वास के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी राजपाल चहल ने इस बैठक में लिए गए निर्णयों के संदर्भ में बताया कि बैठक में गांव स्तर पर सर्वेक्षण कर बेसहारा पशुओं की संख्या तथा गौशालाओं में छोड़े जाने वाले बेसहारा पशुओं के बारे में विचार-विमर्श किया गया। गौशाला संचालकों ने कहा कि दूसरे जिलों व राज्यों से आने वाले बेसहारा पशुओं को जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित किया जाए व उनकी संख्या को उचित स्तर पर नियंत्रित किया जाए। गांव में होने वाली पंचायती शामलात भूमि की बोली के दौरान सरकार के नियमों अनुसार कुछ जमीन पशु चारे के लिए चिन्हित की जाए।

# लोकतंत्र की मजबूती में वोट का बड़ा महत्व : प्रदीप सिंह मलिक

### अतिरिक्त उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



जुबैर खान, पब्लिक एशिया

**नूंह, »** अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप गतिविधि के नोडल अधिकारी प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि देश के जागरूक मतदाता के रूप में हमें लोकतंत्र की मजबूती के महत्व समझना है। वोट एक महत्वपूर्ण अधिकार है जिसका चुनाव के समय उपयोग जरूर करना चाहिए। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के नेतृत्व का चयन करते हैं, इसलिए देश के लिए अच्छे नेतृत्व के चयन हेतु सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करना चाहिए।



प्रदीप सिंह मलिक वीरवार को लघु सचिवालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में स्वीप गतिविधियों के तहत आयोजित मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के दौरान उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की दिशा को सांझा करने का अधिकार वोट के माध्यम से हमारे पास है। मताधिकार को अपना कर्तव्य समझते हुए इसे ध्यान से अभिव्यक्त किया जाना चाहिए तथा वोट का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद तैयार करनी चाहिए। उन्होंने मतदाता जागरुकता प्रदर्शनी में मतदाताओं को जागरूक करने संबंधी हैंडीक्राफ्ट विभाग से आए फोटो, चित्र, स्टैचू आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य आयोजित की गई है। इससे युवाओं को मतदान करने की प्रेरणा मिलेगी। उनके साथ एफएलएन कॉ-आर्डिनेटर कुसुम मलिक, नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पंजाब कैबिनेट का एक मार्च से बजट सत्र आहूत करने का फैसला

# एमएसएमई के विकास के लिए विंग स्थापना को मंजूरी

नईम खान, पब्लिक एशिया

**चंडीगढ़** । मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में पंजाब मंत्रिमंडल ने 16वीं पंजाब विधान सभा का छठा सत्र एक मार्च से 15 मार्च, 2024 तक बुलाने की मंजूरी दे दी । यहाँ पंजाब सिविल सचिवालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की मीटिंग में यह फैसला लिया गया।

मुख्यमंत्री दफ़्तर के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने भारतीय संविधान की धारा 174 के अंतर्गत यह सत्र बुलाने के लिए राज्यपाल को सिफारिश भेजने का फैसला किया है। पंजाब सरकार 5 मार्च को वित्तीय साल 2024-25 के लिए बजट पेश करेगी। बजट सत्र के कार्यक्रम के अनुसार एक मार्च को राज्यपाल के भाषण के साथ सत्र शुरू होगा और बाद में दिवंगत शख्सियतों को श्रद्धांजलियां अर्पित की जाएंगी। इसी तरह 5 मार्च को साल 2024-25 के बजट अनुमान पेश किये जाएंगे और 15 मार्च को सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया जाएगा।

सुल्तानपुर लोधी में अमन-कानून की रक्षा करते हुये शहीद होने वाले ज़िला कपूरथला के गाँव मनियाला के पंजाब होमगार्डज़ के वालंटियर जसपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह के परिवार को विशेष केस के तौर पर एक्स-ग्रेशिया ग्रांट देने का ऐलान किया है। राज्य सरकार ने पंजाब होमगार्डज़ के इस वालंटियरों के बलिदान को भी पुलिस अफसरों, अर्ध-सैनिक बल और फ़ौज में तैनात पंजाब निवासी सैनिकों के समान दर्जा दिया है। इस प्रयास से पंजाब होमगार्डज़ वालंटियरों का मनोबल और बढ़ेगा।

मंत्रिमंडल ने साल 2019 की अध्यापक तबादला नीति के पैरा-9 में संशोधन को मंजूरी दे दी है जो अध्यापक काडर के उन कर्मचारियों के बड़े हित में किया गया है, जोकि छूट मुक्त श्रेणी में आते हैं। इसमें यह व्यवस्था की गई है कि जो मुलाज़िम कैंसर मरीज़ (स्वयं, जीवन साथी या बच्चे) ,डायलसिस ( स्वयं, जीवन साथी या बच्चे/) लीवर या गुर्दा ट्रांसपलांट, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग, हैपेटाईटस- बी, हैपेटाईटस- सी स्किल सेल अनीमिया, थैलेसीमिया (स्वयं या बच्चे/) तलाकशुदा, जिन्हें मुलाजिमों के विशेष बच्चे या बौद्धिक तौर पर विशेष बच्चे हैं, शहीद की विधवा, जीवन साथी की मौत हो जाने की सूरत में सेवा निभा रहे मुलाज़िम का किसी अन्य स्टेशन पर तुरंत जाना अपेक्षित हो और बच्चों की उम्र 18 साल से कम हो या वह अध्यापक जिसका जीवन साथी हथियारबंद सेनाओं में सेवा निभा रहा है और उसकी तैनाती कठिन हालत वाली जगह पर हो, इन सभी मामलों में बदलियों के लिए आवेदन महीनो के आधार पर पोर्टल पर जमा होंगी और कोई भी आफलाईन आवेदन स्वीकृत नहीं किया जायेगा ऐसे मामलों में आदेश शिक्षा मंत्री की मंजूरी के बाद जारी किये जाएंगे। मंत्रीमंडल ने जल संसाधन विभाग के डिज़ाइन विंग को सरकारी स्वामित्व वाले, सहायता प्राप्त कालेजों और इंजीनियरिंग कॉलेजों, संस्थाओं के स्टाफ की तर्ज़ पर निजी संस्थाओं को डिज़ाइन और कंसलटैंसी सेवाएं प्रदान करने की मंजूरी दे दी है। इसमें यह शर्त होगी कि डिज़ाइन और कंसलटैंसी सेवाओं के द्वारा पैदा होने वाले राजस्व का 40 प्रतिशत राज्य के खजाने में जमा करवाया जायेगा। इससे विभाग में राजस्व इकट्ठा होगा और विभाग की क्षमता निर्माण के साथ-साथ मानवीय शक्ति के सर्वोत्तम प्रयोग को यकीनी बनाया जायेगा।



मंत्रीमंडल ने 'दा ईस्ट पंजाब वॉर ऐवॉर्डज़ एक्ट-1948' में संशोधन करने के लिए बिल विधान सभा के आगामी सत्र में पेश करने की मंजूरी दे दी है। इस संशोधन से जंगी जागीर की राशि (वित्तीय सहायता) मौजूदा 10,000 रुपए सालाना से बढ़ कर 20,000 रुपए सालाना हो जायेगी। दा ईस्ट पंजाब वॉर ऐवॉर्डज़ एक्ट- 1948 के अंतर्गत उनके माता-पिता को जंगी जागीर दी जाती है, जिनके अकेले बच्चे या दो से तीन बच्चे दूसरे विश्व युद्ध, राष्टीय एमरजैंसी-1962 और साल 1971 के दौरान भारतीय फ़ौज में सेवा निभा चुके हैं। इस समय पर इस स्कीम के अंतर्गत 83 लाभार्थी लाभ ले रहे हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण फ़ैसले में मंत्रिमंडल ने रक्षा सेवाएं भलाई विभाग के पुनर्गठन के बाद विभाग में ग्रुप-बी और सी के मुलाजिमों के सेवा नियमों को अंतिम रूप देने की मंजूरी दे दी है। पंजाब न सिर्फ़ लड़ाई के मैदान में आगे रहा बल्कि अपने सैनिकों की भलाई के लिये भी आगे रहा है। फ़ौजी सेवा के उपरांत ग्रुप-बी और सी के मुलाजिमों की नियुक्ति की गई है और अब उनके सेवा नियमों को अंतिम रूप दिया गया है।

मंत्रिमंडल ने उद्योग और वाणिज्य विभाग, में 'एम. एस. एम. ई. पंजाब' नामक समर्पित विंग की स्थापना को मंजूरी दी है। एम. एस. एम. ई उद्योगों को पेश विभिन्न चुनौतियों को हल करने और पंजाब को एक बहुत ही जीवंत और गतिशील औद्योगिक केंद्र में बदलने के लिए विंग बनाया गया है। 'एम. एस. एम. ई. पंजाब' सूक्ष्म, छोटे और दर्मियाने उद्योगों की क्षमता को बढ़ाने के लिए काम करेगा, वित्तीय संस्थाओं और बैंकों से एम. एस. एम. ई. उद्योगों को कर्ज़े के निरंतर प्रवाह को यकीनी बनायेगा, जिससे उनको अपने विस्तार और नवीनता को बढ़ाने के योग्य बनाया जा सके। 'एम. एस. एम. ई. पंजाब' एम. एस. एम. ई. उद्योगों को उन्नत तकनीकें अपनाने और वैश्विक मंडी में आगे रहने के लिए उनके कामों को आधुनिक बनाने में सहायता प्रदान करेगा, आधुनिक टेस्टिंग सुविधाओं और गुणवत्ता प्रमाणीकरण के क्षेत्रों में सांझे सुविधा केंद्र की स्थापना की सुविधा प्रदान करेगा जिससे यह यकीनी बनाया जा सके कि उत्पाद अंतरराष्टीय मापदण्डों को पूरा करते हैं। 'एम. एस. एम. ई. पंजाब' के पास एक्सैस-टू-क्रेडिट, एक्सैस- टू-टैक्नोलोजी, मार्केट तक पहुँच, हुनर तक पहुँच और सैक्टर की अन्य ज़रूरी ज़रूरतों के लिए समर्पित सब-डिवीज़न होंगे। सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी को यकीनी बनाने के लिए 'एम. एस. एम. ई. पंजाब' पेशेवर एजेंसियों के साथ सहयोग करेगा जिससे उनकी महारत के साथ हिस्सेदारों को लाभ पहुँचाया जा सके।

सरकार की इस पहलकदमी से राज्य में लगभग 8 लाख मौजूदा और नये एम. एस. एम. ई. उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा।

# कैनाल रेस्ट हाउस में रणवीर ढाका के नेतृत्व में जिला टीम ने किया अभिनन्दन



सुकरमपाल, पब्लिक एशिया

**रोहतक »** पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता साथ ही वर्तमान में प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य रामविलास शर्मा का कैनाल रेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका के नेतृत्व में शानदार अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर रामविलास शर्मा ने कहा कि मोदी किसानों के सबसे कुशल पैरोकार हैं ,उन्होंने देश में चार मान बिंदु स्थापित करने का काम किया है उसमें किसान एक है । इसलिए यह कहना कि किसानों की चिंता मोदी सरकार को नहीं है यह हास्यास्पद सी बात है । उन्होंने जोड़ा की मोदी जी किसानों की आय, किसानों की स्थिति और किसानों के बारे में भली-भांति जानते हैं । जो लोग आज किसान के भेष में देश तोड़ने की बात करते हैं व मुखौटा पहने हुए हैं उसकी पहचान करने की जरूरत है।

जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका जी ने कहा कि रामविलास शर्मा जी पार्टी के स्तंभ है उनका यहां पहुंचना हमारे लिए सौभाग्य की बात है और वह जो आदेश देंगे हम उसी प्रकार कार्य करते रहेंगे । प्रबंध चुनाव प्रबंधन समिति का सदस्य बनने पर राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व का जिला टीम ने धन्यवाद भी दिया और रामविलास शर्मा जी का भावभीना अभिनंदन किया। शर्मा जी ने आपातकाल ,रोहतक में किये कार्य व व्यक्तियों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, शमशेर खरक, जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, उदयभान मलिक, प्रदीप जैन पंकज छाबड़ा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अशोक रंगा, मदन गोयल, पवन तायल,मनीष शर्मा,पदम् ढुल, सरपंच खरावड़ दीपक मलिक,सुखबीर चंदोलिया, तरुण सनी,गगन हरियाणवी, गीता ककराना, सुनील राठौड़, अमित बंसल, कमल धींगड़ा, रॉकी सहगल आदि कार्यकर्ता उपलब्ध रहे।

# पंजाब सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था खराब होने के आरोप को किया खारिज

### पंजाब के मुख्य सचिव ने केंद्रीय गृह सचिव को लिखा पत्र

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**चंडीगढ़,।** मुख्यमंत्री. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था खराब होने के आरोप को सिरे से नकारते हुये इस बात पर ज़ोर दिया कि राज्य में किसान आंदोलन के चलते बने हालात के साथ बहुत ही सावधानी से निपटा जा रहा है।

पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर पंजाब के मुख्य सचिव अनुराग वर्मा द्वारा भारत सरकार के सचिव गृह मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा गया है कि यह कहना बिल्कुल गलत है कि पंजाब सरकार की अनुमति से ही शंभू और ढाबी- गुज़रां बार्डर पर बड़ी संख्या लोग इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि अपने संघर्ष के लिए दिल्ली कूच करने वाले किसानों पर हरियाणा पुलिस ने ताकत का प्रयोग करते हुये उनको हरियाणा में से निकलने नहीं दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि किसान समूहों की यातायात पर लगाई गई इस पाबंदी के कारण पंजाब और हरियाणा की सरहद पर दो जगह लोग इकट्ठा हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ यह बताना जरूरी है कि पंजाब के अधिकार क्षेत्र में किसानों का आंदोलन काफ़ी हद तक शांत रहा है और कोई दुखद घटना होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा हरियाणा पुलिस की तरफ से आँसू गैस के गोले, रबड़ की गोलियाँ, ताकत और ड्रोनों समेत दंगों पर काबू पाने वाले अन्य उपायों का बड़े स्तर पर प्रयोग किये जाने के कारण लगभग 160 व्यक्तियों के ज़खूमी होने की ख़बर है।

मुख्य सचिव ने कहा कि इन हालात के बावजूद पंजाब सरकार लोगों के जमाव को सुचारू ढंग से संभालने में कामयाब रही है। उन्होंने कहा कि यह यकीनी बनाने कि सरहद पर लोगों का ज़्यादा जमाव न हो, प्रदेश अधिकारियों और किसान नेताओं के बीच बाकायदा बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदर्शनकारियों की आड़ में शरारती तत्व, कानून भंग करने वालों की तरफ से कोई गड़बड़ी की सूचना भी नहीं है, जिस पर पुलिस सतर्कता से नज़र रख रही है।

मुख्य सचिव ने कहा कि ऐसे तत्वों सम्बन्धी अंदरूनी रिपोर्टें एकत्रित की जा रही हैं जिससे ज़रूरत पड़ने पर उचित कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि यह भी बताना ज़रूरी है कि किसान यूनियनों की तरफ से जिन माँगों को लेकर रोष-प्रदर्शन किया जा रहा है, उन सभी माँगों का हल भारत सरकार द्वारा किया जाना है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने किसान यूनियनों के साथ बातचीत करने के अपने य|ों के अंतर्गत चार मीटिंगें की जिनमें केंद्रीय मंत्रियों समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने कहा कि इन मीटिंगों में न सिर्फ़ पंजाब सरकार द्वारा सहायता की गई बल्कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों समेत तीन बार मीटिंगों में व्यक्तिगत तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि एक मीटिंग में मुख्यमंत्री उपस्थित न हो सके तो पंजाब के एक कैबिनेट मंत्री समेत सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारियों को मीटिंग में शामिल करने और केंद्रीय मंत्रियों की सहायता के लिए तैनात किया गया था। अनुराग वर्मा ने भारत सरकार को अपील की है कि किसान यूनियनों की माँगों को हमदर्दी के साथ देखा जाये जिससे इस मसले को आपसी सहमति से हल किया जा सके। मुख्य सचिव ने पंजाब की स्थिति के बारे में मीडिया रिपोर्टों पर गौर न करने की सलाह देते हुये कहा कि स्थिति को शांत और काबू में रखने के लिए डीआईजी रैंक के आई. पी. एस. और पी. पी. एस. अधिकारियों समेत 2000 पुलिस मुलाजिमों को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि उच्च स्तर पर स्थिति की लगातार समीक्षा की जा रही है।

# भव्य बिश्नोई ने विधानसभा में पशु अस्पतालों में वैटनरी सर्जन व दवाईयों की कमी का मुद्दा उठाया

दिनेश मैहता, पब्लिक एशिया

**आदमपुर/चंडीगढ़, »** विधायक भव्य बिश्नोई ने आज विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान हरियाणा में पशुपालकों की समस्याओं को सदन में रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पशु सर्जन तथा उनका अनुपात क्या है? पशु अस्पतालों में दवाईयों की कमी के क्या कारण हैं? उन्होंने कहा कि समय पर इलाज न मिलने से राज्य में बड़ी संख्या में पशुपालक अपना पशुधन खो रहे हैं। विधायक ने कहा कि देश के किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक किसान हितैषी नीतियों को लागू किया है। उनके इस सपने को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार भी दृढ़ संकल्प है।

पशुपालन ऐसा मुख्य कार्य है जो किसानों की आर्थिक उन्नति की दिशा में अहम भूमिका निभाता है। विशेषकर भूमिहीन और सीमांत किसान पशुपालन के माध्यम से अपनी आय बढ़ा सकते हैं। पशुपालन और कृषि आपस में जुड़ी हुई हैं। उन्होंने पशुपालन मंत्री से मांग की कि हरियाणा में पशु अस्पतालों की हालात में सुधार करने के लिए विशेष कदम उठाए जाएं। इलाज के अभाव में गांवों में बहुत बड़ी संख्या में किसानों के पशु मर रहे हैं।

2 से 3 लाख रूपए तक की किसान की भैंस इलाज के अभाव में जब दम तोड़ देती है, तो पशुपालकों को भारी आर्थिक हानि पहुंचती है। राज्य में कई-कई गांवों पर एक वैटनरी सर्जन है। जब किसान का पशु बीमार होता है तो वह सर्जन गांवों में पहुंच ही नहीं पाता। कुछ झोला छाप डॉक्टर पशुओं को गलत दवाई दे देते हैं,



जिससे पशु की मौत हो जाती है। वीलडीए भी कम हैं। अभी ग्रुप सी में 729 नए वीएलडीए की भर्ती की गई है, जो कि प्रदेश सरकार का बहुत ही अच्छा कदम है, मगर वैटनर्री सर्जनों तथा वीएलडीए की और भर्ती की जाए और इसके अलावा गांवों में जो पशुओं के झोलाछाप डॉक्टर हैं, उनको भी ट्रेंड करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

भव्य बिश्नोई ने कहा कि गांवों के ज्यादातर पशु चिकित्सालयों में इलाज के लिए मूलभूत दवाइयां जैसे खनिज मिश्रण, दूध बढ़ाने की दवाइयां, भूख बढ़ाने के चूर्ण व दर्दनीवारक व एंटीबायोटिक की भरी कमी है। किसानों तक पशुओं की दवाईयों ही नहीं पहुंच पाती। भव्य ने सुझाव दिया कि राज्य के पशु चिकित्सालयों में पशु डॉक्टरों, वीएलडीए को यह निर्देश दिए जाएं कि जिस भी पशु को कोई दवाई दी गई है, उसका पूरा रिकॉर्ड रखा जाए और किसान को भी पर्ची बनाकर दी जाए। इससे पशु पालकों को अपने पशु के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी होगी और वह अच्छी तरह से उसकी देखभाल कर पाएगा।

इसके अलावा पशु गायक्नॉलॉजिस्ट की भी नियुक्तियां जिला स्तर पर की जाएं, ताकि पशुओं की सबसे बड़ी समस्या गर्भधारण से संबंधित बीमारियों पर काबू पाया जा सके। भव्य ने पशुपालन मंत्री जे.पी. दलाल के जवाब के बाद कहा कि पशुओं का बीमा उनकी कीमत के हिसाब से हो और भेड़ बकरियों का भी बीमा हो।

# बीजेपी ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव जीतने के लिए सभी गैर कानूनी हथकंडे आजमाए : अनुराग ढांडा

सुकरमपाल,पब्लिक एशिया



**रोहतक »** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा पत्रकारों से बातचीत में कहा कि चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार की जीत से पूरे प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस चुनाव को जीतने के लिए बीजेपी ने हर गैर कानूनी हथकंडे को अपनाया। लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया। बीजेपी की वोटों की चोरी बेनकाब हुई। सुप्रीम कोर्ट में भी बीजेपी के पीठासीन अधिकारी की झूठ पकड़ी गई। उन्होंने कहा की जब भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला आम आदमी पार्टी से होगा, बीजेपी रणनीतिक तौर पर भी हारेगी। नैतिक तौर पर भी हारेगी और लोकतांत्रिक तौर पर भी हारेगी। चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का मेयर बनने से ये साफ हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल ही हरा सकते हैं। आम आदमी पार्टी ही बीजेपी की तानाशाही का मुकाबला कर खत्म कर सकती है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ में आम आदमी पार्टी का मेयर बनने से हरियाणा की जनता में भी उत्साह है। पहले दिल्ली, फिर पंजाब और अब चंडीगढ़ में जीत के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। इसके साथ बीजेपी को 'इंडिया' गठबंधन के साथ पहले ही मुकाबले में हार का मुंह देखना पड़ा। बीजेपी की तानाशाही और हर हथकंडे को आम आदमी पार्टी ने नेस्तनाबूत कर दिया। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव तो महज एक शुरुआत है। आने वाले चुनावों में भी बीजेपी को आम आदमी पार्टी के हाथों हार का मुंह देखना पड़ेगा। किसान आंदोलन में निहत्थे किसानों के साथ हो रही ज्यादती का बदला प्रदेश की जनता समय आने पर जरूर लेगी। उन्होंने जानकारी दी कि इस दौरान आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए लगातार पुराने और नए कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से पूरे देश की जनता का लोकतंत्र में विश्वास कायम हुआ है। बीजेपी की तानाशाही और वोटों की चोरी भी पूरे देश की जनता के सामने बेनकाब हुई है। इस दौरान प्रवीण बबरवाल, राजेश जांगड़ा, आजाद रोहिल्ला, पवन वर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, धर्मवीर अहलावत, राकेश धानक, बाला दहिया, सुनीता रानी और राजरानी आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

## तालिबान में दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा

गजनी । तालिबान ने दक्षिणपूर्वी अफगानिस्तान के स्टेडियम में दो लोगों को सार्वजनिक रूप से मौत की सजा दी। गजनी शहर के अली लाला इलाके में हजारों लोगों की मौजूदगी में दोनों लोगों को गोली मार कर मौत की सजा दी गई। तालिबान ने दोनों लोगों के कथित अपराधों तथा उनके बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी देने से इंकार किया। कई अदालतों और तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने दोनों लोगों द्वारा कथित तौर पर किए गए अपराधों के लिए उन्हें मौत की सजा देने का आदेश दिया था। फांसी वाली जगह के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और अंदर जाने के लिए लोग बेसब्र हो रहे थे। इसके अलावा धार्मिक विद्वानों ने पीड़ितों के रिश्तेदारों से दोषियों को माफ करने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति को आठ गोलियां मारी गई, जबकि दूसरे को सात गोलियां मारी गई। इसके बाद एम्बुलेंस दोनों लोगों के शवों को ले गयी।

## अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 की मौत

काबुल। अफगानिस्तान में पिछले दस महीनों में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 से अधिक यात्रियों की जान चली गई और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं। यातायात पुलिस महानिदेशालय में योजना और नीतियों के प्रमुख अब्दुल वोदूद खैर ख्वा ने यह जानकारी दी। स्थानीय टेलीविजन चैनल टोलो न्यूज ने गुरुवार को श्री ख्वा के हवाले से कहा, फ्देश भर में पिछले 10 महीनों में लगभग 3,045 यातायात दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए।फ्र अधिकारी का हवाला देते हुए निजी मीडिया आउटलेट ने कहा कि 976 पुरुषों, 192 महिलाओं और 447 बच्चों सहित 1,600 से अधिक यात्रियों ने इस अवधि में घातक सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवाई। अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाएं आम बात है इसका मुख्य कारण जर्जर सड़कें, लापरवाही से गाड़ी चलाना और भीड़भाड़ वाले राजमार्गों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा उपायों की कमी मुख्य है। अधिकारी के अनुसार यातायात पुलिस महानिदेशालय शहरों और राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयासरत है।

## 45 साल बाद अचानक चर्चा में आया जुल्फिकार अली भुट्टो की फांसी का केस

### –पाकिस्तान में तथ्यों को लेकर सेना–न्यायपालिका और विधायिका फिर आमने–सामने

इस्लामाबाद । पाकिस्तान में पूर्व पीएम जुल्फिकार अली भुट्टो की फांसी का केस 45 साल बाद अचानक एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। इस बार पाकिस्तान के चीफ जस्टिस काजी फैज ईसा ने मंगलवार जुल्फिकार अली भुट्टो की विवादास्पद फांसी का जिक्र किया और कहा, यह मामला सुप्रीम कोर्ट और देश की सेना के लिए अपनी पिछली गलतियों को सुधारने और अपनी प्रतिष्ठा बहाल करने का एक अवसर हो सकता है। चीफ जस्टिस ईसा की यह टिप्पणी उनकी अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की 9 सदस्यीय बड़ी पीठ की ओर से मामले की सुनवाई के दौरान की गई। दरअसल, 1979 में जुल्फिकार अली भुट्टो को हत्या के मामले में उकसाने के लिए दोषी ठहराया गया था और फांसी की सजा दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय बेंच में चार जजों ने लाहौर हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था, जबकि तीन ने जुल्फिकार अली भुट्टो को आरोपों से बरी कर दिया था। उसके बाद 4 अप्रैल, 1979 को जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी दे दी गई थी। हालांकि, भुट्टो का परिवार आज भी न्याय की मांग कर रहा है। कई लोगों का मानना है कि यह तत्कालीन सैन्य तानाशाह जनरल जियाउल हक के दबाव में लिया गया फैसला था, जिन्होंने 1977 में भुट्टो की सरकार को गिरा दिया था।




समर्थकों ने भुट्टो की फांसी को न्यायिक हत्या करार दिया था। उन्होंने सैन्य शासक और शीर्ष अदालत पर एक निर्वाचित प्रधानमंत्री को मनगढ़ंत आरोपों पर फांसी देने के लिए मिलीभगत करने का आरोप लगाया था। शीर्ष अदालत से भुट्टो के साथ हुए अन्यायपूर्ण व्यवहार को वापस लेने की मांग की थी। बता दें ?कि साल 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी सुप्रीम कोर्ट परामर्श अधिकार क्षेत्र के तहत अपने ससुर भुट्टो को फांसी की सजा दिए जाने के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर की थी। सुनवाई के लिए यह केस मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा की पीठ के पास पहुंचा था। राष्ट्रपति संदर्भित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश ईसा ने सुनवाई की और कहा, क्या यह दोनों संस्थानों न्यायपालिका–विधायिका के लिए उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों से छुटकारा पाने का अवसर नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को भुट्टो के पोते और पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी, आपराधिक और संवैधानिक पक्षों में विशेषज्ञता वाले न्याय मित्र भी सुनवाई में शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति संदर्भ में दिवंगत पीपीपी संस्थापक और शिकायतकर्ता अहमद रजा कसूरी के उत्तराधिकारियों को भी सुनने का फैसला किया है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह ने टिप्पणी की कि अदालत मामले की योग्यता की जांच नहीं कर सकती क्योंकि फैसला पहले ही घोषित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अदालत इस बात पर गौर कर सकती है कि पूर्व पीएम को मौत की सजा कैसे दी गई।

## 2 बच्चों के साथ दुष्कर्म के आरोपी पिता को बेटियों ने पकड़वाया

### –सोशल मीडिया पर हो रही दोनों की तारीफ

वॉशिंगटन । अमेरिका के वाशिंगटन में रहने वाले एक शख्स जिसने 2 बच्चों के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस से बचने के लिए भागता रहा। यहां तक कि शख्स पर 'अमेरिकाज मोस्ट वांटेड सीरीज भी बनी। पुलिसि की कई टीमें उसकी तलाश कर रही थीं, लेकिन 451 दिन बाद वह तब पकड़ा गया जब बेटियां उसके पीछे पड़ीं। अब उनकी पूरी दुनिया में तारीफ हो रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के रहने वाले 51 साल के डेवी अलबरन पर दो बच्चों के साथ कुकर्म करने का आरोप लगा। पुलिस ने छापा मारा तब आरोपी अलबरन वहां से भाग निकला। इसके बाद आरोपी को पुलिस ने भगौड़ा घोषित कर दिया गया। कई राज्यों की पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही थीं। तभी बेटियों को लगा कि पिता ने गलत किया है और उन्हें सजा मिलनी चाहिए। इसके बाद दोनों बेटियों ने अलबरन ने सोशल मीडिया पर मुहिम छेड़ दी। एना ने फेसबुक और टिकटॉक पर लिखा, मेरे पिता ने दो बच्चों के साथ गलत हरकत की है। वह भाग रहे है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अगर आपको कहीं भी दिखे तब तुरंत पुलिस को सूचित करें। हमें भी इसकी जानकारी दे सकते हैं। आप सभी अपने प्रोफाइल पर भी उसकी फोटो शेयर करें, ताकि जल्द से जल्द पकड़ा जा सके। दोनों ने बिलबोर्ड लगाए, रिश्तेदारों को भी इस काम में मदद करने को कहा। यहां तक कि बेटियों ने अपने पिता को दिसंबर 2022 में अमेरिका के मोस्ट वांटेड में भी प्रदर्शित किया। बेटियों की मुहिम रंग लाई और 451 दिनों बाद लोगों की सूचना पर पुलिस ने फ्लोरिडा के लेकलैंड से गिरफ्तार कर लिया। वह एक शेड में छिपा हुआ था। 30 साल की एना ने कहा, हम चाहते हैं कि कोई भी इसतरह का आदमी को न बचाए। गिरफ्तारी के बाद बेटियां इतनी खुश हुईं कि उन्होंने जश्न मनाया। उसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया, जिसमें वे शैंपेन की बोतल छिड़कते हुए दिख रही हैं। चिल्लाते हुए कह रही हैं कि हमने यह कर लिया दोस्तों– मेरा पिता जेल में है। आप सबका धन्यवाद। क्योंकि अगर आप नहीं होते तो वह कभी जेल नहीं जा पाता। पुलिस के साथ पूरे शहर ने उन दोनों की तारीफ की। पोल्क काउंटी के शेरिफ ग्रैडी जुड ने कहा, जब अलबरन लेकलैंड पहुंचा, तभी वहां के लोगों ने हमें बता दिया। हम जान चुके थे कि यह आदमी कहां है। इसके बाद छापेमारी कर दबोच लिया। दोनों बेटियों ने जो हमारी मदद की, उसका कोई जवाब नहीं। हम उन्हें सम्मानित करने वाले हैं।





गाजा में हमास और इजरायली सेना के बीच तत्काल संघर्ष विराम को लेकर हुए मतदान के दौरान प्रदर्शन करते हुए लोग।

## पत्नी मेलानिया राट्रपति चुनाव के कैंपेन में क्यों नहीं आ रहीं नजर? ट्रंप ने किया खुलासा

वाशिंगटन । पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुलासा किया है कि उनकी पत्नी मेलानिया उनकी 2024 के राष्ट्रपति अभियान रैलियों में भाग क्यों नहीं ले रही हैं, ठीक उसी तरह जैसे इस समय प्रथम महिला जिल बाइडेन ने अपने पति के लिए किया है। मेलानिया ट्रम्प ज्यादातर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने या व्हाइट हाउस की दौड़ के संबंध में टिप्पणी करने से बचती रही हैं। हालाँकि, उन्होंने 2016 के राष्ट्रपति अभियान के दौरान अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सप्ताह साउथ कैरोलिना में अपने टाउन हॉल के दौरान फॉक्स न्यूज की होस्ट लौरा इंग्राहम के साथ बात करते हुए ट्रम्प से पूछा गया था कि क्या उनकी पत्नी अभियान में सक्रिय होंगी। मेलानिया बच्चों के साथ अद्भुत हैं लेकिन बहुत से लोग उन्हें और अधिक देखना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी पत्नी अपने 17 वर्षीय बेटे, बैरन ट्रम्प पर अधिक ध्यान दे रही हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका जीवन उस लड़के के इर्द–गिर्द घूमता है, वो उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। साथ ही, यह हमारे देश और हमारे देश की सफलता के इर्द–गिर्द भी घूमता है। उसने चैरिटी के लिए बहुत सारा पैसा जुटाया है। मेलानिया को एक निजी व्यक्ति कहते हुए, जो अपने देश से प्यार करती है, एक समय के रियल एस्टेट मुगल ने कहा कि लोग इस तथ्य को पसंद करते हैं कि वह वहां इतनी ज्यादा नहीं है। आप जानते हैं, बहुत सारी प्रथम महिलाएँ बाहर जाएँगी। वे हर जगह रहना चाहते हैं। उन्हें अपने पति पर गुस्सा आता है क्योंकि वह उनका परिचय नहीं करा रहा है।

# रूस ने भारतीयों से फ्रॉड किया, जंग लडऩे भेजा

### कंपनियों ने हेल्पर के तौर पर हायर किया, फिर वैगनर आर्मी जॉइन करवा दी

**मास्को (एजेंसी)।** रूस जबरदस्ती भारतीयों को यूक्रेन के खिलाफ जंग लडऩे के लिए भेज रहा है। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, चार भारतीयों को रूस-यूक्रेन सीमा पर रूसी सैनिकों के साथ लडऩे के लिए मजबूर किया गया। रूसी कंपनियों ने इन भारतीयों को हेल्पर के तौर पर काम करने के लिए हायर किया था। इसके बाद इन्हें रूस की प्राइवेट आर्मी कही जाने वाले वैगनर ग्रुप में भर्ती करवा दिया गया और जंग के मैदान में छोड़ दिया गया। इन लोगों के परिजनों के बताया कि कुछ एजेंट्स ने दिसंबर 2023 में नौकरी के नाम पर धोखे से भारतीयों को रूस भेज दिया था। अब ये भारतीय मदद की गुहार लगा रहे हैं।



चार भारतीयों में से एक 22 साल के मोहम्मद सुफियान ने एक रूसी सैनिक के फोन से अपने घरवालों को मैसेज भेजा। लिखा- मैं यूक्रेन बॉर्डर से 40 किलोमीटर दूर हूं। हमें हमारी मर्जी के खिलाफ जंग के मैदान में भेजा जा रहा है। हमें धोखा दिया गया। हमारी मदद करो। हम किसी भी कीमत पर भारत लौटना चाहते हैं। रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, चारों भारतीय फेक आर्मी जॉब रैकेट का शिकार हुए। ये पहली बार नवंबर 2023 में एजेंट्स से मिले थे। एजेंसट्स ने हेल्पर की नौकरी के लिए लाखों की सैलरी बताई थी। इसके बाद दिसंबर 2023 में भारतीयों को विजिटर वीजा पर रूस ले जाया गया। सभी ने चेन्नई एयरपोर्ट से उड़ान भरी। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि ये भारतीय दुबई में नौकरी करते थे। उनकी सैलरी 30-40 हजार रुपए थी। एजेंट्स ने 2 लाख की सैलरी वाली नौकरी का झांसा दिया। एक परिजन ने बताया कि नौकरी दिलाने के नाम पर एजेंट्स ने भारतीयों से 3 लाख रुपए भी लिए। अब उन्हें वैगनर आर्मी में भर्ती करके यूक्रेन के खिलाफ जंग लडऩे भेजा जा रहा है।

### 60 अन्य भारतीयों को भी झांसा दिया गया

रिपोर्ट के मुताबिक 60 अन्य भारतीयों को भी झांसा देकर वैगनर आर्मी में शामिल किया गया है। महाराष्ट्र के एक आदमी ने इन लोगों से एक कॉन्ट्रैक्ट पेपर पर साइन करवाए थे। कॉन्ट्रैक्ट रूसी भाषा में लिखा था। साइन लेते समय इन लोगों से कहा गया कि वे रूस में हेल्पर की नौकरी से जुड़े पेपर पर साइन कर रहे हैं।

## भारत ने जी20 एफएमएम बैठक में कहा :भूराजनीतिक मुद्दों का रचनात्मक समाधान तलाशें

**रियो द जिनेरियो (ब्राजील) (एजेंसी)।** पूरी दुनिया में विभिन्न संघर्ष की पृष्ठभूमि में भारत ने ब्राजील की मेजबानी में आयोजित जी20 मंत्री स्तरीय बैठक में भू राजनीतिक समस्याओं के रचनात्मक समाधान निकालने और समान आधार तलाशने पर जोर दिया है। ब्राजील ने एक दिसंबर 2023 को भारत से जी20 की अध्यक्षता प्राप्त की थी। ब्राजील की अध्यक्षता में बुधवार को जी20 विदेश मंत्रियों (एफएमएम) की बैठक यहां आयोजित की गई जो लातिन अमेरिकी देश की अध्यक्षता में संगठन की पहली मंत्री स्तरीय बैठक है।

विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने 'चल रहे अंतरराष्ट्रीय तनाव से निपटने में जी20 की भूमिका' शीर्षक से आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए विभिन्न बिंदुओं का उल्लेख किया और उनपर भारत के रुख की वकालत की। एफएमएम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुरलीधरन ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत ने समाधान के लिए 'संवाद और कूटनीतिक प्रयासों को तत्काल शुरू करने का आह्वान किया जबकि इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के मामले में भारत दो राष्ट्र के समाधान पर विश्वास करता है। उन्होंने जोर दिया कि भारत आतंकवाद के किसी भी स्वरूप की निंदा करता है। उन्होंने कहा, 'हमें पश्चिम एशिया के संघर्ष का विस्तार नहीं होने देना चाहिए।' लाल सागर में समुद्री जहाजों पर हमलों का जिक्र करते हुए विदेश राज्यमंत्री ने तट से दूर समुद्रों में अत्यधिक सुरक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि समुद्री के रास्ते गए संचार केबल की सुरक्षा 'महत्वपूर्ण है।' मुरलीधरन ने 'भूराजनीतिक मुद्दों को रचनात्मक समाधान तलाशने के लिए समान आधार बनाने पर जोर दिया।' भारत के रुख को दोहराते हुए उन्होंने विदेश मंत्रियों की बैठक को याद दिलाया कि एक आर्थिक मंच के रूप में जी20 को सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने ब्राजील की अध्यक्षता के दौरान भारत के 'दृढ़ समर्थन' की घोषणा की और कहा, एफएमएम का विषय 'न्यायपूर्ण विश्व का निर्माण एवं सतत ग्रह ' भारत के आह्वान 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' से साथ मेल खाता है।

## राजा कृष्णमूर्ति लड़ सकते हैं अमेरिकी सीनेट 2026 में चुनाव

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति अमेरिकी सीनेट 2026 में चुनाव लड़ सकते हैं। उन्हें 50 सर्वाधिक शक्तिशाली लोगों की सूची में रखा गया है। जानकारी मिली है कि कृष्णमूर्ति 2026 में अमेरिकी सीनेट के लिए चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। लेकिन, उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया है। नई दिल्ली में जन्मे और इलिनोइस में पले-बढ़े डेमोक्रेट को शिकागो मैगजीन की हेवी हिटर्स सूची में 24वां स्थान मिला था, जिसमें इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर शीर्ष पर थे। 2016 में कांग्रेस के लिए चुने गए कृष्णमूर्ति अब अपने चौथे कार्यकाल में इलिनोइस के 8वें जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जिसमें शिकागो के पश्चिम और उत्तर-पश्चिमी उपनगरों के साथ-साथ शहर का 41वां वार्ड भी शामिल है। कृष्णमूर्ति की प्रचार निधि में 1.44 करोड़ अमेरिकी डॉलर हैं। यह राशि इलिनोइस के किसी भी अन्य कांग्रेस प्रतिनिधि से तीन गुना अधिक है और पूरी कांग्रेस में तीसरी सबसे बड़ी राशि है। 2022 में उन्होंने डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों और डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी को 460,000 डॉलर का दान दिया। यदि डिक डर्बिन सेवानिवृत्त होते हैं, तो वह 2026 में सीनेट के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। 79 वर्षीय डर्बिन अपने पांचवें



सीनेट कार्यकाल में हैं और उन्होंने 2005 से सीनेट डेमोक्रेटिक व्हिप के रूप में कार्य किया है। डर्बिन की सीनेट सीट पर कृष्णमूर्ति के अलावा कई अन्य राजनेताओं की नजरें भी लगी हुई है।

इस मामले में राजनीतिक सलाहकार टॉम बोवेन का मानना है कि कृष्णमूर्ति सीनेट की दौड़ की तैयारी के लिए धन जुटा रहे हैं, मगर उन्होंने इससे इनकार किया है। मीडिया से उन्होंने कहा कि सबसे पहले मुझे उम्मीद है कि सीनेटर डर्बिन अपनी सीट पर बने रहेंगे। मैंने ऐसा कुछ भी नहीं सुना है कि वह सीट छोड़ रहे हैं। मैं अभी इस पर विचार नहीं कर रहा हूं। अमेरिकी कांग्रेस में 535 वोटिंग सदस्य, 100 सीनेटर और 435 प्रतिनिधि हैं। जबकि, सीनेटर अपने पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व करते हैं, सदन के सदस्य व्यक्तिगत जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस वर्तमान में अमेरिकी सीनेट की अध्यक्षता करने वाली एकमात्र भारतीय-अमेरिकी हैं, जो 2024 के चुनावों में राष्ट्रपति बिडेन के साथी के रूप में चुनाव लड़ेंगी।

## एलन मस्क की कंपनी का कमाल, इंसान के दिमाग में लगी चिप से चलाया माउस

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में चिप लगाकर कमाल कर दिया है। अब बिना छुए ही कंप्यूटर पर माउस चलाकर काम किया सकता है। बता दें कि अब तक किस्सों-कहानियों में सुना था की कोई इंसान किसी वस्तु को छुए बिना केवल अपने दिमाग से उसे नियंत्रित कर सकता हैं। मगर एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने यह कारनामा कर दिखाया है। मस्क ने सोमवार देर रात जानकारी दी कि पहला मानव रोगी, जिसने पिछले महीने न्यूरालिंक से दिमाग में चिप लगवाया था, पूरी तरह से ठीक हो गया है और अब वह अपने विचारों का उपयोग करके कंप्यूटर माउस को कंट्रोल करने में सक्षम है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक स्पेस इवेंट में मस्क ने कहा, प्रगति अच्छी है, और ऐसा लगता है कि मरीज पूरी तरह से ठीक हो गया है, तंत्रिका संबंधी प्रभावों के बारे में हम जानते हैं। मरीज



सिर्फ सोच कर स्क्रीन के चारों ओर माउस घूमाने में सक्षम है। मस्क ने कहा कि न्यूरालिंक अब मरीज से ज्यादा से ज्यादा माउस बटन क्लिक कराने की कोशिश कर रहा है। हालांकि न्यूरालिंक ने अधिक जानकारी के लिए तुरंत जवाब नहीं दिया। न्यूरालिंक ने पिछले महीने जनवरी में अपने पहले मानव रोगी के दिमाग में सफलतापूर्वक चिप को लगाया था। कंपनी ने इंसान पर ट्रायल करने के लिए बीते साल सितंबर में मंजूरी ले ली थी।

प्रक्रिया के बारे में बता करते हुए न्यूरालिंक ने कहा है कि अध्ययन में एक रोबोट ऑपरेशन करके इंसान के दिमाग में एक ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस को इंप्लांट करता है। न्यूरालिंक का शुरुआती लक्ष्य लोगों को अपने विचारों का उपयोग करके कंप्यूटर कर्सर या कीबोर्ड को कंट्रोल करने में सक्षम बनाना है। न्यूरालिंक 2017 में एलन मस्क द्वारा स्थापित एक स्टार्टअप है। यह एक ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस बनाने की कोशिश कर रहा है जो दर्दनाक चोटों वाले लोगों को केवल अपने विचारों का उपयोग करके फोन और पीसी ऑपरेट करने में मदद करेगा। ऐसा करने के लिए, वे लोगों के दिमाग में इलेक्ट्रोड प्रत्यारोपित करने पर काम कर रहे हैं। ताकि लकवा ग्रस्त लोगों की मदद हो सके।

## भारत की एक और अंजू पहुंची पाकिस्तान, सिख लड़की ने कबूला इस्लाम

इस्लामाबाद । भारत की एक और अंजू ने पाकिस्तान जाकर इस्लाम कबूल लिया है। उसने अपने प्रेमी से निकाह भी कर लिया है। बता दें कि इससे पहले भी राजस्थान की अंजू ने अपने फेसबुक वाले प्रेमी नसरुल्लाह के साथ निकाह कर लिया था। उसने भी ईसाई धर्म छोड़कर इस्लाम स्वीकार कर लिया। अब कुछ इसी तरह का मामला फिर एक बार देखने को मिला है। जिसमें भारतीय मूल की एक सिख लड़की ने पाकिस्तान के सियालकोट जाकर इस्लाम स्वीकार कर अपने प्रेमी के साथ निकाह कर लिया। यह सिख लड़की जर्मनी की रहने वाली है, जिसका नाम जसप्रीत कौर है। धर्म बदलने के बाद अब इसका नाम जैनब हो गया। अपने प्रेमी अली अरसलान के साथ जैनब ने निकाह कर लिया है। जामिया हनाफिया सियालकोट की ओर से इस्लाम स्वीकार करने का प्रमाण पत्र भी दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जैनब के पिता संगारा सिंह भारतीय पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं। निकाह से पहले जसप्रीत कौर ने जामिया हनाफिया सियालकोट में इस्लाम अपना लिया, जहां उन्हें नया नाम दिया गया है।

बता दें कि जसप्रीत 16 जनवरी को पाकिस्तान एक धार्मिक तीर्थयात्रा के लिए आई थीं। कौर के पास भारतीय पासपोर्ट भी है। उन्हें 15 अप्रैल तक एकल प्रवेश वीजा दिया गया था। जामिया हनाफिया का प्रशासकों का कहना है कि कौर उन 2000 से अधिक गैर–मुसलमानों में से एक हैं, जिन्होंने उनके संस्थान में इस्लाम स्वीकार किया है। रिपोर्ट से पता चला है कि अरसलान और कौर विदेश में मिले थे। इसके बाद अरसलान ने कौर को पाकिस्तान आने का न्योता दिया था। अब दोनों ने निकाह कर लिया है। साल 2018 में भी एक मामला आया था, जिसमें 40 साल की एक जर्मन महिला ने पंजाब के हाफिजाबाद के एक शख्स से निकाह कर लिया था।

## पाकिस्तान को 1971 जैसे विभाजन का सामना करना पड़ेगा, तालिबान मंत्री की धमकी के पीछे के क्या है मायने?

**लंदन (एजेंसी)।** ऐसा लगता है कि दानव उस हाथ को काटने के लिए तैयार है जिसने उसे खाना खिलाया है। एक बार इस्लामाबाद द्वारा समर्थित, अफगानिस्तान में तालिबान अब पाकिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता को खतरे में डाल रहा है। तालिबान अफगानिस्तान के उप विदेश मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई ने पाकिस्तान को 1971 जैसे विभाजन की चेतावनी दी है जिसमें बांग्लादेश का जन्म हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि अफ़ग़ान तालिबान ने पाकिस्तान पर किस तरह से कब्ज़ा कर लिया है, एक ऐसा देश जिसने उनके नेताओं की मेजबानी की, उनके विद्रोह को वित्त पोषित किया और अपने टैंक और बख्तरबंद वाहनों को चलाने के लिए अधिकारियों को ऋण दिया।

तालिबान मंत्री स्टैनिकजई की चेतावनी तब आई जब पाकिस्तान अफगानों को अपने क्षेत्र से अफगानिस्तान में खदेड़ रहा था। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर रहने वाले पश्तूनों ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को अलग करने वाली डूरंड रेखा को कभी स्वीकार नहीं किया। टोलो न्यूज ने एक सार्वजनिक बैठक में स्टैनिकजई के हवाले से कहा हमने डूरंड को कभी नहीं पहचाना है और न ही कभी पहचानेंगे। आज अफगानिस्तान का आधा हिस्सा अलग हो चुका है और डूरंड रेखा के दूसरी तरफ है। डूरंड वह रेखा है जो अंग्रेजों ने अफगानों के दिल पर खींची थी।

स्टैनिकजई ने कहा कि आज, हमारा पड़ोसी देश शरणार्थियों को बहुत क्रूर तरीके से निर्वासित करता है, और उन्हें अपने देश लौटने के लिए कहा जा रहा है। बलूचिस्तान पोस्ट ने बताया कि सैनिकजई ने चेतावनी दी कि इस तरह के अत्याचारों के परिणामस्वरूप 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करने जैसी घटनाएं हो सकती हैं। 2023 में पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों पर कार्रवाई करते हुए मांग की कि सभी गैर-दस्तावेज प्रवासी 1 नवंबर तक देश छोड़ दें। इस निर्णय ने पाकिस्तान में अनुमानित 1.7 मिलियन अफ़गानों के भविष्य को अनिश्चितता और भय में डूबा हुआ छोड़ दिया।

### पाकिस्तान पर कैसे उल्टा पड़ रहा है 'प्रोजेक्ट तालिबान'?

पाकिस्तान के सामने एक बड़ी समस्या है और तालिबान के साथ उसकी समस्याएं बढ़ती ही जा रही हैं। चाहे वे अफगानों को बाहर निकालें या वे अफगानों को बाहर न निकालें, चाहे वे कुछ भी करें, पाकिस्तान पर मुसीबतें आने वाली हैं। अफगानिस्तान में पाकिस्तान के विशेष दूत आसिफ दुर्रानी ने डूरंड रेखा पर तालिबान के रुख को सिरे से खारिज कर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने पहले तालिबान की डूरंड रेखा को मान्यता न देने को 'स्वार्थी और निराधार' बताया था।



### पाकिस्तान किस अंतरराष्ट्रीय कानून की बात कर रहा है?

अफगान तालिबान मंत्री स्टैनिकजई ने कहा कि अफगानिस्तान की यात्रा के लिए वीजा और पासपोर्ट की आवश्यकता अफगानों को स्वीकार्य नहीं है। पाकिस्तान ने हमेशा अंतरराष्ट्रीय कानून और ऐतिहासिक समझौतों के माध्यम से डूरंड रेखा की वैधता पर जोर दिया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ नेता अब्दुल समद याकूब ने कहा, अगर कोई डूरंड रेखा के बारे में बात करता है, तो एक अंतरराष्ट्रीय कानून है। किसी को अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए। एक अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

# डब्ल्यूपीएल के शुरुआती मुकाबले में आज आमने-सामने होंगी मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स

**शाम 7.30 बजे से शुरु होगा मैच**

**बेंगलुरु ।**

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्यूपीएल) का दूसरा सत्र शुक्रवार से यहां शुरु होगा। इसमें पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और पिछली बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। पिछले साल डबल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में खेला गया था पर बार इसका आयोजन बेंगलुरु और नई दिल्ली में किया जा रहा है। मुंबई इंडियंस की कप्तानी हरमनप्रीत कौर जबकि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग करेंगी। लैनिंग इस बार भी अच्छा प्रदर्शन करने उतरेंगी। पिछले साल के शुरुआती सत्र में उन्होंने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। वहीं मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सबसे अधिक 16 विकेट लिए थे। इस टूर्नामेंट में भारत सहित दुनिया भर की कई उभरती ओर अनुभवी खिलाड़ी खेलेंगी।

पहले सत्र में भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, ऐसे में अब उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन रहेगा। जिन युवा भारतीय खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी। उनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं। श्रेयंका ने पिछले 10 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसी कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का अवसर भी मिला था। वहीं श्रेयंका के अलावा दिल्ली कैपिटल्स की उभरती खिलाड़ी टिटास साधु पर भी सभी की नजरें रहेंगी। पहले सत्र में उन्हें भी अवसर नहीं मिला था।

टिटासने एशियाई खेलों में भारत की तरफ से पदार्पण करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले गए टी20 मैच में साधु ने चार विकेट लेकर अपनी क्षमताएं दिखायी थीं। दिल्ली की टीम में एक अन्य युवा खिलाड़ी ऑफ स्पिनर मिन्नू मणि भी शामिल हैं। मणि भी डब्ल्यूपीएल में अपने को साबित करना चाहेंगी। मणि ने अभी तक भारत की ओर से चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों के पास भी इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर भारतय टीम में जगह बनाने का अवसर रहेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, हुमैरा काजी, इस्सी वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनिम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, फातिमा जाफर, कीर्तन बालाकृष्णन।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, लौरा हैरिस, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, अश्विनी कुमारी, जेस जोनासेन, मारिज़ैन कैप, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, राधा यादव, शिखा पांडे, अपर्णा मंडल , तानिया भाटिया, पूनम यादव, टिटास साधु।




## एंडरसन और वुड शायद ही चौथा टेस्ट खेलें : आकाश चोपड़ा

**रांच ।**

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और मार्क वुड रांची में शुक्रवार से भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच में शायद ही खेलेंगे। चोपड़ा ने कहा कि रांची की पिच काली मिट्टी की होने के कारण धीमी हो जाएगी। ऐसे में इससे तेज गेंदबाजों को सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, रांची की पिच काली मिट्टी वाली पिच है और यह धीमी होती रहती है। इस पिच में उछाल और गति नहीं है। इसलिए यहां तेज गेंदबाजों को ज्यादा सहायता नहीं मिलेगी। ऐसे में मुझे लगता है कि एंडरसन और वुड को शायद ही जगह मिले। इन हालातों में दो नए गेंदबाजों को अवसर मिल सकता है। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर एंडरसन नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को चौथे टेस्ट में अवसर मिल सकता है।उन्होंने कहा, अगर एंडरसन नहीं खेलते हैं, तो रॉबिन्सन खेल सकते हैं क्योंकि वह बहुत अच्छे गेंदबाज हैं। इसके अलावा गस एटकिंसन भी इस टीम में शामिल हैं उन्हें वुड की जगह शामिल किया जा सकता है। वे इस मैच में स्पिनर शोएब बशीर को भी शामिल कर सकता है। मुझे लगता है कि स्पिन आक्रमण इस मैच में हावी रहेगा।

# भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी


**सुबह 9.30 बजे शुरू होगा**

**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतकर पांच मैचों की ये सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज अभी अच्छे फार्म में है, ऐसे में उसके पास इस मैच में जीत के अच्छे अवसर हैं। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में नहीं हैं, ऐसे में उसके ऊपर इस मैच में दबाव रहेगा। यहां की पिच से स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में दोनो ही टीमें अपने-अपने मुख्य तेज गेंदबाजों को आराम दे सकती हैं

भारतीय टीम ने इस मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। उनकी जगह युवा आकाश दीप या मुकेश मुकार में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। वहीं इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मार्क वुड को आराम दिया है। उनकी जगह ऑली रोबिंसन को शामिल किया है।

भारत अभी सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी नजरें इस मैच में जीत के साथ ही घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं सीरीज जीतने पर लगी रहेंगी। इससे पहले साल 2012 में एलिस्टर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम से मिली हार के बाद से ही भारतीय टीम ने अपनी धरती पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए 47 टेस्ट मैचों में से 38 में जीत हासिल की थी। विराट कोहली और केएल राहुल के बाहर होने के बाद भी भारतीय बल्लेबाज काफी मजबूत है। कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल ,यशस्वी जायसवाल शानदार फार्म में हैं। यशस्वी ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाया था। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेज गेंद और बल्ले से अबतक शानदार रहे हैं। इसके अलावा युवा सरफराज खान ओर ध्रुव जुरेल ने भी अबतक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड टीम के प्रमुख बल्लेबाज जो रुट अब तक नाकाम रहे हैं। ऑल पोप और बेन डकेट ही सीरीज में एक-एक शतक लगा पाये हैं। टीम की तेज गेंदबाजी अच्छी है पर उसके स्पिन भारतयीय स्पिनरों जितने अनुभवी नहीं हैं।




**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशवी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार या देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, आर अश्विन, आकाश दीप याह मुकेश कुमार मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोकस (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन, शोएब बशीर।

# सचिन ने कश्मीर में युवाओं के साथ क्रिकेट खेला

**श्रीनगर।**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आजकल अपने परिवार के साथ कश्मीर घाटी के दौरे पर हैं। इस दौरान सचिन ने बर्फबारी का आनंद लेने के साथ ही स्थानीय युवकों के साथ क्रिकेट भी खेला जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें सचिन उरी में कुछ स्थानीय युवकों के साथ सड़क किनारे क्रिकेट खेलते हुए दिख रहे हैं। इस दौरान ये युवा सचिन के फुटवर्क और उनके शॉट लगाने के तरीके को देखते नजर आये। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस वीडियो को साझा करते हुए लिखा क्रिकेट और कश्मीर, स्वर्ग में एक मैच।वहीं कुछ दिन पहले ही उन्होंने श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुर्सू में एक क्रिकेट बैट निर्माण इकाई का भी दौरा किया था। तेंदुलकर ने विनिर्माण इकाई में एक घंटा बिताया और प्रशंसकों के एक छोटे समूह से बातचीत की। उन्होंने उन्हें दिए गए पहले बल्ले को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझे पहला बल्ला मेरी बहन ने दिया था और वह कश्मीर विलो बल्ला था। अब मैं यहां हूं तो कश्मीर विलो को तो मिलना बनता है।

सचिन ने उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आखिरी बिंदु अमन सेतु पुल का दौरा किया और जवानों से बात की। अधिकारियों ने बताया कि लगभग एक घंटे तक चली अपनी यात्रा के दौरान तेंदुलकर ने अमन सेतु के पास कमान पोस्ट पर सैनिकों से बातचीत की। इसके अलावा वह दक्षिण कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल भी पहुंचे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अन्य वीडियो में तेंदुलकर को एक उड़ान में अपने साथी यात्रियों से उत्साहित होकर बात करते हुए देखा गया। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजाईं और सचिन-सचिन के नारे लगाए। इसपर सचिन ने भी उनका अभिवादन किया।



## टर्निंग पिच से नहीं डरती इंग्लैंड टीम : ओली
### हमारे पास भी अच्छे स्पिनर

**रांची ।**

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले कहा है कि वह टर्निंग पिच से नहीं डरते हैं। ओली के अनुसार उनकी टीम के पास भी काफी अच्छे स्पिनर हैं। उन्होंने कहा कि 'टर्न' लेती पिच से उनकी टीम को कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि इस मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को सहायता मिलेगी जिससे मुकाबला बराबरी पर आ जाएगा। साथ ही कहा कि हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच' होने के कारण स्पिनरों के साथ ही तेज गेंदबाजों ओर बल्लेबाजों को भी सहायता मिली थी। इस प्रकार की पिचें स्पिनरों के लिए ही नहीं सभी प्रकार के गेंदबाजों के लिए लिए लाभदायक होती हैं। साथ ही कहा, 'अगर यहां पहली ही गेंद से स्पिनरों को सहायता मिलती है तो इससे टॉस की भूमिका समाप्त हो जाएगी। इससे मैदान पर मुकाबला बराबरी पर आ जाता है। कई बार शुरू में विकेट सपाट होता है पर फिर यह खराब होने लगता है। इसी प्रकार के विकेट पर हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरा और तीसरा टेस्ट जीता। साथ ही कहा कि अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे परिणाम तय नहीं होता पर इससे आपको लाभ मिलता है।' पहले टेस्ट में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ओली का मानना है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उनकी टीम को भी विकेट लेने का अवसर मिल जाएगा। साथ ही कहा, 'हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह व्यवहार करेगा तो हमें लाभ होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं जिन्होंने कुछ अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे हमारे लिए भी विकेट लेने के अवसर मिलेंगे।' ओली ने बल्लेबाजी के दौरान भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलकर स्पिनरों को प्रभावहीन कर दिया था। ओली ने कहा, 'अगर पिच स्पिन करेगी तो हमें और अधिक स्वीप शॉट और नए तरह के शॉट देखने को मिलेंगे। हमने देखा है कि भारतीय स्पिनर स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं।

## गॉफ दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंची; स्वीयाटेक ने स्वितोलिना को पछाड़ा

**दुबई,**

विश्व नं. 3 अमेरिकी कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने 1 घंटे और 53 मिनट के खेल के बाद प्लिस्कोवा पर जीत हासिल की, और अपने आमने-सामने के मुकाबले में 2-1 से आगे हो गई। इस सप्ताह के डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में पहले से ही कम रैंक वाले विरोधियों द्वारा कई वरीय खिलाड़ियों को हराने के बाद ,गॉफ नवीनतम बड़े नाम वाली दुर्घटना बनने से बच गई क्योंकि वह एक रोलरकोस्टर लड़ाई के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। गॉफ का अगला मुकाबला अन्ना कलिंस्काया से होगा, जिन्होंने बुधवार को 2022 दुबई चैंपियन और विश्व नंबर 9 जेलेना ओस्टापेन्का को 6-4, 7-5 से हराया। अन्य मुकाबले में, वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने बुधवार रात तीसरे राउंड में नंबर 15 सीड और दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना को हराया। पोल स्टार ने अब अपने पिछले 26 मैचों में से 25 जीते हैं और शीर्ष 20 खिलाड़ियों के खिलाफ 13 मैचों की जीत की लय में है।इस महीने मध्य पूर्व में लगातार छह मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए, स्वीयाटेक ने अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां अब उसका सामना चीन की झेंग किनवेन से होगा। वर्ल्ड नंबर 7 झेंग ने अनस्तासिया पोटापोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। उसने अब शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने पिछले 27 मैचों में से 26 में जीत हासिल की है और पिछले सप्ताह लेयला फर्नांडीज से उसे एकमात्र हार मिली थी। जबकि स्वितोलिना ने 2017 और 2018 में यहां बैक-टू-बैक खिताब हासिल किए, स्वीयाटेक, झेंग और टूर्नामेंट में शेष छह खिलाड़ी - कोको गॉफ, सोराना क्रिस्टिया, मार्केटा वोंद्रोसोवा, एलेना रिबाकिना, जैस्मीन पाओलिनी और अन्ना कलिंस्काया - हैं, सभी पहली बार खिताब के लिए प्रयासरत हैं।

### संक्षिप्त समाचार



## रांची की पिच को लेकर कोई अंदाजा नहीं लगा सकता : स्टोक्स

**रांची ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि उन्हें अंदाजा नहीं है कि शुक्रवार से यहां भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे टेस्ट मैच में पिच किस प्रकार का व्यवहार करेगी। स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने यहां की पिच नहीं देखी है, इसलिए ये किस प्रकार का व्यवहार करेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। रांची टेस्ट की पिच अपनी गहरी भूरी, अत्यधिक सूखी और टूटी हुई प्रकृति के कारण चर्चा में है। इसी को लेकर टीम के उप-कप्तान ओली पोप ने गत दिवस कहा था कि पिच में पहले से ही दरारें हैं, जिससे संकेत मिलता है कि इसमें टर्न और असामान्य उछाल शुरु से ही रहेगा। स्टोक्स ने कहा, मुझे नहीं पता, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा है इसलिए मुझे कोई अंदाजा नहीं है। मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। यदि आप विपरीत छोरों के एक तरफ नीचे देखते हैं यह उससे बिल्कुल अलग दिखता था जिसे मैं देखने का आदी हूं, खासकर भारत में। चेंजिंग-रूम में यह हरा और घास वाला दिखता था पर फिर आप वहां जाते हैं, यह अलग दिखता था। इसमें काफी दरारें थीं। स्पिन के अनुकूल पिच पर स्पिनर टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद को सहायता मिल सकती है। इस मैच में उनकी टीम का लक्ष्य जीत हासिल कर सीरीज में वापसी के पयास करना रहेगा। इस मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह ओली रॉबिन्सन को शामिल किया जा सकता है। स्टोक्स के अनुसार गेंदबाज रॉबिन्सन ने रांची टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए कड़ी मेहनत की है और उन्हें भी अवसर मिल सकता है।

## नागल शीर्ष 100 से बाहर हुए , युगल में बोपन्ना भारत के शीर्ष खिलाड़ी



**नई दिल्ली ।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमिन नागल विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। एकल खिलाड़ी नागल को 16 अंकों का नुकसान हुआ जिससे वह एटीपी की ताजा विश्व रैंकिंग में तीन स्थान नीचे खिसककर 101वें स्थान पर पहुंच गये। पिछले साल नागल को एक क्वालीफायर के तौर पर चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक का लाभ हुआ था पर वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए जिसे उनकी रैंकिंग नीचे आ गयी। नागल ने इस साल की शुरुआत में ही चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनायी थी। वहीं एकल में भारतीय टीम के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं। रामकुमार एटीपी रैंकिंग में 42 पायदान ऊपर आकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके बाद शशि कुमार मुकुंद 457 वें, एसडी प्रज्वल देव 595 वें और दिग्विजय प्रताप सिंह 623 वें स्थान पर हैं हालांकि युगल में अब भी रोहन बोपन्ना ही भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर युकी भांबरी 60, एन श्रीराम बालाजी 80, विजय सुंदर प्रशांत 81, साकेत मयनेनी 89 और अनिरुद्ध चंद्रशेखर 94 के नंबर आते हैं।

## आकाश दीप को मिल सकती टेस्ट कैप

**रांची ।**



जसप्रीत बुमराह की जगह पर बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को इंग्लैंड के बीच रांची में शुक्रवार से शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। आकाश दीप को इस मैच में टेस्ट कैप मिलने की पूरी उम्मीद है। आकाश दीप अगर पदार्पण करते हैं तो वह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी मुकेश कुमार बचे हुए 2 मैचों के लिए टीम में लौट आए हैं पर कहा जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन आकाश को अवसर देना चाहते हैं। आकाश ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से खेलते हुए 2 मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए थे हालांकि मुकेश ने तीसरे टेस्ट से ब्रेक के दौरान बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी खेलकर 10 विकेट लिए थे पर दूसरे टेस्ट में उनके खराब प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता अब आकाशदीप को अवसर देना चाहते थे। मोहम्मद सिराज की जगह खेलते उतरे मुकेश ने दूसरे टेस्ट में केवल एक विकेट लिया था। आकाश दीप ने साल 2019 में पदार्पण के बाद से ही 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने 23.58 की औसत और 3.03 की इकॉनमी रेट से 104 विकेट लिए हैं। यदि आकाश को अवसर मिलता है तो वह सीरीज में भारत की ओर से खेलने वाले चौथे पदार्पणकर्ता होंगे, इससे पहले रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को पिछले खेलों में कैप मिली थी।

**चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।



## अश्विन को नहीं मिला पर्याप्त श्रेय : डिविलियर्स
### 500 टेस्ट विकेट पूरे करने पर बधाई देते हुए कही ये बात

**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन को अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे करने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं मिला। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह दूसरे दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। अश्विन की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए डिविलियर्स ने कहा है कि जितना उन्हें सराहना मिलनी चाहिये थी वह नहीं मिली। अश्विन गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी में भी निचले स्तर पर अहम भूमिका निभाते हैं। ये भी सभी को ध्यान रखना होगा कि भारत की ओर से अभी तक केवल 2 गेंदबाज ही 500 या इससे ज्यादा टेस्ट विकेट ले पाए हैं और इसमें अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पहले नंबर पर दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। डिविलियर्स ने कहा,'क्या शानदार उपलब्धि है। बधाई अश्विन। आप उन खतरनाक गेंदबाजों में शामिल हो जिनके खिलाफ मैंने खेला है। आप बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में शानदार रहे हैं। आप भारतीय टीम की अमूल्य संपत्ति हो। साथ ही कहा कि एक दिग्गज खिलाड़ी होने के बाद भी उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं दिया जाना निराशाजनक है।

## बेयरस्टो की जगह लारेंस को शामिल करें : कुक

**लंदन ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से रांची में शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को नहीं रखा जाना चाहिये। कुक के अनुसार बेयरस्टो का प्रदर्शन इस सीरीज में अच्छा नहीं रहा है। वह पिछली छह पारियों में एक बार भी 40 रनों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं। उनका औसत भी 17.00 बेहद खराब रहा है। कुक ने कहा, 'मैं इस खिलाड़ी की भलाई के लिए ही उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए कठिन साबित हुआ है। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा पर अभी ये अच्छा रहेगा कि किसी ऐसे किसी खिलाड़ी को अवसर दिया जाये जिसने अब तक इस सीरीज में नहीं खेला है। कुक ने बेयरस्टो की जगह पर डैन लारेंस को शामिल करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा, 'जब आप रन नहीं बना पा रहे हों तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं, इसलिये मैं लारेंस को शामिल करने के पक्ष में हूं। वहीं एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो को ही रखेगा। एथरटन ने कहा, 'बेयरस्टो इस सीरीज के लिए अबतक अहम रहा है इसलिये मुझे नहीं लगता कि इस मौके पर उसे बाहर कर दिया जाएगा। इंग्लैंड की टीम अभी पांच मैच की इस सीरीज में अभी 1-2 से पीछे है और ऐसे में चौथा टेस्ट उसके लिए बेहद अहम है। कुक के अनुसार जिस प्रकार भारतीय टीम ने अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। उसी प्रकार उनकी टीम को भी अपने तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को आराम देना चाहिये। इससे वे अंतिम टेस्ट में तरोताजा होकर उतर सकेंगे। इस सीरीज का अंतिम धर्मशाला में होगा और वहां के हालात तेज गेंदबाजों के अनुकूल माने जाते हैं। ऐसे में एंडरसन और वुड धर्मशाला के ठंडी हालातों में काफी प्रभावी होंगे।

# सात साल में यूपी की जीडीपी व प्रति व्यक्ति आय दोगुनी : सीएम योगी

- पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा भारत : मुख्यमंत्री
- आयकर विभाग के नवीन भवन का केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ किया लोकार्पण

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत तेजी के साथ आगे बढ़ती नई अर्थव्यवस्था है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हम देश पर 200 वर्ष शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश के साथ ही उत्तर प्रदेश ने भी अपनी अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाया है। पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई है।

सीएम योगी गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ गोरखपुर में आयकर विभाग के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। यहां का सीडी रेशियो 45 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। अगले वित्तीय वर्ष में इसे 65 प्रतिशत करने का लक्ष्य है। प्रदेश में इनकम टैक्स रिटर्न भरने वालों की संख्या भी बढ़ी है। वर्ष 2014 में जहां एक लाख 45 हजार लोग इनकम टैक्स रिटर्न भरते थे, आज वह संख्या 12 लाख पर पहुंच चुकी है। बैंकों की तरफ से भी उत्तर प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सर्वाधिक रुचि दिखाई गई है।

### विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में नागरिक दायित्वों का निर्वहन महत्वपूर्ण...

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार टैक्सपेयर्स के लिए प्रक्रियाओं का सरलीकरण कर रही है। टैक्सपेयर्स से मिला पैसा ही देश के विकास के काम आता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिक कर्तव्यों की सबसे बड़ी भूमिका होगी। हर व्यक्ति अपनी भूमिका को अच्छे से समझ कर उसका निर्वाह करेगा तो विकसित भारत का लक्ष्य हर हाल में प्राप्त कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयकर दाताओं को कर जमा करने के लिए स्वत: स्फूर्त तैयार करना




नागरिक दायित्व भी है। यदि पैसा नहीं होता तो बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर कैसे दिया जा सकता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय समावेशन के क्रांतिकारी अभियान यथा अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, मुद्रा ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, बीसी सखी जैसी योजनाओं का लाभ व्यापक पैमाने पर लोगों को मिला है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में भारत सरकार और वित्त मंत्रालय का महत्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है।

### यूपी दंगा मुक्त, कानून व्यवस्था बेहतरीन...

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) ने नई ऊंचाई को छुआ है। पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद जब उन्होंने इन्वेस्टर्स समिट करने को कहा तब उन्हें बताया गया कि प्रदेश को 20 हजार करोड़ रुपये का ही निवेश मिल सकता है। इस पर सवाल करने पर कहा गया कि उत्तर प्रदेश से लोगों का भरोसा टूट चुका है इसलिए यहां लोग निवेश नहीं करना चाहते ।आज उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त हो चुका है, यहां गुंडागर्दी नहीं है, कानून व्यवस्था बेहतरीन है। उसका परिणाम भी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की उपलब्धियों में देखा जा सकता है।

### यूपी में आस्था भी और आजीविका भी...

सीएम योगी ने कहा कि आज अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का एक माह पूरा हो रहा है। एक माह में वहां 62 से 65 लाख श्रद्धालु पधार चुके हैं। अयोध्या के विकास के समय जिन व्यापारियों को कुछ संशय था, उन्हें पुनर्वासित करने का वचन निभाया गया। आज वही व्यापारी यह बताते हैं कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद उनका व्यवसाय 30 से 50 गुना बढ़ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा बदलते उत्तर प्रदेश में आस्था भी है और आजीविका भी।

गोरखपुर में पहली बार आई वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का स्वागत करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का यह क्षेत्र प्राचीन काल से अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के लिए विश्व विख्यात रहा है। गोरखपुर गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली है तो यहां से 90 किलोमीटर की दूरी पर भगवान बुद्ध की जन्मभूमि और 50 किलोमीटर की दूरी पर उनकी महापरिनिर्वाण स्थली है। गोरखपुर से 25 किलोमीटर की दूरी पर संतकबीर की महापरिनिर्वाण स्थली मगहर है तो 150 किलोमीटर की दूरी पर प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या और 200 किलोमीटर की दूरी पर काशी विश्वनाथ धाम भी है।

### कुंभ तक तैयार हो जाएगा गंगा एक्सप्रेसवे...

सीएम योगी ने निर्मला सीतारमण के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वित्त मंत्रालय देश के विकास की धुरी होता है। वित्त मंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश का निरंतर सहयोग करने वाली वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने पूर्व में रक्षा मंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। छह नोड में विकसित हो रहा डिफेंस कॉरिडोर निवेश के साथ रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा चुका है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ने वाले गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज कुंभ से पहले राष्ट्र को समर्पित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी कई मायनों में नंबर एक : पंकज चौधरी

आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों की सोच बदल दी है। उनके नेतृत्व में अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है तो जनकल्याण के भी व्यापक कार्यक्रम जारी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि योगी जी ने उत्तर प्रदेश का चेहरा बदल दिया है। जिस उत्तर प्रदेश को दंगा प्रदेश माना जाता था, बीमारू राज्य कहा जाता था, जहां लोग आने में, निवेश करने को तैयार नहीं होते थे। आज सीएम योगी के नेतृत्व में वही उत्तर प्रदेश कई मायनों में नंबर एक बन गया है। यह प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन, गन्ना उत्पादन, दूध उत्पादन, इंफ्रास्ट्रक्चर आदि मामलों में देश में नंबर एक है। हाल में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में यूपी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए 40 लाख करोड रुपये के एमओयू में से 10 लाख करोड रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतारा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तारीफ करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि वित्त मंत्री के नेतृत्व में टैक्स रिबेट बढ़ने के बावजूद टैक्स कलेक्शन बढ़ा है।

स्वागत संबोधन केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन नितिन गुप्ता व आभार ज्ञापन पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद रविकिशन शुक्ल, कमलेश पासवान, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की सदस्य प्रज्ञा सहाय सक्सेना समेत आयकर विभाग के कई अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री ने परिषदीय स्कूलों के कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों को चंद्रयान का मॉडल वितरित कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# विकसित देश-प्रदेश के लिए निवेश आवश्यक : मुख्यमंत्री योगी

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य विकसित भारत बनाने का है। विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा और इसके लिए गोरखपुर को विकसित करना होगा। विकसित देश, प्रदेश और जनपद के इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए औद्योगिक निवेश भी आवश्यक है।



सीएम योगी गुरुवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र को 1040 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं की सौगात देने के बाद गीडा के सेक्टर 13 में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर उन्होंने गीडा की 650 करोड़ रुपये की अनुमानित आय वाली कालेसर आवासीय टाउनशिप योजना को लांच करने के साथ 300 करोड़ रुपये के निवेश वाली एसडी इंटरनेशनल की प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास तथा 90 करोड़ रुपये के 18 विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

सीएम ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के स्किल ट्रेनिंग सेंटर के पांच छात्रों को नामांकन प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास और रोजगार के क्षेत्र में जो परिणाम दिख रहा है, वह बेहतर कानून व्यवस्था, अच्छी सरकार और अच्छे जनप्रतिनिधियों के चुने जाने का परिणाम है। जब नीयत अच्छी होती है तो परिणाम भी अच्छे आते हैं। आज गीडा नई ऊंचाइयों को छू रहा है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। तब लखनऊ जाने के लिए दो रूट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र औद्योगिक क्लस्टर के रूप में विकसित हो, इसके लिए बीते कुछ वर्षों में तमाम प्रयास हुए हैं। गीडा में वरुण ब्रेवरेज, केयान डिस्टलरीज, सीपी मिल्क, तत्वा प्लास्टिक, सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन, इंडिया ऑटोव्हील्स, बालाजी प्रोसेसर्स, रूंगटा इंडस्ट्रीज, कपिला कृषि उद्योग, सिंह पेपर प्रोजेक्ट के निवेश का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ इन्हीं निवेश परियोजनाओं से करीब 5000 युवाओं को यही नौकरी व रोजगार उपलब्ध होगा। सीएम ने कहा कि गीडा क्षेत्र में अन्य उद्योग भी लग रहे हैं। 25 एकड़ में गारमेंट पार्क, 88 एकड़ में प्लास्टिक पार्क विकसित हो रहा है। 34 करोड रुपये की लागत से फ्लैटेड फैक्ट्री भी बन रही है। इसके अलावा सरकार 5500 एकड़ में धुरियापार में औद्योगिक टाउनशिप बनाने जा रही है। हाल में ही नई सीमेंट फैक्ट्री के लिए प्रस्ताव मिला है। इसके लिए निवेशक को भूमि दिखा दी गई है।

### आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों को मिलेगी सुविधा...

सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2014 के प्रधानमंत्री बनने के साथ ही मोदी जी ने हर जरूरतमंद व्यक्ति के लिए आवास की घोषणा की थी। देश में अब तक चार करोड़ गरीबों को सिर ढकने के लिए पक्के छत की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों को मकान दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अपना पैसा देकर जो लोग आवास पाने के इच्छुक हैं, उनके लिए गोरखपुर विकास प्राधिकरण के साथ ही गीडा ने भी आगे कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने बताया कि गीडा की कालेसर आवासीय परियोजना में हर श्रेणी के लोगों के लिए आवास उपलब्ध हो सकेंगे।

### उत्पाद की पैकेजिंग पर ध्यान देना जरूरी...

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी उत्पाद की पैकेजिंग का अपना महत्व है। कोई उत्पाद कितना भी अच्छा हो, अगर उसका बाहरी आवरण ठीक नहीं है तो वह बाजार की प्रतिस्पर्धा में टिक नहीं पाएगा। किसी उपभोक्ता की पहली नजर उत्पाद के पैकेज पर पड़ती है। अगर उत्पाद सजा हुआ है तो लोग उसे देखते हैं। उत्पाद की कीमत बढ़ाने के साथ बड़ा बाजार उपलब्ध कराने में भी पैकेजिंग महत्वपूर्ण है। उन्होंने पैकेजिंग के क्षेत्र में नई यूनिट डालने के लिए एसडी इंटरनेशनल के निदेशकों को साधुवाद दिया।

### बन रहा है नया गोरखपुर...

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर एक नया गोरखपुर बन रहा है। कालेसर से जंगल कौड़िया बाईपास पहले सपना था, आज हकीकत है। गोरखपुर में एम्स बन चुका है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उन्नयन हो चुका है। खाद कारखाना शुरू हो चुका है। गोरखपुर में चार-चार विश्वविद्यालय स्थापित हैं। अभी गत दिनों गोरखपुर के लिए सरकार ने पशु चिकित्सा महाविद्यालय के स्वीकृति दे दी है। इसे बाद में विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाएगा। सहजनवा में अटल आवासीय विद्यालय तो हरपुर में सर्वोदय विद्यालय बन चुका है। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है। हो रहा है।

### हो रहा है युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने का काम...

सीएम योगी ने कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं के स्केल को स्किल में बदलने का काम गीडा में स्थापित नाइलिट के स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग सेंटर से हो रहा है। पहले युवा नौकरी के लिए भटकते थे, अब यही ट्रेनिंग लेकर नौकरी हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में परंपरागत कोर्स के साथ ही स्किल डेवलपमेंट का प्रावधान भी किया गया है। एक युवा पढ़ाई पूरी कर जब बाहर निकलेगा तो नौकरी उसके इंतजार में होगी।

### यूपी को सुरक्षा और निवेश का प्रदेश बना दिया सीएम योगी ने : रविकिशन

विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को बीमारू और माफियागिरी की छवि से निकाल कर सुरक्षा और निवेश का प्रदेश बना दिया है। सीएम ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले निवेश प्रस्तावों में से दस लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को धरातल पर उतार दिया है। उनके मार्गदर्शन में गीडा निवेश परियोजनाओं की नजीर पेश कर रहा है। समारोह को सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल ने भी संबोधित किया और सहजनवा व गीडा क्षेत्र में हुई प्रगति का विस्तार से उल्लेख किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का स्वागत एसडी इंटरनेशनल के एमडी विनय अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक प्रदीप शुक्ल, विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान महेंद्रपाल सिंह, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, वरिष्ठ नेता रमेश सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# योगी जी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री : सीतारमण

- आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री ने की सीएम योगी की मुक्त कंठ से सराहना
- हर जिला ही सीएम योगी के लिए हेडक्वार्टर : वित्त मंत्री

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**गोरखपुर।** आयकर विभाग के नवीन भवन के लोकार्पण समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार को पहली बार गोरखपुर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यशैली की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी बहुत ही डायनमिक मुख्यमंत्री हैं। सीएम योगी के लिए उन्होंने डायनमिक शब्द का कई बार जिक्र किया।



आयकर विभाग के भवन लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने सीएम योगी के लिए खुद द्वारा कहे गए डायनमिक शब्द को समझाया भी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं और एक साल में 52 सप्ताह होते हैं। योगी जी साल भर में प्रत्येक जिले का कम से कम एक बार दौरा जरूर कर लेते हैं। कुछ जिलों में यह संख्या और कई बार होती है। एक साल में 52 सप्ताह और 75 जिले में कम से कम एक बार जाने वाले चीफ मिनिस्टर योगी जी हैं। वह इंजन की तरफ प्रदेश में घूमकर काम रहते हैं। हर जिला ही उनके लिए हेडक्वार्टर है। उनसे लखनऊ में अपॉइंटमेंट मांगना ठीक नहीं है। उस दिन, उस सप्ताह कहां होंगे, उधर जाना ही बेहतर होगा। प्रथम बार गोरखपुर आगमन को लेकर श्रीमती सीतारमण ने कहा, 'फर्स्ट इंप्रेशन इज बेस्ट इंप्रेशन और मुझे गोरखपुर इतना सुंदर लगा जितना सोचा भी नहीं था।'

### मोदी सरकार में सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी...

वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व सरकार बार बार यह साबित कर रही है कि जिसका शिलान्यास होगा, उसका उद्घाटन भी होगा। सभी परियोजनाओं के पूरा होने की गारंटी ही मोदी जी की गारंटी है। अपनी बात को और स्पष्ट करने के लिए उन्होंने पूर्वी उत्तर प्रदेश की चार प्रमुख परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। वित्त मंत्री ने बताया कि गोरखपुर के खाद कारखाना और एम्स का शिलान्यास जुलाई 2016 में किया गया और दिसम्बर 2021 में इन सभी का लोकार्पण भी हुआ। गोरखपुर में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के रीजनल सेंटर का 2018 में शिलान्यास हुआ तो दिसंबर 2021 में उद्घाटन भी। 1978 से लंबित सरयू नहर परियोजना का उद्घाटन दिसंबर 2021 में पीएम मोदी ने किया। यह परियोजना पूर्वी उत्तर प्रदेश के 9 जनपदों के 6200 गांवों में रहने वाले 29 लाख किसानों को सिंचाई की सुविधा दे रही है। इस परियोजना के शुरू हो जाने से 14 लाख हैक्टेयर भूमि का सिंचन आसान हुआ है।

### बढ़ा सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह...

वित्त मंत्री ने आयकर विभाग की उपलब्धियां पर चर्चा करते हुए कहा कि सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 16.77 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अप्रैल 2023 से 10 जनवरी 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये का टैक्स रिफंड भी किया गया है। साठ-सत्तर के दशक से वर्ष 2009 तक पुराने टैक्स क्लेम के मामलों में 25 हजार रुपये की धनराशि पर राहत प्रदान की गई है। फेसलेस सिस्टम के चलते शिकायतों में 60 प्रतिशत कमी आई है। आयकर विभाग प्रतिदिन 1.66 करोड़ असेसमेंट कर लेता है जबकि एक सप्ताह में 3.43 करोड़ इनकम टैक्स रिटर्न की प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चम्पावत के लिए हेली सेवा का शुभारम्भ किया

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास, सभागार में नागरिक उडडयन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हल्द्वानी से मुनस्यारी, पिथौरागढ़, चम्पावत हेतु क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत संचालित की जा रही हैली सेवा का वर्चुअल रूप से फ्लैग ऑफ कर शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम को सम्बोधत करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इस हवाई सेवा की लम्बे समय से प्रतीक्षा थी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को परस्पर जोड़ने और लोगों को आवागमन हेतु सुविधा प्रदान करने में सक्षम तो होगी ही, आपात समय में राहत और बचाव कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक प्रभावी माध्यम भी साबित होगी। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों के दर्शन होने के साथ ही लोगों को आवागमन में भी काफी सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोरोना काल में जो बाहर चले गये थे, वे अब अपने गाँव वापस आ रहे हैं। इस तरह यह सिर्फ़ हवाई सेवा नहीं, बल्कि रिवर्स पलायन का मार्ग भी है। यही वह मार्ग है, जो हमारे पहाड़ों के घरों को पुन: आबाद करेगा तथा गाँव में रौनक़ लौटाएगा।

मुख्यमंत्री ने जोलीग्रांट एयरपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने कुछ दिन पूर्व ही जोलीग्रांट एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शुभारंभ किया है तथा शीघ्र ही अब जोलीग्रांट एयरपोर्ट से पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर देहरादून-अमृतसर, देहरादून-पंतनगर, देहरादून-अयोध्या रूट्स पर भी एयर कनेक्टिविटी शुरू की जाएगी। यही नहीं हम आगामी समय में त्रिजुगीनारायण, लैंसडाउन आदि स्थानों के लिए भी हेली सेवा की शुरूआत करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इससे जहां एक ओर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार के नए अवसर भी बढ़ेंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून से पिथौरागढ़ तक फिक्सड विंग एयरक्राफ्ट सेवाएं विगत 30 जनवरी 2024 से शुरू की जा चुकी है। इस सेवा के प्रारंभ होने से सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने के लिए एक नया और बेहतर विकल्प मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य है तथा राज्य सरकार का प्रयास है कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को राज्य में आवागमन के लिए हर प्रकार की सुविधा मिले। इसमें हवाई सेवाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां हम जौलीग्रांट एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय स्तर का बना रहे हैं, वहीं पंतनगर एयरपोर्ट को भी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही प्रदेश के रमणिक क्षेत्रों का हवाई माध्यम से दर्शन करने हेतु "जॉय राइड सेवा", "हिमालयन दर्शन" आदि सेवाएं भी प्रस्तावित हैं तथा इन सेवाओं के प्रारंभ होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृत काल में प्रवेश कर चुका है। उनके नेतृत्व में आज का भारत बड़े सपने देख रहा है और उन्हें पूरा भी कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आम व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आई है तथा उनके कार्यकाल में 25 करोड लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे हैं। हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई यात्रा कर पाए, यह सपना उन्होंने देखा था और इन 10 वर्षों में हम उस सपने को साकार होते हुए देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां डबल इंजन की सरकार है, वहां-वहां प्रधानमंत्री का विजन आम आदमी के जीवन में खुशहाली ला रहा है तथा प्रधानमंत्री ने जिस उड़ान योजना की शुरुआत की थी आज हम उसका लगातार विस्तार देख रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए हर सम्भव प्रयास कर रही है और आगे भी करती रहेगी तथा हम उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं व आप सभी के सहयोग से हम अपने इस संकल्प को पूर्ण करने में अवश्य सफल होंगे।

कार्यक्रम को रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने दिल्ली से वर्चुअल रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय पर्यटन व हवाई संपर्क को बढ़ावा देने के लिये उड़े देश का हर नागरिक के तहत हवाई सेवा शुरू की गयी थी। इस सेवा से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को काफी लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिथौरागढ़ व चम्पावत के विकास के लिए केंद्र ने 140 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने कहा कि जो भी योजना भेजी जाएगी, उसे शत प्रतिशत स्वीकृति प्रदान की जाएगी।